डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार । 22 मई 2026 । वर्ष-32, अंक-215, पृष्ठ-16

अधिक ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 06, संवत 2083 । डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

पेज 16

www.rastriyanaveenmail.com

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





डालटनगंज का तापमान

| मेदिनीनगर | गढ़वा |
|---|---|
| अधिक. 44.0° | अधिक. 46.2° |
| न्यून. 28.0° | न्यून. 29.5° |

## दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर सीएम हेमंत सोरेन ने दी श्रद्धांजलि, कहा

# वंचितों के लिए समर्पित रहा उनका पूरा जीवन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बड़े भाई स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के लोवाडीह स्थित दुर्गा सोरेन की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद कहा कि दुर्गा सोरेन के योगदान को याद करने का यह दिन है। उन्होंने कहा कि दुर्गा सोरेन ने अलग झारखंड राज्य की लड़ाई और वंचितों के अधिकारों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, दुर्गा सोरेन एक दूरदर्शी, संघर्षशील और जनभावनाओं से जुड़े नेता थे। उनका जीवन जन कल्याण के प्रति समर्पित रहा। शेष पेज 15 पर

### उनके संघर्ष से मिला अलग झारखंड : हेमंत



सीएम ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सभी लोग यहां एकत्रित होकर दुर्गा सोरेन को याद कर रहे हैं। उनके विचार और आदर्श हमेशा नई पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। शेष पेज 15 पर

## कुलपति सम्मेलन का राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया उद्घाटन, कहा

# झारखंड के विवि केवल डिग्री बांटने का केंद्र न बनें, कौशल विकास पर दें ध्यान

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल-सह-विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की जरूरत पर बल देते हुए कहा है कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने के केंद्र न बनें बल्कि उन्हें नवाचार और कौशल विकास का सशक्त केंद्र बनना होगा। राज्यपाल गुरुवार को रांची में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने दो टूक लहजे में कहा कि राज्य में स्कूली शिक्षा की स्थिति तो अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अभी बड़े सुधारों की दरकार है। राज्यपाल ने झारखंड में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) राष्ट्रीय औसत से काफी कम होने पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहगा कि उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट की समस्या भी गंभीर बनी हुई है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समय पर परीक्षा और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों के अभाव में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को राज्य से बाहर जाना पड़ रहा है। शेष पेज 15 पर

## दृष्टिपात

### डांट से नाराज बेटे ने कुदाल से की पिता की हत्या, गिरफ्तार

**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत शिंजो पंचायत के नायेकाबांध गांव में एक पुत्र ने मामूली विवाद में अपने ही पिता की कुदाल से हमला कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार राजकुमार सिंह ने बुधवार रात किसी बात को लेकर अपने पुत्र चंदन कुमार सिंह को डांट-फटकार लगाई थी। नाराज होकर चंदन ने घर में रखे कुदाल से पिता के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुदाल भी बरामद कर लिया। मृतक की पत्नी ने बताया कि चंदन मानसिक रूप से बीमार था और दो दिन पहले ही इलाज कराकर रांची से घर लाया गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### पति ने पत्नी व बच्ची की हत्या कर दफनाया

**पाकुड़।** जिला में महेशपुर प्रखंड के इच्छानगर गारामारा गांव में एक परिवार में हुए आपसी विवाद में पति ने अपनी पत्नी व मासूम बच्ची की निर्मम तरीके से हत्या कर दी और उसे दफना दिया। घटना बीते बुधवार देर रात्रि की है। गुरुवार को जब गांव में चर्चा हुई और महिला व बच्ची की खोजबीन लोगों ने की तो कुछ पता नहीं चला और मामले की जानकारी रद्दीपुर ओपी पुलिस को दी। इस घटना की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी संजय सिन्हा, ओपी प्रभारी अजय उपाध्याय दलबल के साथ पहुंचे और महिला व बच्ची की तलाश जारी की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

## सबसे बड़ा सरेंडर : राज्य के इतिहास में एक साथ सबसे अधिक नक्सलियों का आत्मसमर्पण

# 27 नक्सलियों का सरेंडर, छह पर था 5-5 लाख का इनाम

- इन नक्सलियों के खिलाफ राज्य के विभिन्न थानों में 426 गंभीर मामले हैं दर्ज
- सात सब जोनल कमांडर, सात एरिया कमांडर और 13 सक्रिय कैडर
- पुलिस मुख्यालय में डीजीपी तदाशा मिश्र और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ आत्मसमर्पण



### पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता और पुनर्वास सुविधाएं मिलेंगी

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सभी आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत आर्थिक सहायता और पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही हथियार जमा करने के एवज में निर्धारित राशि भी अलग से दी जाएगी। नक्सलियों के आत्मसमर्पण समारोह में आईजी पंकज कंबोज, आईजी प्रभात कुमार, आईजी सुनील बंसल, आईजी असीम विक्रांत मिंज, आईजी अनूप बिरथरे, आईजी मयूर पटेल कन्हैयालाल, डीआईजी, इन्द्रजीत महथा, डीआईजी मनोज रतन चौथे, डीआईजी कार्तिक एस, शैलेंद्र वर्णवाल, एसएसपी राकेश रंजन, एसपी हरिश बिन जमा, एसपी सौरभ समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षा बलों को अब तक की सबसे बड़ी सफलता मिली है। सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय 25 माओवादियों और प्रतिबंधित संगठन जेजेएमपी के दो उग्रवादियों समेत कुल 27 नक्सलियों ने गुरुवार को रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया। राज्य के इतिहास में एक दिन में हुआ यह अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक सरेंडर माना जा रहा है।

डीजीपी तदाशा मिश्रा और पुलिस-सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में इन नक्सलियों ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। आत्मसमर्पण करने वालों में आठ हार्डकोर नक्सली ऐसे हैं, जिन पर सरकार ने लाखों का इनाम घोषित कर रखा था। इनमें पांच लाख रुपए के छह नक्सली, दो लाख रुपए का एक और एक लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली शामिल है।

पुलिस के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाले इन उग्रवादियों के खिलाफ राज्य के विभिन्न थानों में कुल 426 गंभीर मामले दर्ज हैं। इन पर हत्या, पुलिस बलों पर हमला, लेवी वसूली, विस्फोट और हथियारबंद गतिविधियों जैसे आरोप हैं। शेष पेज 15 पर

### सिमडेगा का गृह रक्षक जवान रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**सिमडेगा।** जिला समाहरणालय कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गृह रक्षक जवान को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार जवान की पहचान राजू कुमार साह के रूप में हुई है, जो समाहरणालय कार्यालय में कार्यरत था। एसीबी की इस कार्रवाई के बाद कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार बानो थाना क्षेत्र के बुड़िसरी गांव निवासी श्रवण गोप ने एसीबी रांची में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि समाहरणालय कार्यालय से ड्यूटी दिलाने के नाम पर राजू कुमार साह द्वारा 7 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम ने मामले का सत्यापन किया, जिसमें रिश्वत मांगने की बात सही पाई गई।

## तेज रफ्तार का कहर

### आम के पेड़ से टकराई बाइक, तीन दोस्तों की मौत

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के उजड़ा गांव में बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे आम के पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान अक्षय केरकेट्टा (19), आर्यन टोप्पो (18) और संजीत केरकेट्टा (18) के रूप में हुई है। तीनों आपस में घनिष्ठ मित्र थे और एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार तीनों युवक बाइक से चैनपुर थाना क्षेत्र के डड़गांव गए थे। लौटने के दौरान डड़गांव के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित आम के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। शेष पेज 15 पर

## मनी लाउंड्रिंग मामले में पूजा सिंघल के पति के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट ने किया आरोप तय

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मनरेगा राशि के कथित मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के खिलाफ पीएमएलए कोर्ट ने आरोप तय कर दिया है। गुरुवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि केस रिकॉर्ड में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं, जिनके आधार पर अभिषेक झा के खिलाफ पीएमएलए एक्ट 2002 की धारा-3 के तहत मनी लाउंड्रिंग और धारा-4 के तहत दंडनीय अपराध का आरोप प्रथम दृष्टया स्पष्ट होता है। अदालत द्वारा आरोप समझाए जाने पर अभिषेक झा ने खुद को निर्दोष बताया और ट्रायल फेस करने की बात कही। इसके बाद कोर्ट ने औपचारिक रूप से आरोप तय कर दिया। सुनवाई के दौरान अभिषेक झा ने 25 मई से 31 मई तक प्रस्तावित सिंगापुर यात्रा का पूरा विवरण, संपर्क जानकारी और शपथ पत्र अदालत में दाखिल किया। कोर्ट ने उक्त दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर रख लिया। मामले में अगली सुनवाई 6 जून को निर्धारित की गई है। अगली तारीख पर एम/एस पल्स संजीवनी हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई होगी।

## छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न मामले में प्राचार्य को कोर्ट ने दोषी करार दिया

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी के एक प्रतिष्ठित स्कूल के पूर्व प्राचार्य मनोज कुमार सिन्हा उर्फ एमके सिन्हा को तीन साल पुराने छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार नंबर-2 की अदालत ने गुरुवार को यह फैसला सुनाया। मामले में सजा के बिंदु पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। एमके सिन्हा फिलहाल न्यायिक हिरासत में रहते हुए ट्रायल फेस कर रहे हैं। मामला मई 2022 का है। पीड़िता ने अरगोड़ा थाना में दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि प्रिंसिपल एमके सिन्हा बीपी चेक कराने के बहाने उन्हें अपने कमरे में बुलाते थे और अश्लील हरकत करते हुए शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाते थे।

एफआईआर दर्ज होने के बाद एमके सिन्हा फरार हो गए थे। पुलिस ने चार दिन बाद जमशेदपुर के टेल्को थाना क्षेत्र से उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में 18 जनवरी 2025 को अदालत ने आरोप गठित किया था। बाद में 21 नवंबर 2022 को झारखंड हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिली थी। हालांकि पीड़िता की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 20 जून 2025 को उनकी जमानत रद्द कर दी थी। शेष पेज 15 पर

## सीसीएल एम्बुलेंस में ऑक्सीजन नहीं, ग्रामीणों ने फर्स्ट एड भवन का किया घेराव

नवीन मेल संवाददाता




**बालूमाथ।** मगध सीसीएल परियोजना क्षेत्र के आरा गांव में गुरुवार को स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। सीसीएल कर्मी एवं विस्थापित भू-रैयत सतीश कुमार की छह वर्षीय पुत्री तनवी कुमारी की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजनों ने बच्ची को बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने हेतु सीसीएल से एम्बुलेंस मंगाई, लेकिन एम्बुलेंस में न तो ऑक्सीजन की व्यवस्था थी और न ही कोई मेडिकल स्टाफ मौजूद था। इसे लेकर परिजन एवं ग्रामीण भड़क उठे। आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ समय के लिए सीसीएल के फर्स्ट ऐड भवन का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि मगध सीसीएल परियोजना शुरू हुए लगभग सात वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अब तक यहां समुचित अस्पताल की व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों ने कहा कि आपातकालीन स्थिति में भी उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है और केवल दिखावे के लिए भवन एवं एम्बुलेंस रखे गए हैं। लोगों ने क्षेत्र में सुविधायुक्त अस्पताल की मांग की है।

## कावेरी रेस्टोरेंट के मालिक लव भाटिया की संदेहास्पद मौत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के प्रसिद्ध कावेरी रेस्टोरेंट के मालिक लव भाटिया उर्फ अभिमन्यु भाटिया का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। लव भाटिया द्वारा जहर खाकर सुसाइड करने की आशंका जाहिर की जा रही है। हालांकि पुलिस अब तक इसकी पुष्टि नहीं कर पाई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गुरुवार को लव भाटिया की अचानक तबीयत बिगड़ गई। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें तत्काल लालपुर स्थित एक अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों की विशेष टीम ने उन्हें बचाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। फिलहाल उनकी मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। परिवार की ओर से भी अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। वहीं, अस्पताल प्रबंधन ने भी मौत के कारणों को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी साझा नहीं की है। शेष पेज 15 पर



जहर खाकर सुसाइड की जताई जा रही है आशंका

## आज / कल




## मौसम

## मौसम विज्ञानी ने बताया-कुछ दिनों में और बढ़ सकता है पारा

# 45.2 डिग्री पहुंचा पलामू का तापमान

राणा अरुण सिंह



**मेदिनीनगर।** मई महीने में ही भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। दोपहर के समय सड़कें सूनी दिखीं और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार गर्मी अधिक तल्ख मानी जा रही है। मौसम का मिजाज अप्रैल से ही आक्रामक बना हुआ है और मई में सूरज की तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया है। पिछले साल जहां सुबह और शाम में कुछ राहत मिल जाती थी, वहीं इस बार देर रात तक गर्म हवाएं चल रही हैं। दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी बढ़ने से लोगों की परेशानी दोगुनी हो गई है। दोपहर के समय शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

बाजारों में भी सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ देखी गई। तेज धूप और लू जैसे हालात के कारण राहगीर छांव और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते नजर आए। अस्पतालों में भी गर्मी से जुड़ी समस्याओं वाले मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग अधिक प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी का असर बिजली और पानी की व्यवस्था पर भी पड़ने लगा है। कई इलाकों में बिजली कटौती और जल संकट की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और अधिक कठिन बताई जा रही है, जहां लोग दोपहर के समय खेतों में काम करने से बच रहे हैं।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की संभावना कम है। तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है तथा लू चलने की स्थिति बनी रह सकती है। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर नहीं निकलने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के भोजन करने की सलाह दी है।

**21 मई का अधिकतम तापमान आंकड़ों में**

| | |
|---|---|
| 2023 | 45.0° |
| 2024 | 47.6° |
| 2025 | 44.10° |
| 2026 | 45.20° |

## नेतरहाट में अवैध निर्माण पर प्रशासन सख्त, निर्माणाधीन होटल सील, एफआईआर दर्ज

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़ (लातेहार)।** नेतरहाट के संरक्षित क्षेत्र के समीप निर्माणाधीन होटल की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन होटल को सील कर दिया गया तथा संबंधित पक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

जानकारी के अनुसार नेतरहाट निवासी सुजीत उरांव द्वारा संरक्षित क्षेत्र के नजदीक होटल निर्माण कराया जा रहा था। मामले की सूचना मिलने के बाद महुआडांड़ अनुमंडल प्रशासन ने जांच शुरू की। जांच के दौरान प्रशासनिक टीम ने निर्माण स्थल पहुंचकर दस्तावेजों, विभागीय अनुमति एवं अन्य क्लियरेंस की समीक्षा की।

कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी-सह-अनुमंडल दंडाधिकारी बिपिन कुमार दुबे के नेतृत्व में की गई। मौके पर नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, पुलिस बल, वन विभाग के कर्मी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। संयुक्त टीम ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर वैधानिक प्रक्रियाओं की जांच की।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार निर्माण स्थल संरक्षित क्षेत्र की सीमा से लगभग एक किलोमीटर के दायरे में स्थित है। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में होटल, रिसॉर्ट या अन्य व्यावसायिक निर्माण के लिए पर्यावरणीय मानकों का पालन तथा विभिन्न विभागों से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। शेष पेज 15 पर

# चलती बाइक बनी आग का गोला, चालक ने कूदकर बचाई जान, कर्पूरी चौक पर मची अफरा-तफरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी (पलामू)।** पांकी थाना क्षेत्र के कर्पूरी चौक के समीप गुरुवार को एक चलती बाइक में अचानक आग लग जाने से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि बाइक चालक की सूझबूझ और स्थानीय लोगों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। घटना में चालक सुरक्षित बच गया, जबकि बाइक आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार उकसु गांव निवासी राहुल कुमार अपनी बजाज पल्सर बाइक से किसी काम से लौटकर घर जा रहे थे।




इसी दौरान कर्पूरी चौक के पास पहुंचते ही बाइक से अचानक धुआं निकलने लगा। पहले चालक कुछ समझ नहीं पाया, लेकिन कुछ ही सेकेंड में इंजन के हिस्से से आग की लपटें उठने लगीं। चलती बाइक में आग लगते ही राहुल कुमार घबरा गए, लेकिन उन्होंने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए बाइक सड़क किनारे रोक दी और उससे कूदकर दूर हट गए। देखते ही देखते बाइक धू-धू कर जलने लगी, जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सड़क से गुजर रहे वाहन रुक गए और मौके पर भारी भीड़ जुट गई। घटना के बाद काफी देर तक चौक पर लोगों की भीड़ लगी रही। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि बाइक में शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी के कारण आग लगी होगी। हालांकि वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। घटना ने एक बार फिर वाहन चालकों को समय-समय पर अपने वाहनों की जांच कराने और सतर्क रहने की जरूरत का एहसास कराया है।

### दुकानदारों और स्थानीय लोगों की तत्परता से टला बड़ा हादसा

पास के एक दुकानदार ने साहस का परिचय देते हुए बाल्टी में पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी सहयोग किया और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। लोगों की तत्परता के कारण आग आसपास की दुकानों और अन्य वाहनों तक नहीं फैल सकी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि समय रहते आग नहीं बुझाई जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वाले युवक सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की समय पर मदद कर मानवता की मिसाल पेश करने वाले हुसैनाबाद नगर पंचायत के कुर्मी टोला निवासी पवन कुमार पटेल और आलोक कुमार को जिला प्रशासन ने सम्मानित किया है। बुधवार को पलामू समाहरणालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने दोनों समेत कुल आठ गुड सेमेरिटीन (नेक व्यक्तियों) को दो-दो हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने कहा कि सड़क हादसों में घायल लोगों की मदद करना सबसे बड़ा मानवीय कार्य है। समय पर अस्पताल पहुंचाने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने ऐसे लोगों को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। पवन कुमार पटेल और आलोक कुमार के सम्मानित होने पर हुसैनाबाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। समाजसेवी प्रदीप पटेल (पीपी) ने दोनों युवकों का हौसला बढ़ाते हुए आगे भी ऐसे कार्य करने की अपील की। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव भी मौजूद थे।

## ग्रीष्मावकाश से पहले बच्चों की प्रतिभा का हुआ मूल्यांकन

हैदरनगर। स्थानीय माता देवरानी पब्लिक स्कूल में ग्रीष्मावकाश से पूर्व विद्यार्थियों की प्रतिभा मूल्यांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अवकाश का सदुपयोग करते हुए अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने सामूहिक जलपान का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन निदेशक जयप्रकाश कुशवाहा ने किया। मौके पर प्रधानाध्यापक पूनम कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## कम बारिश की आशंका से धान और भदई फसल उत्पादन पर संकट के बादल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज।** आगामी मानसून पर सुपर अल नीनो के प्रभाव के कारण औसत से कम बारिश होने की आशंका से किसान चिंतित नजर आने लगे हैं। संभावित कम वर्षा को देखते हुए धान और भदई फसलों की बोवाई को लेकर किसानों में निराशा बढ़ गई है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को केवल धान की खेती पर निर्भर नहीं रहने और कम पानी में तैयार होने वाली फसलों की खेती अपनाने की सलाह दी है। इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने की भी तैयारी की जा रही है। किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि कम वर्षा की स्थिति में भी खेती प्रभावित न हो। किसानों का कहना है कि परंपरागत रूप से रोहिणी नक्षत्र से खेती की शुरुआत होती रही है, लेकिन अब समय पर बारिश नहीं होने के कारण कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है। पिछले वर्ष भी देर से बारिश होने के बाद ही धान रोपनी शुरू हो सकी थी। इस बार सुपर अल नीनो के प्रभाव से और कम बारिश की आशंका ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने बताया कि भदई फसल, खासकर मक्का की खेती धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। पहले मक्का और दलहनी फसलें ग्रामीणों के भोजन का अहम हिस्सा होती थीं, लेकिन लगातार बदलते मौसम के कारण इनकी खेती प्रभावित हो रही है। किसानों ने सरकार से मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए मार्गदर्शन और सहयोग की मांग की है।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष के निर्वाचन को कोर्ट में चुनौती

- शपथ पत्र में गलत जानकारी देने का आरोप, न्यायालय ने जारी किया नोटिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद नगर पंचायत चुनाव के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्वाचित अजय कुमार भारती के निर्वाचन को निर्वाचन न्यायालय में चुनौती दी गई है। अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रहीं उषा देवी ने चुनाव परिणाम, पुनर्मतगणना और नामांकन के दौरान दाखिल शपथ पत्र में कथित गलत जानकारी देने का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की है। न्यायालय ने मामले को स्वीकार करते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि अजय




भारती ने अपनी चल-अचल संपत्ति, पत्नी के व्यवसाय और लंबित आपराधिक मामलों की पूरी जानकारी शपथ पत्र में नहीं दी। साथ ही उनकी पत्नी कलावती देवी को गृहिणी बताया गया, जबकि वे जन वितरण प्रणाली की दुकान संचालित करती हैं। मामले को लेकर स्थानीय राजनीति गर्म हो गई है।

### सतबरवा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

## झारखंड में विकास कार्य ठप जनता परेशान : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सतबरवा।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी का गुरुवार को सतबरवा स्थित कंचन ढाबा पेट्रोल पंप के समीप भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। लातेहार से बेतला जाने के क्रम में कुछ देर के लिए रुके बाबूलाल मरांडी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर और फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में विकास कार्य पूरी तरह ठप हो चुके हैं और आम जनता परेशानियों से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अंचल और प्रखंड कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है तथा अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं। गरीब और जरूरतमंद लोग अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए दफ्तरों का चक्कर काटने को मजबूर हैं। मरांडी ने कहा कि राज्य में कोयला और बालू की खुली लूट हो रही है। गरीबों को घर बनाने के लिए उचित दर पर बालू तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और लोग महंगे दामों पर सामग्री खरीदने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जनता की समस्याओं से पूरी तरह बेखबर है। स्वागत कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष ज्योति सिंह उर्फ पप्पू सिंह, प्रवेश यादव, संदीप यादव, अशर्फी यादव, फुलेश्वर सिंह, धर्मेंद्र यादव, उपेंद्र उरांव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

## नाली की पटिया हटने से बाजार में बढ़ी परेशानी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य बाजार मदरसा मार्केट के सामने नाली की पटिया हटाए जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार नाली सफाई के लिए पटिया हटाई गई थी, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी इसे दोबारा नहीं लगाया गया है। इससे बाजार में आवागमन प्रभावित हो रहा है और मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति बन रही है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द नाली की पटिया लगाकर सड़क को पूर्ववत बहाल करने की मांग की है।

## सड़क अतिक्रमण से बढ़ी परेशानी, कार्रवाई की मांग

### रास्ता संकरा होने से हर दिन लग रहा जाम, ग्रामीणों ने प्रशासन को सौंपा आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र में मुख्य सड़क पर बढ़ते कथित अतिक्रमण और निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्रांति चौक से अरुण मेडिकल तक जाने वाली सड़क पर पिलर गाड़कर किए जा रहे निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे निर्माण होने से मुख्य मार्ग काफी संकरा हो गया है, जिससे प्रतिदिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। बड़े वाहनों का आवागमन



लगभग बाधित हो चुका है, जबकि दोपहिया और चारपहिया वाहनों को भी निकलने में कठिनाई हो रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य बिना वैध अनुमति के कराया जा रहा है। सड़क भूमि पर लगातार बढ़ते कब्जे से भविष्य में स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले भी मामले को लेकर थाना में आवेदन दिया गया था। उस समय कुछ दिनों तक निर्माण कार्य बंद रहा, लेकिन बाद में दोबारा काम शुरू कर दिया गया। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। मुनी देवी, पारश साव, अवधेश गोसाई, कृष्णा साव, मो. नवाज, मो. हसीबुद्दीन, महेंद्र सोनी, मुकेश गोस्वामी, मो. दानिश और अनुज कुमार समेत दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क की नापी कराकर अतिक्रमण की जांच तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## ट्राई साइकिल मिलने से दिव्यांग युवक के चेहरे पर आई मुस्कान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने बभंडी पंचायत निवासी दिव्यांग धीरेंद्र कुमार गुप्ता को ट्राई साइकिल प्रदान की। इस दौरान प्रखंड उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान भी मौजूद रहे। ट्राई साइकिल मिलने के बाद धीरेंद्र कुमार गुप्ता ने खुशी जाहिर की। अधिकारियों ने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार लगातार सहायता उपलब्ध करा रही है।

## एक सप्ताह से लापता है ढाब कला गांव का युवक

**हरिहरगंज (पलामू)।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ढाब कला गांव निवासी संतन राम का 20 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार उर्फ गोलू पिछले 15 मई से लापता है। करीब एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों के अनुसार रौशन के लापता होने के बाद परिवार ने अपने स्तर से गांव, रिश्तेदारी और संभावित ठिकानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन अब तक उसका पता नहीं चल सका। पिता संतन राम ने हरिहरगंज थाना में लिखित आवेदन देकर मामले की जानकारी दी है तथा पुलिस से जल्द बेटे की बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## स्वच्छता जागरूकता को लेकर गांवों में चलाया अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि एवं जलसहियाओं ने विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों को घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखने, शौचालय निर्माण कराने तथा स्वच्छ पेयजल के महत्व की जानकारी दी गई। अभियान के तहत ग्रामीणों को खुले में शौच से बचने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

## नाबालिग युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के दक्षिणी सीमरसोत गांव में गुरुवार को एक नाबालिग युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार युवती की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। गुरुवार दोपहर घर में कोई सदस्य मौजूद नहीं था, इसी दौरान उसने फांसी लगा ली। गंभीर हालत में उसे अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। थाना प्रभारी तंजीलुल मन्नान मनउअर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## भीमचूल्हा के पास गहरी खंदक बनी हादसे का कारण

- पर्यटक स्थल पर सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल भीमचूल्हा के समीप बनी लंबी और गहरी खंदक लोगों के लिए खतरे का कारण बनती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के दौरान कादल गांव को डूबने से बचाने के लिए इस खंदक की खुदाई की गई थी, लेकिन अब तक इसे सुरक्षित ढंग से ढका नहीं गया है। पर्यटन स्थल विकसित होने के बाद यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचने लगे



हैं। मकर संक्रांति मेला, नववर्ष और मोटर बोट संचालन के दौरान भारी भीड़ जुटती है। ऐसे समय में संकरे पुल और खंदक के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने जिला पर्यटन संवर्धन समिति से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और खंदक को सुरक्षित कराने की मांग की है।

### भव्य कलश यात्रा के साथ रामचरितमानस महायज्ञ का शुभारंभ

## पथरही गांव भक्तिमय माहौल में डूबा, 29 मई तक होंगे धार्मिक आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय के समीप पथरही गांव में आयोजित रामचरितमानस नवाह पारायण महायज्ञ के 13वें अधिवेशन का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरा क्षेत्र राममय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नेता वरुण तिवारी, गौतम सिंह उर्फ डब्लू सिंह तथा समाजसेवी नवल किशोर राय ने कलश यात्रियों को कलश प्रदान कर किया। यज्ञ स्थल से निकली



यात्रा मलय नदी पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरा और पुनः यज्ञ स्थल लौटे। वहां पंडित प्रवीन मिश्रा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया। मौके पर अमित तिवारी ने कहा कि सनातन संस्कृति और धार्मिक चेतना को जीवित रखने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक हैं। वहीं वरुण तिवारी ने कहा कि मंत्रोच्चार और हवन से वातावरण शुद्ध एवं सकारात्मक बनता है। उन्होंने महायज्ञ के सफल आयोजन के लिए यज्ञ समिति को बधाई दी इस अवसर पर यज्ञ समिति की ओर से अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना भी की। यज्ञ समिति अध्यक्ष ध्रुव दुबे ने बताया कि 29 मई तक प्रतिदिन रामकथा, भजन-कीर्तन और प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 30 मई को सनातन धर्म सभा के तत्वावधान में भक्ति जागरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मणिकांत सिंह, राकेश सिंह, अंजनीकांत दुबे, श्याम किशोर दुबे, रामनारायण दुबे, नवनीत दुबे, ज्ञानचंद दुबे एवं रामकृष्ण दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**हैदरनगर।** चौकड़ी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े ग्रामीण इलाकों में गंभीर बिजली संकट गहराने लगा है। उपभोक्ताओं को 24 घंटे में मात्र 3 से 4 घंटे बिजली मिल रही है, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पिछले एक माह से बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है और पिछले एक सप्ताह में स्थिति और खराब हो गई है। उन्होंने स्थाई कनीय विद्युत अभियंता की नियुक्ति और कम से कम 20 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। सांसद प्रतिनिधि अजय जायसवाल, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान समेत कई लोगों ने आवेदन देकर चेतावनी दी है कि दो दिनों में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

## बोर्ड परीक्षा में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित




टॉप थ्री स्टूडेंट्स को मेडल और ट्रॉफी देकर बढ़ाया उत्साह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पीएमश्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट जैक बोर्ड परीक्षा में सफल टॉप थ्री विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मैट्रिक परीक्षा में खुशबू कुमारी, शशि कुमार चौधरी और नंदिनी कुमारी को सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय के मेधावी विद्यार्थियों को मेडल और ट्रॉफी देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार मेहता सहित कई शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### औचक निरीक्षण में डीसी का सख्त तेवर

# दिव्यांग को मिली ट्राई साइकिल अनुपस्थित कर्मियों को शोकॉज

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर/छत्तरपुर।** पलामू उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को छत्तरपुर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्था की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान बीडीओ सह सीओ कार्यालय में मौजूद नहीं मिले। जानकारी दी गई कि वे आंगनबाड़ी सेविका चयन कार्य से मुनकेरी गांव गए हैं। कार्यालय पहुंचते ही उपायुक्त सीधे अंचल अधिकारी कक्ष में पहुंचे और वहां मौजूद ग्रामीणों से उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान कई ग्रामीणों ने राजस्व, बंटवारा और अन्य मामलों से जुड़ी शिकायतें रखीं। जनसुनवाई के दौरान एक लगभग 70 वर्षीय वृद्ध लाठी के सहारे लड़खड़ाते हुए पहुंचे। वृद्ध की स्थिति देखकर उपायुक्त खुद आगे बढ़े, उन्हें सहारा देकर बैठाया और पूरी गंभीरता से उनकी समस्या सुनी। वृद्ध ने भूमि बंटवारे से जुड़ी शिकायत रखी, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। इसी दौरान कउल के दिनदाग गांव से आए दिव्यांग उपेंद्र यादव ने ट्राई साइकिल की मांग रखी। उन्होंने आशंका जताई कि अधिकारी की अनुपस्थिति में उन्हें फिर खाली हाथ लौटना पड़ेगा। इस पर उपायुक्त ने तत्काल निर्देश देते हुए कहा कि "आज आप बिना ट्राई साइकिल लिए नहीं जाएंगे।" इसके बाद ऑन स्पॉट प्रक्रिया पूरी कर उपेंद्र यादव को ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। निरीक्षण के बाद हुई समीक्षा बैठक में उपायुक्त का सख्त रुख देखने को मिला। कार्यालय अवधि में अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। वहीं अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना में प्लिंथ जियोटैग लंबित मिलने पर कई पंचायत सचिवों को शोकॉज जारी करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा बीपीओ से भी लापरवाही पर जवाब तलब किया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि बिना वजह आम लोगों को कार्यालयों का चक्कर लगवाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है।

## मातृ वंदना योजना को लेकर महिला पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को पलामू समाहरणालय के ए ब्लॉक स्थित न्यू सभागार में जिले की सभी महिला पर्यवेक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में योजना के तहत लाभार्थियों के पंजीकरण, सत्यापन और डीबीटी प्रक्रिया को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को प्रसव पूर्व और प्रसव बाद पर्याप्त आराम सुनिश्चित कराने के लिए मजदूरी हानि की आंशिक भरपाई के रूप में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। साथ ही महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना और दूसरी संतान के रूप में बालिका जन्म पर प्रोत्साहन देकर समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना भी योजना का प्रमुख लक्ष्य है। योजना के तहत सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की 18 वर्ष 7 माह से 55 वर्ष तक की गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को लाभ दिया जाता है। प्रथम गर्भधारण पर लाभार्थी को कुल पांच हजार रुपये दो किस्तों में प्रदान किए जाते हैं। इसमें पहली किस्त तीन हजार रुपये प्रथम एएनसी के बाद तथा दूसरी किस्त दो हजार रुपये बच्चे के जन्म के 14 सप्ताह बाद दी जाती है। वहीं दूसरी संतान के रूप में बालिका जन्म पर छह हजार रुपये की एकमुश्त सहायता राशि प्रदान की जाती है। राज्य स्तर से पीएमएमवीवाई कंसल्टेंट सुमित कुमार तथा जिला स्तर से महिला पर्यवेक्षिका एकता नाथ और जिला समन्वयक अनूप कुमार शर्मा ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान समेत जिले की सभी महिला पर्यवेक्षिकाएं मौजूद रहीं। प्रशिक्षण के बाद सभी महिला पर्यवेक्षकों को अपने-अपने परियोजना क्षेत्रों में आंगनबाड़ी सेविकाओं को भी प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया गया।

## भीषण गर्मी के बीच सार्वजनिक पनशाला शुरू

**मेदिनीनगर।** जेठ की प्रचंड गर्मी और लगातार गहराते जल संकट को देखते हुए झारखंड माटीकला बोर्ड के पलामू प्रमंडलीय कार्यालय परिसर में सार्वजनिक पनशाला का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समाजसेवी अविनाश देव ने फीता काटकर किया। इस दौरान राहगीरों को मिट्टी के ग्लास में पानी पिलाकर तथा चना-गुड़ खिलाकर सेवा की शुरुआत की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अविनाश देव ने कहा कि भीषण गर्मी, तपती धरती और आग उगलते आसमान ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया है। सड़क किनारे न तो पर्याप्त चापाकल हैं और न ही सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था है। ऐसे में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से यह पनशाला शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि पुराना को-ऑपरेटिव कैंपस स्थित माटीकला कार्यालय परिसर में शुरू की गई यह पनशाला वर्षभर संचालित की जाएगी। यहां राहगीरों, बाजार आने-जाने वाले लोगों, महिलाओं तथा स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को निःशुल्क पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर जिला सहकारिता विभाग के पदाधिकारी सौरभ कुमार, बीरेंद्र ठाकुर, प्रेम प्रकाश, अच्छेलाल गुरुजी, कार्यालय प्रभारी शोभा प्रजापति, सतीश प्रजापति, पंकज कुमार, संतोष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## राजीव गांधी ने आधुनिक भारत को नई दिशा दी : बिमला कुमारी



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को जिला अध्यक्ष बिमला कुमारी के नेतृत्व में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शहादत दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 10 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिमला कुमारी ने कहा कि आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखने में राजीव गांधी की दूरदर्शी भूमिका रही है। उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र से जोड़ने के लिए मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की तथा पंचायतों को अधिकार देकर लोकतंत्र को गांव-गांव तक सशक्त बनाया। प्रदेश सचिव रामचंद्र दीक्षित ने कहा कि वे बिमला कुमारी से प्रेरित होकर रक्तदान के लिए आगे आए। इस दौरान जिला महासचिव गोपाल त्रिपाठी, अभिषेक तिवारी, रंजन दुबे, राजा पाठक, नगर अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार टिकैत, ऊंटारी रोड प्रखंड अध्यक्ष संजीव सिंह उर्फ रिंकू सिंह, अनुज कुमार तिवारी, अवधेश राम, सैफ अली समेत कई लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर प्रदेश सचिव पूर्णिमा पांडेय, रामदेव यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, पंचायती राज जिला अध्यक्ष मुकेश सिंह चंदेल, जिला उपाध्यक्ष मिथलेश सिंह, सतेंद्र सिंह, संतोष चौबे, नसीम खान, नवल किशोर पाठक, रिजवान खान, राजेश चौरसिया, धनंजय पाठक, जितेंद्र कमलापुरी, विवेक त्रिपाठी, परीक्षित दुबे, दयाशंकर तिवारी, संजय वर्मन, सुनीता श्रीवास्तव, गजेंद्र चौरसिया, बबलू दुबे, उदय दुबे, गंगा देवी, वासुदेव शुक्ला, मो. गुलाम नबी, मुन्ना खान, सुधीर पासवान, आशीष ठाकुर, सुधीर सिंह, अनिल सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आधुनिक भारत के निर्माता थे राजीव गांधी : हृदयानंद मिश्र



**मेदिनीनगर।** राजीव गांधी विचार समिति पलामू की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शहादत दिवस पर पलामू क्लब, मेदिनीनगर में एक दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम समिति के संयोजक गोपाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें राजीव गांधी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश राजीव गांधी विचार समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हृदयानंद मिश्र उपस्थित रहे। उनका स्वागत शिक्षा विभाग झारखंड प्रदेश के चेयरमैन श्याम नारायण सिंह एवं समिति के संयोजक गोपाल सिंह ने बुके और माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि हृदयानंद मिश्र ने कहा कि राजीव गांधी दूरदर्शी और आधुनिक सोच वाले नेता थे। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, कंप्यूटर क्रांति तथा पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर भारत को नई दिशा दी। स्वागत भाषण में गोपाल सिंह ने कहा कि राजीव गांधी का जीवन राष्ट्रसेवा, आधुनिक चिंतन और युवाशक्ति को प्रेरित करने वाला रहा है। समिति उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार जनजागरण कार्यक्रम चलाती रहेगी। धन्यवाद ज्ञापन व्यास सिंह ने किया। कार्यक्रम में बिट्टू पाठक, रामदेव यादव, पूर्णिमा पांडेय, मुकेश सिंह चंदेल, सुरेंद्र पांडेय, धनंजय तिवारी, पंकज श्रीवास्तव, बिमला कुमारी, रिंकू सिंह, सुधीर सिंह, अनिल सिंह समेत सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े कई लोग उपस्थित थे।

## समर कैंप के समापन पर बच्चों ने की खूब मस्ती

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में आयोजित समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों ने जनगणना पदाधिकारियों के साथ जमकर मस्ती की। समापन समारोह में बच्चों के बीच उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को कलम देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही बच्चों ने जनगणना पदाधिकारियों के साथ शीतल पेय का आनंद उठाया।

प्रधानाध्यापक सह पर्यवेक्षक परशुराम तिवारी के नेतृत्व में शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर तथा लैब इंस्ट्रक्टर अनूप मिश्रा ने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में प्रगणक रवींद्र पाठक, मुन्ना लाल यादव, संतोष कुमार, नरेश कुमार दिनकर, विनोद कुमार यादव, राकेश कुमार सिंह, पंकज कुमार चौबे, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक पांडेय एवं बीआरपी सत्येंद्र पाठक ने बच्चों के साथ खुशियां साझा कीं। इस दौरान कई बच्चों ने प्रगणकों को पहचानते हुए कहा कि "सर, आप जनगणना के लिए हमारे घर आए थे।" इस पर प्रगणकों ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे फिर बच्चों के घर आएंगे। समापन समारोह से पूर्व विद्यालय परिसर में जुंबा डांस, कुर्सी दौड़ और साइकिल स्लो रेस जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि समर कैंप में बच्चों की सक्रिय भागीदारी से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और उनमें नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

## बिजली संकट पर झामुमो नेता ने खोला मोर्चा

- 46 डिग्री गर्मी में कटौती से बेहाल लोग, शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी



**मेदिनीनगर।** शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर झामुमो नेता सन्नी शुक्ला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक श्रवण कुमार से मुलाकात कर व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल में झामुमो नेता आशुतोष विनायक, वार्ड पार्षद रौशन कुमार नाग, किसान मोर्चा अध्यक्ष वशिष्ठ सिंह और युवा नेता मुकेश चौधरी शामिल थे। सन्नी शुक्ला ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच अनियमित बिजली आपूर्ति ने आम लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बिना किसी पूर्व सूचना के बार-बार बिजली काटे जाने से लोग परेशान हैं। आशुतोष विनायक ने कहा कि बिजली संकट का असर केवल घरेलू जीवन तक सीमित नहीं है, बल्कि पेयजल आपूर्ति, छोटे व्यवसाय, दुकानदारों और व्यापारिक गतिविधियों पर भी पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि मेदिनीनगर शहर में नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही समस्या के स्थायी समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनता के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

## विनोद पाठक ने दिखाई इंसानियत गंभीर घायल युवक की बचाई जान

- सीटी स्कैन से लेकर इलाज तक का खर्च उठाकर बना सहारा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की जान बचाने में कांग्रेस नेता विनोद पाठक उर्फ सीटू पाठक की तत्परता चर्चा का विषय बनी हुई है।वर्तमान पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव विनोद पाठक तथा मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ने घायल युवक के इलाज में तत्काल सहयोग कर मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार घायल युवक की हालत बेहद गंभीर थी। चिकित्सकों के अनुसार उसका न तो ब्लड प्रेशर मिल रहा था और न ही पल्स। ऐसे नाजुक समय में विनोद पाठक अस्पताल पहुंचे और बिना देर किए सीटी स्कैन सहित आवश्यक इलाज की व्यवस्था कराई। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि पीड़ित परिवार पर इलाज का कोई आर्थिक बोझ न पड़े। कांग्रेस नेताओं की ओर से दवा, जांच और अन्य जरूरी चिकित्सा सुविधाओं का पूरा खर्च वहन किया गया। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता भी दी गई। समय पर इलाज मिलने से युवक की जान बच सकी। मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि विनोद पाठक हमेशा गरीब और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहते हैं। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रेम श्रीवास्तव के निधन पर कायस्थ महासभा ने जताया शोक

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, पलामू के तत्वावधान में जेलहाता स्थित जिला कार्यालय परिसर में महासभा के संरक्षक, झारखंड प्रदेश कायस्थ महासभा के उपाध्यक्ष एवं भाजपा उद्योग मंच के पूर्व अध्यक्ष प्रेम श्रीवास्तव उर्फ आनंद प्रकाश के असामयिक निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चित्रांश समाज के लोग शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रसुन्न कुमार ने की, जबकि संचालन संजय राज ने किया। वक्ताओं ने प्रेम श्रीवास्तव के सामाजिक, राजनीतिक और संगठनात्मक योगदान को याद करते हुए उन्हें मिलनसार एवं कुशल नेतृत्वकर्ता बताया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अविनाश वर्मा ने उनके साथ बिताए अनुभव साझा करते हुए चर्च रोड का नाम बदलकर "प्रेम पथ" करने की मांग महापौर से उठाने की बात कही।

### अनाथ बेटी का हाथ थाम इंसानियत की मिसाल, डॉ. कौशल दंपती ने कराया कन्यादान

**छतरपुर (पलामू)।** सुदूरवर्ती पाटादोहर गांव में बुधवार की रात मानवता, संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी की अनूठी मिसाल देखने को मिली। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता "ट्री मैन" डॉ. कौशल किशोर जायसवाल और उनकी धर्मपत्नी सह डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने अनाथ युवती बरती कुमारी का पूरे रीति-रिवाज और सम्मान के साथ विवाह कराकर कन्यादान किया। बरती कुमारी स्वर्गीय सुकुल सिंह की पुत्री हैं। उनका विवाह अर्जुन सिंह के साथ संपन्न कराया गया। विवाह समारोह में डॉ. कौशल दंपती ने नवदंपती को बर्तन, वस्त्र और आशीर्वाद स्वरूप अमरूद एवं कपूर के पौधे भेंट किए। साथ ही बारातियों के बीच भी पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बताया गया कि डॉ. कौशल किशोर जायसवाल और मुखिया पूनम जायसवाल अब तक 22 अनाथ एवं गरीब बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग देकर कन्यादान करा चुके हैं।


## जिला स्तरीय जूनियर बालिका खो-खो चयन प्रतियोगिता संपन्न

- 110 खिलाड़ियों ने दिखाया दम, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुईं खिलाड़ी



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में गुरुवार को जिला एथलेटिक्स स्टेडियम बारालोटा में जिला स्तरीय जूनियर बालिका खो-खो चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों की लगभग 110 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन पलामू जिला ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष सह खो-खो सचिव कमलानंद दुबे एवं सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता का संचालन खो-खो कोच निरंतर कुमार और प्रीति कुमारी के निर्देशन में किया गया। रेफरी की भूमिका में रमन सिंह, रंजीत कुमार सिंह, हीरा ठाकुर, लक्ष्मण कुमार, राहुल कुमार, मनीष कुमार, आर्यन कुमार, नीलकंठ जी, अनीता यादव एवं प्रियंका कुमारी शामिल रहे। एसोसिएशन के कार्यकारी सचिव निरंजन कुमार ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को एक सप्ताह तक प्रतिदिन शाम चार बजे से प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी 29 मई को जामताड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पलामू जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। चयनित खिलाड़ियों में बीसी मिशन गर्ल्स हाई स्कूल की फिजा परवीन, सोनी खातून, तमन्ना खातून, पल्लवी कुमारी, तनु कुमारी व रिया कुमारी, आरके प्लस टू हाई स्कूल लेस्लीगंज की गुंजा कुमारी व अंजली कुमारी, एमकेएनजीजीपीएस की पीहू रानी व काजल रानी, गिरवर प्लस टू इंटर कॉलेज की पूजा कुमारी तथा ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल और सेंट जेवियर अकादमी की कई खिलाड़ी शामिल हैं।

### 106 चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र, स्वास्थ्य योजनाओं की हुई व्यापक समीक्षा

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं गुणवत्तापूर्ण इलाज सुनिश्चित करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**




**मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए जमीनी स्तर पर निगरानी मजबूत करने का निर्देश**

उपायुक्त ने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए जमीनी स्तर पर निगरानी मजबूत करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, ब्लड बैंक, यूडीआईडी, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा, गैर-संचारी रोग कार्यक्रम, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक, आसाध्य रोग योजना एवं राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन की भी समीक्षा की गई।

**गढ़वा।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य एवं जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. जॉन एफ कैनेडी समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक शुरू होने से पूर्व जिला स्तर पर विभिन्न पदों के लिए चयनित 106 अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करते हुए उपायुक्त ने सांकेतिक रूप से 15 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को सदर अस्पताल में प्रशिक्षण पूरा कर जल्द कार्यभार संभालने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि नई नियुक्तियों से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में गति आएगी। उन्होंने सभी कर्मियों से निष्ठा, पारदर्शिता एवं जनहित की भावना से कार्य करने की अपील की। समीक्षा बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, पोषण सेवाएं, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम, सिकल सेल स्क्रीनिंग, बीपीएचयू, एम्बुलेंस सेवा एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने लाभुकों तक योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचाने तथा डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त ने सभी सीएचसी एवं पीएचसी में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि आम लोगों को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को लगातार फील्ड विजिट करने, योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करने तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## तरणताल में शिशु वाटिका के भैया-बहनों ने की जमकर मस्ती

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को शिशु वाटिका के भैया-बहनों ने तरणताल गतिविधि के दौरान जमकर मस्ती की। सुसज्जित तरणताल में पानी के फव्वारों के बीच बच्चों ने खेल, गीत और नृत्य का आनंद लिया। इस दौरान विद्यालय परिसर बच्चों की खुशियों से गुलजार रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि शिशु वाटिका की शैक्षिक व्यवस्था के 12 आयामों में तरणताल एक महत्वपूर्ण आयाम है। वहीं वाटिका प्रमुख आचार्या नीति कुमारी ने बताया कि विद्यालय में छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए चित्र पुस्तकालय, कला शाला, क्रीड़ांगन, विज्ञान प्रयोगशाला, रंगमंच, वस्तु संग्रहालय एवं उद्यान जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। तरणताल गतिविधि को सफल बनाने में आचार्या आरती श्रीवास्तव, सुप्रिया कुमारी, खुशबू सिंघल, रेणु पाठक, पूर्णिमा कुमारी, सलोनी कुमारी, तन्वी जोशी, अनामिका कुमारी एवं अदिति कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हिंदुस्तान ओलंपियाड परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को मिला प्रमाण पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** हिंदुस्तान अखबार द्वारा आयोजित हिंदुस्तान ओलंपियाड परीक्षा 2025-26 में शामिल विद्यार्थियों को गुरुवार को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। एसडी मेमोरियल एकेडमी के करीब तीन दर्जन छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल हुए थे। विद्यालय के छात्र फकरे आलम ने 74.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने वर्ग में जिले में चौथा स्थान हासिल किया, जबकि सूर्यकांत गुप्ता ने 74 प्रतिशत अंक लाकर पांचवां स्थान प्राप्त किया। वहीं अक्सा प्रवीण ने अपने वर्ग में छठा तथा ऋषिकांत गुप्ता ने 77 प्रतिशत अंक के साथ सातवां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा वर्षा गुप्ता, पुनीत कुमार, हिमांशु कुमार, आराध्या पांडे, ए आनंद कुमार, आरजू मुस्तफा, कुश कुमार, लव कुमार, सुशील कुमार, हर्षिता चौबे, आदर्श कुमार, सबा प्रवीण, अनुराधा कुमारी, रोशन प्रजापति, दीपिका कुमारी एवं अन्य विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने से बच्चों को परीक्षा पैटर्न, तैयारी और ओएमआर शीट भरने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां मिलती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

## सोनेहरा पंचायत में विकास योजनाओं में गड़बड़ी का आरोप, वार्ड सदस्यों ने सौंपा आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**




**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र की सोनेहरा पंचायत में विकास योजनाओं में अनियमितता और अवैध राशि निकासी के आरोप को लेकर वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन सौंपा है। आवेदन में मुखिया और पंचायत सचिव पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। वार्ड सदस्यों का कहना है कि पिछले चार वर्षों से पंचायत में नियमित कार्यकारिणी बैठक नहीं हुई। आरोप है कि कई योजनाओं का चयन बिना जानकारी दिए कर लिया गया और फर्जी हस्ताक्षर के आधार पर राशि निकासी कर ली गई। शिकायतकर्ताओं ने मनरेगा योजनाओं में भी अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना मजदूर लगाए मोबाइल से उपस्थिति दर्ज कर भुगतान किया जा रहा है। साथ ही पुरानी योजनाओं को दोबारा दिखाकर राशि निकासी करने का भी आरोप लगाया गया है। आवेदन में नाली निर्माण, जलमीनार मरम्मत एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसी योजनाओं में गड़बड़ी का उल्लेख किया गया है। वार्ड सदस्यों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन देने वालों में उपमुखिया चांदनी कुमारी सहित कई वार्ड सदस्य शामिल हैं।

## रिश्वत लेकर भी म्यूटेशन नहीं करने का आरोप, प्रमुख ने उपायुक्त से की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रमना।** अंचल कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार और जमीन म्यूटेशन में अनियमितता को लेकर मामला गरमा गया है। प्रमुख करुणा सोनी ने उपायुक्त गढ़वा को आवेदन देकर अंचल कर्मी एवं कथित दलालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रमुख ने आरोप लगाया कि कुछ ग्रामीणों से म्यूटेशन कराने के नाम पर प्रति केवाला पांच हजार रुपये लिए गए, लेकिन लंबे समय बीतने के बाद भी कार्य नहीं हुआ। शिकायत के बाद अंचल कर्मी दिवाकर सिंह द्वारा रिश्वत की राशि लौटाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रमुख ने बताया कि शिकायत की जानकारी लेने के लिए संबंधित कर्मी को बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने आने से इनकार कर दिया। बाद में अंचल कार्यालय पहुंचने पर उनसे अभद्र व्यवहार किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि अंचल कार्यालय में दलालों का बोलबाला है और बिना पैसे के कार्य नहीं हो रहा। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। अब लोगों की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है।

## विद्यार्थियों को दी गई सड़क सुरक्षा व परिवहन नियमों की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेराल।** सड़क सुरक्षा को लेकर गुरुवार को मेराल थाना पुलिस द्वारा प्रखंड मुख्यालय स्थित एसडी मेमोरियल एकेडमी एवं बाना हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना के एएसआई रबूल अंसारी ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते समय सुरक्षा मानकों का पालन करना सभी के लिए जरूरी है, ताकि स्वयं के साथ-साथ दूसरों का जीवन भी सुरक्षित रह सके। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों और आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। एएसआई ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात एवं हेलमेट अनिवार्य रूप से साथ रखें। साथ ही बाइक पर दो से अधिक लोगों के सवार होने से बचें। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का वाहन चलाना कानूनन अपराध है। यदि नाबालिग वाहन चलाते पकड़े जाते हैं तो उनके अभिभावकों पर जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा चारपहिया एवं अन्य बड़े वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने की भी सलाह दी गई। मौके पर विद्यालय के निदेशक ब्रजेश कुमार मिश्र, प्राचार्य अरुण कुमार, अमरेंद्र कुमार मिश्र, मृत्युंजय पांडे, जयप्रकाश पांडे, धर्मेंद्र पासवान, अंशु जायसवाल, इरशाद आलम, शिक्षिका देव कीर्ति टोप्पो, अनिमा कुजूर, मीना केरकेट्टा, बबीता कुमारी, नसरीन खातून सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विद्यालयों में चला वित्तीय साक्षरता अभियान विद्यार्थियों को दी गई साइबर सुरक्षा की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं और साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। अभियान का संचालन सीएफएल कोऑर्डिनेटर विशाल Kumar एवं ट्रेनर मृणालनी चक्रधारी के नेतृत्व में किया गया। विद्यार्थियों को बैंक खाता संचालन, डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन लेनदेन में सावधानी, एटीएम और यूपीआई के सुरक्षित इस्तेमाल की जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षकों ने छात्रों को साइबर ठगी से बचने और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पांकी में होटल की छत से गिरे दो नाबालिग, हालत गंभीर

### रेलिंग टूटने से हुआ हादसा, घटना के बाद रेस्टोरेंट बंद कर संचालक फरार

**नवीन मेल संवाददाता**






**पांकी।** थाना क्षेत्र के शहीद भगत सिंह चौक स्थित "खाना खजाना" नामक रेस्टोरेंट में गुरुवार शाम बड़ा हादसा हो गया। होटल की तीसरी मंजिल की छत से रेलिंग टूटने के कारण दो नाबालिग नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों नाबालिग होटल की छत पर मौजूद थे। इसी दौरान वे रेलिंग के पास खड़े थे कि अचानक रेलिंग टूट गई और दोनों सीधे नीचे जा गिरे। करीब तीन मंजिल की ऊंचाई से गिरने के कारण दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। स्थानीय लोगों ने होटल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि छत की रेलिंग काफी जर्जर थी, लेकिन उसकी मरम्मत नहीं कराई गई थी। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त की जाती तो यह हादसा टल सकता था। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि होटल में देर रात तक भीड़ लगी रहती है और वहां संदिग्ध गतिविधियों की चर्चाएं भी होती रही हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हादसे के बाद होटल संचालक रेस्टोरेंट बंद कर मौके से फरार बताया जा रहा है। घटना को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## असामाजिक तत्वों ने स्कूल के तीन नल तोड़े, मध्याह्न भोजन व्यवस्था प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** प्रखंड के मध्य विद्यालय खोनहर में असामाजिक तत्वों द्वारा विद्यालय परिसर में लगे तीन नलों को तोड़ दिए जाने से पेयजल संकट उत्पन्न हो गूया है। घटना के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव सिंह ने बताया कि बुधवार रात कुछ लोगों ने विद्यालय परिसर में लगे नलों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके कारण मध्याह्न भोजन बनाने के लिए करीब एक किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। बच्चों को भी पानी पीने के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि तीन महीने पहले भी जल-नल योजना के तहत लगे नल को क्षतिग्रस्त किया गया था। मामले की शिकायत थाना में की गई थी। विद्यालय प्रबंधन ने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और नलों की मरम्मत कराने की मांग की है।

## छत्तरपुर नगर पंचायत में ट्रैफिक और अतिक्रमण पर डीसी सख्त

- ऑटो स्टैंड, सफाई और बाजार व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर/छत्तरपुर।** पलामू उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को छत्तरपुर नगर पंचायत कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली, होल्डिंग टैक्स व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने होल्डिंग टैक्स निर्धारण एवं संग्रहण प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए इसे पारदर्शी और सरल बनाने का निर्देश दिया। इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी विजय केरकेट्टा और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर ट्रैफिक, सफाई, सड़क अतिक्रमण, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और सौंदर्यीकरण जैसे मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सरईडीह मोड़ और जपला मोड़ पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए पुलिस जवानों की तैनाती की मांग उठाई गई। इस पर उपायुक्त ने ट्रैफिक व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने ऑटो स्टैंड की समस्या को गंभीर बताते हुए नगर क्षेत्र में उपयुक्त जमीन चिन्हित कर व्यवस्थित ऑटो स्टैंड विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे जाम की समस्या कम होगी और यातायात व्यवस्था सुगम बनेगी। साथ ही नगर क्षेत्र को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए नियमित सफाई अभियान, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और कचरा निष्पादन प्रणाली को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

## बीजडीह मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**केतार।** थाना क्षेत्र के बीजडीह गांव में युवक के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के अनुसार बीजडीह निवासी गोलू कुमार चौधरी ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्तों ने उसके और उसके दोस्त के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि पुलिस ने नामजद आरोपी रुपेश ठाकुर उर्फ रुपेश कुमार और छोटन ठाकुर को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।

## समर कैंप में बच्चों ने जाना प्रशासन का कामकाज समाहरणालय का किया शैक्षणिक भ्रमण

**नवीन मेल संवाददाता**



**खरौंधी।** अयांश इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप के तहत छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर गढ़वा समाहरणालय ले जाया गया। इस दौरान बच्चों ने समाहरणालय परिसर का भ्रमण कर प्रशासनिक कार्यों को करीब से समझा। भ्रमण के दौरान बच्चों और शिक्षकों की मुलाकात गढ़वा के उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा से हुई। डीडीसी ने बच्चों को प्रशासनिक व्यवस्था, सरकारी योजनाओं के संचालन और जनहित से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाहरणालय में आम लोगों की समस्याओं का समाधान किस प्रकार किया जाता है। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सवाल पूछे, जिनका डीडीसी ने सरल भाषा में जवाब दिया। बच्चों के अनुशासन और सीखने की जिज्ञासा की सराहना करते हुए उन्होंने मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में समर कैंप में शामिल सभी छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र वितरित किया गया। डीडीसी के हाथों प्रमाण पत्र पाकर बच्चों में खास उत्साह देखा गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार मेहता ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है और उन्हें नई दिशा मिलती है। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक आर.के. सिंह सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## 100 वर्षीय फुलवा देवी के निधन पर मुखिया ने बढ़ाया मदद का हाथ

**रंका।** सोनदाग पंचायत अंतर्गत भलुआनी गांव के गोता टोला में 100 वर्षीय फुलवा देवी के निधन से गांव में शोक की लहर फैल गई। निधन की सूचना मिलते ही पंचायत की मुखिया रीमा देवी मृतका के घर पहुंचीं और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। मुखिया रीमा देवी ने दाह संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि पंचायत का हर परिवार उनका अपना परिवार है और दुख की घड़ी में वह हमेशा लोगों के साथ खड़ी रहेंगी। ग्रामीणों ने बताया कि मुखिया रीमा देवी हमेशा लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनती हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहती हैं। ग्रामीणों ने उनकी संवेदनशीलता और जनसेवा की भावना की सराहना की।

## 17 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा माले का प्रदर्शन, पीएम का पुतला फूंका



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। इसके बाद प्रखंड कार्यालय पहुंचकर 17 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मांगों में भूमि विवाद, वनाधिकार, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी समस्याओं के समाधान की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने मजदूरों को 300 दिन रोजगार देने, समय पर मजदूरी भुगतान और प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की भी मांग उठाई। नेताओं ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

### अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

## बकरीद को लेकर पुलिस अलर्ट, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**गढ़वा।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी थाना और ओपी प्रभारियों को आगामी बकरीद पर्व को लेकर विशेष सतर्कता बरतने तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का निर्देश दिया गया। गोष्ठी की शुरुआत में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना क्षेत्रों में मॉक ड्रिल कराने, संवेदनशील एवं धार्मिक स्थलों पर गश्त बढ़ाने तथा बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया। साथ ही दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने वर्ष 2023 तक के लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन करने पर जोर दिया। अनुसंधानकर्ताओं को अनुसूचित जाति-जनजाति एवं पॉक्सो अधिनियम से जुड़े मामलों की जांच में विशेष गंभीरता बरतने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा नक्सल मामलों के त्वरित निष्पादन, कैदियों के अंगुलियों के निशान की प्रविष्टि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट समय पर प्राप्त करने तथा वारंट एवं कुर्की निष्पादन में तेजी लाने को कहा गया। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर हादसों में कमी लाने के लिए विशेष उपाय करने का निर्देश दिया। वहीं गश्ती दलों की निगरानी क्यूआर कोड के माध्यम से करने, चरित्र एवं पासपोर्ट सत्यापन कार्यों में तेजी लाने तथा साइबर अपराध, चोरी, लूट, डकैती, मादक पदार्थ और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम से जुड़े मामलों की नियमित समीक्षा करने को कहा गया। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को ऑनलाइन साक्ष्य प्रणाली में मामलों की प्रविष्टि सुनिश्चित करने तथा लंबित अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिले की विधि-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा अपराध नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

# बरवाडीह में रसोई गैस संकट गहराया उपभोक्ताओं को घंटों लगानी पड़ रही कतार

- बिना बुकिंग ओटीपी भेजकर डिलीवरी दिखाने का आरोप, एजेंसी पर प्राथमिकी दर्ज

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार/बरवाडीह।** प्रखंड क्षेत्र में रसोई गैस की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नियमित गैस आपूर्ति नहीं होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हो गए हैं कि लोग लॉकडाउन जैसे संकट का सामना करने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कोरोना लॉकडाउन के दौरान भी आसानी से गैस सिलेंडर उपलब्ध हो जाता था, लेकिन वर्तमान में स्थिति बेहद खराब हो गई है। स्थानीय गैस एजेंसी द्वारा नियमित आपूर्ति नहीं किए जाने के कारण उपभोक्ताओं को तेज धूप और भीषण गर्मी में घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। इसके बावजूद कई लोगों को गैस नहीं मिल पा रही और उन्हें खाली सिलेंडर लेकर वापस लौटना पड़ रहा है।

फिलहाल चैनपुर और हेरहंज की गैस एजेंसियों के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सिलेंडर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन इससे भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। वर्षों बाद एक बार फिर लोगों को पुराने दिनों की तरह लंबी कतारों में खड़े होकर गैस लेने की नौबत आ गई है।

उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बिना गैस बुकिंग किए ही उनके मोबाइल पर ओटीपी भेजकर सिलेंडर की डिलीवरी दिखा दी गई, जबकि वास्तव में उन्हें गैस उपलब्ध नहीं कराई गई। इसको लेकर लोग लगातार स्थानीय गैस एजेंसी और प्रखंड आपूर्ति कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं।

इधर, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुमित तिवारी ने बताया कि स्थानीय सिंह गैस एजेंसी के खिलाफ अनियमितता की शिकायत मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा कि अन्य एजेंसियों के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था कर उपभोक्ताओं को राहत देने का प्रयास किया जा रहा है।

## डीजल संकट से चंदवा में बढ़ी परेशानी, आंदोलन की चेतावनी

- खुदरा उपभोक्ताओं को डीजल नहीं मिला तो सड़क पर उतरेंगे : सौरभ

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** लातेहार जिले के चंदवा और आसपास के क्षेत्रों में डीजल संकट गहराने लगा है। कई पेट्रोल पंपों पर खुले रूप में डीजल नहीं मिलने से छोटे व्यवसायियों, किसानों और मैकेनिकल कार्यों से जुड़े लोगों के सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गैलन में डीजल नहीं मिलने से आटा चक्की, होटल, वेल्डिंग, फेब्रिकेशन, गैराज और कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। खेती का समय नजदीक आने से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं कर रहा है। झामुमो नेता सौरभ श्रीवास्तव ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि आम जनता को परेशान होने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही छोटे उपभोक्ताओं को डीजल उपलब्ध नहीं कराया गया, तो प्रशासन और कथित जमाखोरों के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक निर्देश जारी कर खुदरा उपभोक्ताओं को भी नियमों के तहत डीजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

## 14 एकड़ जमीन जालसाजी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**चंदवा।** चंदवा थाना पुलिस ने 14 एकड़ जमीन की कथित जालसाजी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर की गई। पुलिस के अनुसार, चंदवा थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत स्थित रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग किनारे की जमीन को फर्जी तरीके से बेचने के आरोप में राहुल कुमार के आवेदन पर थाना कांड संख्या 141/23 दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सुरेश कुमार उर्फ अजय कुमार, निवासी बीआईटी मेसरा रांची, को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच में आरोपी की संलिप्तता सामने आने के बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बताया जा रहा है कि एनएच-75 किनारे कीमती जमीनों पर भूमाफियाओं और दलालों की नजर लगातार बनी हुई है।

## मंडल कारा में विधिक सहायता व स्वास्थ्य शिविर आयोजित

- प्रधान जिला जज ने जेल का निरीक्षण कर बंदियों की समस्याएं सुनीं

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) लातेहार के तत्वावधान में गुरुवार को मंडल कारा लातेहार में विधिक सहायता सह स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डीएलएसए अध्यक्ष शेषनाथ सिंह ने किया।

शिविर में सदर अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने सभी बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर एवं मौसमी बीमारियों की जांच कर आवश्यक परामर्श और निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

प्रधान जिला जज शेषनाथ सिंह ने कहा कि जेल में रहने के बावजूद बंदियों के कानूनी और मानवीय अधिकार समाप्त नहीं होते। उन्होंने कहा कि कोई भी बंदी स्वास्थ्य सुविधा और कानूनी जानकारी के अभाव में परेशान न हो, यह डीएलएसए की प्राथमिकता है।

डीएलएसए सचिव शिवम चौरसिया ने बंदियों को निःशुल्क कानूनी सहायता, सरकारी अधिवक्ता, जमानत और अपील प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बंदी जेल में तैनात पीएलवी और हेल्प डेस्क के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम के बाद प्रधान जिला जज ने मंडल कारा का औचक निरीक्षण भी किया। उन्होंने वार्डों की साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता और बंदियों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। मौके पर जेल अधीक्षक प्रभात कुमार, डीएलएसए कर्मी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## जैन मंदिर से चोरी हुई 100 वर्ष पुरानी अष्टधातु प्रतिमा बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**चतरा/इटखोरी।** इटखोरी थाना क्षेत्र स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से चोरी हुई करीब 100 वर्ष पुरानी अष्टधातु निर्मित 24 तीर्थंकर प्रतिमा मामले का पुलिस ने महज दो घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई प्रतिमा बरामद कर ली है। घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 20 मई को इटखोरी निवासी ताराचंद जैन के आवेदन पर इटखोरी थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए इटखोरी थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मयूरहंड थाना क्षेत्र निवासी आरोपी संदीप सिंह को गिरफ्तार किया।

## मुख्यमंत्री से मिले विधायक रामचंद्र सिंह, क्षेत्रीय विकास के मुद्दों को उठाया

- हेमंत सोरेन ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित, मेडिकल कॉलेज और अनुमंडल गठन की मांग



**लातेहार।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने गुरुवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। मुख्यमंत्री के आमंत्रण पर पहुंचे विधायक को हेमंत सोरेन ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मुलाकात के दौरान विधायक रामचंद्र सिंह ने बरवाडीह को अनुमंडल बनाने, छिपादोहर को प्रखंड का दर्जा देने, पर्यटन विकास को बढ़ावा देने तथा शिक्षा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने की मांग रखी। साथ ही उन्होंने लातेहार में मेडिकल कॉलेज खोलने और टाइगर प्रोजेक्ट से प्रभावित विकास कार्यों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध कराने की आवश्यकता भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

विधायक ने मुख्यमंत्री को बेतला और नेतरहाट भ्रमण के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय विकास से जुड़े प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया।

## 324 किलो अवैध अफीम डोडा बरामद, दो वाहन जब्त



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/सिमरिया।** चतरा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 324 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने दो चारपहिया वाहनों को जब्त किया, जबकि चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने प्रेस वार्ता में बताया कि 20-21 मई की रात गुप्त सूचना मिली थी कि चतरा से सिमरिया की ओर एक अर्टिगा और होंडा अमेज कार में अवैध अफीम डोडा ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन कर चतरा-सिमरिया मार्ग पर वाहन जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान पुलिस ने दोनों संदिग्ध वाहनों का पीछा कर चौराही के पास रोक लिया। हालांकि वाहन चालक जंगल की ओर भाग निकले। तलाशी में अर्टिगा वाहन संख्या जेएच 01 जीबी 5033 से 169 किलोग्राम और होंडा अमेज संख्या जेएच 05 डीके 7025 से 155 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद किया गया।

इस संबंध में सिमरिया थाना कांड संख्या 94/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15(सी)/29 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## सुदूर गांवों में विकास योजनाओं की सौगात, जिप उपाध्यक्ष ने किया शिलान्यास



- ग्रामीण विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता : अनीता देवी

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बालूमाथ प्रखंड की रजवार पंचायत अंतर्गत कुरियाम खुर्द गांव में दो महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। 15वें वित्त आयोग योजना के तहत चार मुहान से गमहेल थान तक नाली निर्माण तथा बड़का बांध मरम्मत कार्य की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और नारियल फोड़कर की गई। इस दौरान जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होने से लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। नाली निर्माण से जलनिकासी और स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी, जबकि बांध मरम्मत से किसानों को सिंचाई और जल संरक्षण में लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में उनके पति सह प्रशासनिक सेवा अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। अनीता देवी ने संवेदक को गुणवत्ता और समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश भी दिया।

## भाजपा कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच मजबूत सेतु : दीपक प्रकाश

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी के दीनदयाल प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल और पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

शिविर में जिले भर से पहुंचे कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कौशल, राष्ट्र सेवा, जनसंपर्क और केंद्र सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया गया। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है।

प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर राजनीतिक शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास का भी मंच है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को अनुशासन, संगठन और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए तैयार किया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बंशी यादव, नरेंद्र पांडेय, मुकेश रंजन सिन्हा, पूनम देवी, महेश सिंह, अमलेश सिंह, छोटू राजा, ध्रुव पांडेय, विष्णु प्रसाद गुप्ता, अर्पणा सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आजादी के वर्षों बाद भी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं पाटाआम्बा टोला के ग्रामीण

**महुआडांड़ (लातेहार)।** गढ़बुढ़नी पंचायत अंतर्गत पाटाआम्बा टोला गांव आज भी सड़क, पेयजल और मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव तक आज तक सड़क नहीं पहुंच सकी, जिससे बरसात में गांव का संपर्क मुख्य सड़क से लगभग कट जाता है। ग्रामीण पुनदेव बृजिया ने बताया कि मरीजों को अस्पताल पहुंचाने, बच्चों को स्कूल भेजने और जरूरी सामान लाने में भारी परेशानी होती है। कई बार बीमार लोगों को खाट के सहारे मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। गांव में पेयजल संकट भी गंभीर बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार अब तक नल-जल योजना का लाभ नहीं मिला है और न ही गांव में जलमीनार या चापानल लगाया गया है। लोग नदी का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मांग करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने जिला प्रशासन से सड़क निर्माण, जलमीनार और चापानल की व्यवस्था कराने की मांग की है।

# नेतरहाट की चमक के नीचे दर्दभरी जिंदगी, सड़क-बिजली-पानी और इलाज को तरस रहे कई परिवार

- पर्यटन स्थल से महज दो किलोमीटर दूर बसे आधे और कोरगी गांव आज भी विकास से कोसों दूर

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़ (लातेहार)।** विश्वप्रसिद्ध पर्यटन नगरी नेतरहाट अपनी प्राकृतिक सुंदरता और मैग्नोलिया पॉइंट के मनोरम सूर्यास्त के लिए देश-दुनिया में पहचान रखती है। प्रतिदिन यहां सैकड़ों पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन इसी पर्यटन स्थल से महज दो किलोमीटर नीचे पहाड़ों के बीच बसे महुआडांड़ प्रखंड के आधे और कोरगी गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

पंचायत नेतरहाट अंतर्गत बसे इन गांवों में आदिम जनजाति बिरजिया समुदाय के करीब 35 परिवार निवास करते हैं। यहां तक पहुंचने के लिए आज भी सड़क नहीं है। बिजली, शुद्ध पेयजल और स्वास्थ्य सुविधा का अभाव ग्रामीणों की जिंदगी को बेहद कठिन बना रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि किसी के बीमार पड़ने पर हालात और भयावह हो जाते हैं। गांव तक वाहन नहीं पहुंचने के कारण मरीजों को बहंगी के सहारे करीब आठ किलोमीटर पहाड़ी रास्ता पार कर दौना दुरूप गांव तक लाना पड़ता है, जहां से एम्बुलेंस या अन्य वाहन मिल पाता है। कई बार समय पर इलाज नहीं मिलने से स्थिति गंभीर हो जाती है।

ग्रामीणों के अनुसार, अधिकांश परिवार आज भी पेंशन, आवास और अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। सभी घर मिट्टी के बने हैं और रोजगार के अभाव में युवा पलायन कर दूसरे राज्यों में मजदूरी करने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि यह इलाका लंबे समय तक नक्सल प्रभावित रहा, जिसके कारण वर्षों तक विकास कार्य गांव तक नहीं पहुंच सके। अब क्षेत्र नक्सल मुक्त हो चुका है, लेकिन दुर्गम रास्ते आज भी विकास में सबसे बड़ी बाधा बने हुए हैं।

शिक्षा व्यवस्था भी चुनौतियों के बीच चल रही है। पहले शिक्षक नियमित विद्यालय नहीं पहुंचते थे और पढ़ाई भाड़े के शिक्षकों के भरोसे होती थी। अब कुछ सुधार जरूर हुआ है, लेकिन बेहतर शिक्षा के लिए बच्चों को दुरूप गांव जाना पड़ता है। छोटे बच्चे रोज कठिन पहाड़ी रास्तों से होकर विद्यालय पहुंचते हैं। गांव से स्कूल पहुंचने में करीब एक घंटा और लौटने में दो घंटे तक का समय लग जाता है। ग्राम आधे निवासी अरुण बिरजिया ने बताया कि गांव में रोजगार का कोई साधन नहीं है। मजबूरी में अधिकांश युवक दूसरे राज्यों में काम करने चले जाते हैं।

ग्रामीणों ने सरकार, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से गांवों का दौरा कर वास्तविक स्थिति देखने की अपील की है। उनका कहना है कि उन्हें किसी विशेष सुविधा की नहीं, बल्कि सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की जरूरत है। ग्रामीणों ने कहा कि नेतरहाट जैसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के नीचे बसे गांव यदि आज भी विकास से वंचित हैं, तो यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

# दृष्टिपात

## एनडीपीएस एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार

**बारियातू।** थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के दो प्राथमिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी रंजन कुमार पासवान ने बताया कि थाना कांड संख्या 05/23 एवं 03/26 के तहत इंदुवा गांव निवासी उमेश यादव और सुरेश यादव को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज था। पुलिस ने कार्रवाई के बाद दोनों को जेल भेज दिया। अभियान में थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## डीएमएफटी मद से पंचायतों की वार्षिक कार्य योजना के लिए ग्राम सभा आयोजित

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत गिद्धौर, बारिसाखी तथा मंझगांवां पंचायत भवन में डीएमएफटी मद अंतर्गत पंचायतों की आवश्यकता आधारित वार्षिक कार्य योजना तैयार करने को लेकर ग्राम सभा आयोजित की गई। ग्राम सभा की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। ग्राम सभा में पंचायतों के विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के चयन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत, खेल मैदान में सामुदायिक भवन निर्माण, पुल-पुलिया, गाय शेड, मुर्गी शेड, पीसीसी पथ, शौचालय, प्रयोगशाला, कोल्ड स्टोरेज एवं पेयजल जैसी जनहित योजनाओं का चयन किया गया। मौके पर बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, मुखिया निर्मला देवी, सुमीरा कुमारी, सरिता देवी, पंचायत सेवक प्रियंका प्रिया, दिगम्बर पांडेय, सुरेश प्रसाद राणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्वच्छता अभियान से जागरूक हुआ बारी मिडिल स्कूल परिसर

**लातेहार।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बनहरदी कोयला खनन परियोजना की ओर से बारी मिडिल स्कूल परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व परियोजना के महाप्रबंधक निरोद कुमार मलिक ने किया। अभियान में परियोजना के अधिकारियों, विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के दौरान विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन वितरित एवं स्थापित किए गए। अधिकारियों ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को कचरा प्रबंधन, सूखा एवं गीला कचरा अलग रखने तथा स्वच्छ वातावरण के महत्व की जानकारी दी। इस मौके पर एम. चंद्र सेगर, आर.बी. सिंह, सिद्धार्थ शंकर, अमरेश चंद्र राउल और विनेश कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। वहीं सासंग उच्च विद्यालय में स्वच्छता विषय पर निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

## भीषण गर्मी और लो वोल्टेज से लोग परेशान

**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी और बिजली की अनियमित आपूर्ति से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से दोपहर बाद सड़कें सुनसान रहने लगी हैं। गर्मी का सबसे ज्यादा असर मजदूरों, सब्जी विक्रेताओं और छोटे व्यवसायियों पर पड़ रहा है। अस्पतालों में लू, बुखार और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। इधर बिजली की आंख-मिचौली और लो वोल्टेज से लोग परेशान हैं। पंखे और कूलर ठीक से नहीं चलने के कारण रात में भी राहत नहीं मिल रही। लोगों ने बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

## ऐतिहासिक फांसी तालाब और समाधि स्थल का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**चतरा।** उपायुक्त रवि आनंद ने गुरुवार को ऐतिहासिक फांसी तालाब एवं बभने स्थित ब्रिटिशकालीन समाधि स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दोनों स्थलों के संरक्षण, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले की ऐतिहासिक धरोहरों को सुरक्षित रखना जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से परिचित हो सकें। मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, एसडीओ जहूर आलम, नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी विनीता कुमारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## चतरा को मिले नए डीएसपी मुख्यालय और एसडीपीओ

**चतरा।** चतरा जिले में नए डीएसपी (मुख्यालय) और एसडीपीओ ने पदभार ग्रहण कर लिया है। सुनील कुमार सिंह ने डीएसपी मुख्यालय का प्रभार संभाला, जबकि सन्नी वर्धन नए एसडीपीओ बने हैं। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि अपराध नियंत्रण, तस्करी पर रोक और शांति व्यवस्था कायम रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि शिक्षक और एयर इंडिया में सेवा देने के बाद उन्होंने जेपीएससी परीक्षा पास कर पुलिस सेवा जॉइन की। वहीं नए एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने कहा कि अपराध, नक्सल गतिविधियों और अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

## रेलकर्मियों की सतर्कता से राजस्थान का लापता युवक परिवार से मिला

**चंदवा।** महुआमिलान रेलवे स्टेशन पर भटकते मिले राजस्थान के एक युवक को रेलकर्मियों और पुलिस की तत्परता से उसके परिजनों से मिलाने की प्रक्रिया शुरू की गई। युवक की पहचान जयपुर निवासी आकाश वर्मा के रूप में हुई है, जो बीते 10 मार्च से लापता था। जानकारी के अनुसार, रेलकर्मी विकास राय और कमलेश कुमार की नजर स्टेशन परिसर में भटक रहे युवक पर पड़ी। दोनों ने पहले युवक को भोजन कराया और फिर बातचीत कर उसकी जानकारी जुटाई। इसके बाद युवक के भाई प्रकाश वर्मा से संपर्क किया गया। परिजनों ने बताया कि आकाश के लापता होने की रिपोर्ट जयपुर के मालवीय नगर थाना में दर्ज कराई गई थी। बाद में रेलकर्मी युवक को लेकर चंदवा थाना पहुंचे। थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह के निर्देश पर एसआई ललन कुमार ने जयपुर पुलिस और परिजनों से संपर्क कर युवक को सुरक्षित घर पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू की। रेलवे कर्मियों और पुलिस की इस संवेदनशील पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

## डीएमएफटी मद से पंचायतों में विशेष ग्राम सभा सह शिविर शुरू

**चतरा/गिद्धौर।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद अंतर्गत पंचायतों की आवश्यकता आधारित विकास योजनाओं के चयन को लेकर जिलेभर में गुरुवार से विशेष ग्राम सभा सह शिविर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) के तहत आयोजित यह कार्यक्रम 21 से 23 मई 2026 तक जिले की सभी पंचायतों में संचालित किया जाएगा। विशेष ग्राम सभा के माध्यम से पंचायतवार वार्षिक कार्ययोजना तैयार करते हुए पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास, कृषि, पशुपालन, सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई, पर्यावरण संरक्षण एवं आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं का चयन किया जा रहा है। ग्राम सभा के दौरान विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का आकलन कर आवश्यक योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा वरीय पदाधिकारियों, बीडीओ, अंचल अधिकारियों एवं पंचायत सचिवों की जिम्मेदारी तय की गई है। पंचायत सचिवों को व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिले की 154 पंचायतों के लिए विशेष दल गठित किए गए हैं तथा जिला स्तरीय पदाधिकारी पंचायतों का भ्रमण कर कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करेंगे। उप विकास आयुक्त-सह-सदस्य सचिव डीएमएफटी अमरेन्द्र कुमार सिन्हा को कार्यक्रम का समग्र प्रभार सौंपा गया है।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई समीक्षा बैठक

# पंचायत भवन ग्रामीण प्रशासन की महत्वपूर्ण इकाई है : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता में गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के पंचायत भवनों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मती कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रशासन द्वारा पंचायत भवनों में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हो रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी पंचायत भवनों में पानी रिसाव, भवनों की क्षतिग्रस्त स्थिति, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन ग्रामीण प्रशासन की महत्वपूर्ण इकाई है तथा आमजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ यहीं से उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में पंचायत भवनों का सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। उपायुक्त ने सभी सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से पंचायत भवनों का स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान भवनों में आवश्यक मरम्मती एवं विकास कार्यों का आकलन करते हुए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर आगामी बुधवार तक जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने को कहा गया।




उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंचायत भवनों में चिन्हित कमियों को समयबद्ध तरीके से दूर करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्रशासनिक एवं विकासात्मक गतिविधियों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही पंचायत भवनों को बेहतर एवं सुविधायुक्त बनाने की दिशा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग पर जोर

**रामगढ़।** सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को रामगढ़ के सुभाष चौक पर झारखंड सेवा समिति और पर्वतरोही टीम के संयुक्त तत्वावधान में, यातायात पुलिस के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के तहत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की सख्त सलाह दी गई। जिससे लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े। मौके पर यातायात प्रभारी गजेंद्र पांडे ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से वाहन चालकों को जागरूक करने में काफी मदद मिलती है। वहीं, एमवीआई मृणाल ने भी इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि समाज में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए इस तरह के प्रयास बेहद जरूरी हैं।


## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

**-: आम सूचना :-**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि वित्तीय वर्ष 2026–27 का होल्डिंग टैक्स 30 जून, 2026 के पहले जमा करने पर नगर पंचायत, लातेहार द्वारा करदाताओं को कर (वर्त्तमान वित्तीय वर्ष) में अधिकतम 15% तक की छूट देय है, जो निम्न प्रकार हैं :–

- सभी करदाताओं को 05% की छूट।

इसके अतिरिक्त :–

- होल्डिंग महिला के नाम होने से 05% की छूट।
- वरिष्ठ नागरिक होने से 05% की छूट।
- स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5% की छूट।
- भारतीय सेना में काम करने वाले को 05% की छूट।
- ट्रांसजेडर होने पर 05% की छूट।
- दिव्यांग होने पर 05% की छूट।
- यह छूट केवल आवासीय धृतियों पर लागू होगी।

Online (https://udhd.jharkhand.gov.in) जमा करने पर 05% की छूट।

साथ ही वैसे लोग नगर पंचायत, लातेहार अंतर्गत नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग जिन्होने अबतक अपने आवासीय/गैर आवासीय भवनों का Holding Tax जमा नहीं किया है या गलत तरीके से अपने आवासीय/व्यवसायीक प्रतिष्ठानों का Assessment कराया है या कई वर्षों से Holding Tax की बकाया राशि अब तक जमा नहीं किया है। वैसे सभी होल्डिंगधारी को निदेशित किया जाता हैं कि आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 20 दिनो के अंदर गलत तरीके से किये गये Assessment को Re-Assessment करा लें एवं Trade Licence/Holding Tax का बकाया नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में स्वतः जमा करें, अन्यथा उक्त तिथि बीत जाने के उपरांत स्थलीय निरीक्षण के क्रम में जॉचोपरांत दोषी पाये जाने पर होल्डिंग धारकों पर नियमानुसार अर्थ दण्ड शुल्क की वसूली एवं झारखण्ड म्युनिसिपल एक्ट, 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत नगर पंचायत, लातेहार द्वारा कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए नए/पुराने/प्लॉट/व्यापारी वर्ग/गैर व्यापारी वर्ग/आवासीय एवं गैर आवासीय मकान मालिक स्वंय जिम्मेवार या दोषी माने जायेगे।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 380349 Urban Development (26-27)_D


## अवैध मादक पदार्थ के कारोबार से जुड़े तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**रामगढ़।** गुरुवार को सुबह नालंदा नर्सिंग होम स्कूल के सामने पतरातु रेलवे स्टेशन जाने वाली पीसीसी सडक के पास पतरातु थाना गश्ती में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी पुअनि शिवलाल कुमार गुप्ता द्वारा साथ के सशस्त्र बल के साथ एंटी काईम चेकिंग किया जा रहा था। इसी क्रम में एक हीरो होंडा स्पलेंडर मोटरसाईकिल पर सवार दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन से रेलवे फाटक के तरफ आ रहे थे जिन्हें रोककर पूछताछ करने पर वे दोनो अपना नाम विक्की कुमार सिंह, उम्र 25 वर्ष, पे० प्रदीप सिंह, ग्राम उचरिंगा गंझू टोला, थना-पतरातु, जिला-रामगढ एवं पीछे बैठा व्यक्ति दीपक सिंह, उम्र 27 वर्ष, पिता-शिवनारायण सिंह, सा०- उचरिंगा गंझू टोला, थाना-पतरातु, जिला-रामगढ बताया। पीछे बैठे व्यक्ति के हाव भाव से मादक पदार्थ सेवन करने जैसा प्रतीत हुआ। तत्पश्चात् दोनों की विधिवत् तलाशी ली गयी। तलाशी के कम में दीपक सिंह के जिन्स पैंट से 9.57 ग्राम ब्राउन शुगर (हिरोईन) पाया गया। जिसे एल्युमिनियम फ्वाईल में लपेट कर तौलने पर 10.19 ग्राम हुआ। दोनों व्यक्तियों से ब्राउन शुगर (हेरोइन) के संबंध में पुछे जाने पर कोई संतोषजनक जवाब नही दिया गया। तत्पश्चात् उक्त दोनों व्यक्ति को विधिवत् गिरफ्तार किया गया।

## सड़क हादसा में भाजपा जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू घायल

नवीन मेल संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के सिंहपोखरिया के पास गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में भाजपा की जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू गंभीर रूप से घायल हो गईं। बताया जा रहा है कि गीता बालमुचू अपनी कार से चाईबासा की ओर आ रही थीं। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक इनोवा गाड़ी को बचाने के प्रयास में उन्होंने कार को अचानक वाहन मोड़ दिया। वाहन की गति अधिक होने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में गीता बालमुचू के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और साथ में मौजूद कार्यकर्ताओं ने उन्हें वाहन से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें



तत्काल चाईबासा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि उनके सिर में गंभीर चोट लगी है और चेहरे पर भी गहरे जख्म हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उनका सीटी स्कैन कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही अंदरूनी चोट की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। डॉक्टरों ने संकेत दिया है कि जरूरत पड़ने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर भी किया जा सकता है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और समर्थक सदर अस्पताल पहुंच गए।

### कारीगरों के सशक्तिकरण को लेकर डीसी ने की समीक्षा

## हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग/बरही।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में उद्योग विभाग, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड तथा हैंडीक्राफ्ट आर्टिजनों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के जूट, सोहराई कला, सिलाई-कढ़ाई, बांस, काष्ठ एवं टेराकोटा कला से जुड़े लगभग 2000 कारीगरों की गतिविधियों एवं प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कारीगरों के लिए आर्टिजन कार्ड निर्माण में तेजी लाने, पीएम विश्वकर्मा योजना से अधिक से अधिक लाभुकों को जोड़ने तथा पारंपरिक हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय कला एवं हस्तशिल्प झारखंड की सांस्कृतिक पहचान हैं और इनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। उपायुक्त ने क्राफ्ट सेंटर एवं कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों के माध्यम से कारीगरों को प्रशिक्षण, विपणन एवं आधुनिक संसाधनों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में उद्योग विभाग के पदाधिकारी, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के प्रतिनिधि एवं विभिन्न कला क्षेत्रों से जुड़े आर्टिजन उपस्थित थे।


## कार्यालय- जिला सहकारिता पदाधिकारी, लोहरदगा

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2018–19 एवं 2019–20 के तहत क्षतिपूर्ति राशि के संबंध में सूचना**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) 2018–19 एवं 2019–20 में बीमित फसलों की क्षतिपूर्ति दावा राशि जिन कृषकों को प्राप्त नही हुई है, सूची संलग्न करते हुए सूचित किया जाता है कि अपने नजदीकी MPCS (लैम्पस)/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/ATM/BTM के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज तथा किसान घोषणा पत्र (पंचायत समिति सदस्य/मुखिया/ग्राम प्रधान से सत्यापित) बैंक पास बुक (IFSC कोड सहित), आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक कागजात की छाया प्रति जिला सहकारिता पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में जमा करेंगे, ताकि क्षतिपूर्ति राशि भुगतान हेतु अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | SURYANARYAN BHAGAT | TURIYA BHAGAT | Lohardaga | Kisko | Patgachha | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Patgachha | Bank Of India | KISKO | 835603 |
| 2 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | SATYENDRA ORAON | VISHRAM ORAON | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | KISKO | 835604 |
| 3 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | RAJMANI ORAON | HARINATH ORAON | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | KISKO | 835605 |
| 4 | Kharif 2018 | Maize (makka) | gafar khan | hedan khan | Lohardaga | Kisko | Hisri | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Hisri | Bank Of India | KISKO | 835606 |
| 5 | Kharif 2018 | Maize (makka) | yasin meer | meer rauf | Lohardaga | Kisko | Hisri | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Hisri | Idbi Bank Limited | LOHARDAGA | 835607 |
| 6 | Kharif 2018 | Maize (makka) | TIBNA ORAON | LATE MAHABIR ORAON | Lohardaga | Kisko | Nawadih | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Nawadih | Bank Of India | BUTI | 835608 |
| 7 | Kharif 2018 | Maize (makka) | DHRN ANSHARI | NEYAMAT ANSHARI | Lohardaga | Kisko | Nari | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Nari | Bank Of India | KISKO | 835609 |
| 8 | Kharif 2018 | Maize (makka) | SAYR BANO | INUSU ANSHARI | Lohardaga | Kisko | Nari | 833302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Nari | Bank Of India | LOHARDAGA | 833610 |
| 9 | Kharif 2018 | Maize (makka) | Shahid raja | Jashim uddin | Lohardaga | Kisko | Kisko | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Kisko | Oriental Bank of Commerce | LOHARDAGGA | 835611 |
| 10 | Kharif 2018 | Maize (makka) | rami dewi | lat joshef topno | Lohardaga | Kisko | Deodariya | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Deodariya | Bank Of India | KISKO | 835612 |
| 11 | Kharif 2018 | Maize (makka) | ramesar opraon | munna oraon | Lohardaga | Kisko | Deodariya | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Deodariya | Jharkhand Gramin Bank | LOHARDAGA | 835613 |
| 12 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | vijendar oraon | ropa oraon | Lohardaga | Kisko | Lawagain | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Lawagain | Bank Of India | KISKO | 835614 |
| 13 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | PRAVIN KUMAR CHOUHAAN | LATE GHANSYAM NAATH SHADEV | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835615 |
| 14 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | MARU DEVI | LATE CHARWA ORAON | Lohardaga | Kisko | Bhusar | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bhusar | Bank Of India | KISKO | 835616 |
| 15 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | ANURAG BAXIA | NAVIN POWAN BAXIA | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | State Bank Of India | LOHARDAGA | 835617 |
| 16 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | JASMANI ORAOIN | BASU ORAON | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | KISKO | 835618 |
| 17 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | YOGANDAR RAM | SIVDHAN RAM | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835619 |
| 18 | Kharif 2018 | Maize (makka) | PRADEEP ORAON | SAGLU ORAON | Lohardaga | Kisko | Merle | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Merle | United Bank Of India | LOHARDAGA | 835620 |
| 19 | Kharif 2018 | Maize (makka) | rupi oraoen | lt. shiv oraon | Lohardaga | Kisko | Nawadih | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Nawadih | Bank Of India | KISKO | 835621 |
| 20 | Kharif 2018 | Maize (makka) | iemamudin ansari | k. ansari | Lohardaga | Kisko | Nari | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Nari | Bank Of India | KISKO | 835622 |
| 21 | Kharif 2018 | Maize (makka) | CHANDRAKISHOR BHAGAT | KAILU BHAGAT | Lohardaga | Kisko | Hesapiri | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Hesapiri | Bank Of India | COURT AREA | 835623 |
| 22 | Kharif 2018 | Maize (makka) | rabil ansari | kurbar ansari | Lohardaga | Kisko | Hisri | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Hisri | Union Bank Of India | LOHARDAGA | 835624 |
| 23 | Kharif 2018 | Maize (makka) | munna mahto | Lt bigu mahto | Lohardaga | Kisko | Hisri | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Hisri | Bank Of India | BAGRU | 835625 |
| 24 | Kharif 2018 | Maize (makka) | Sonamani oraon | Late dinesh oraon | Lohardaga | Kisko | Patratu | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Patratu | Bank Of India | BAGRU | 835626 |
| 25 | Kharif 2018 | Maize (makka) | SINJO ORAON | JAORA ORAON | Lohardaga | Kisko | Patratu | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Patratu | Bank Of India | BAGRU | 835627 |
| 26 | Kharif 2018 | Maize (makka) | Khadi Oraon | Pandra Oraon | Lohardaga | Kisko | Patratu | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Patratu | Bank Of India | BAGRU | 835628 |
| 27 | Kharif 2018 | Maize (makka) | ramlal oraon | etwa oraon | Lohardaga | Kisko | Parhepat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Parhepat | Bank Of India | KISKO | 835629 |
| 28 | Kharif 2018 | Maize (makka) | sima kumari | ram oraon | Lohardaga | Kisko | Areya | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Areya | Idbi Bank Limited | LOHARDAGA | 835630 |
| 29 | Kharif 2018 | Maize (makka) | ram daod oraon | bahura oraon | Lohardaga | Kisko | Areya | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Areya | Jharkhand State Cooperative Bank Limited | LOHARDAGA | 835631 |
| 30 | Kharif 2018 | Maize (makka) | BANDHAN ORAON | INDERNATH ORAON | Lohardaga | Kisko | Merle | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Merle | Bank Of India | BAGRU | 835632 |
| 31 | Kharif 2018 | Maize (makka) | anima dewi | baburam mahto | Lohardaga | Kisko | Areya | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Areya | Bank Of India | KISKO | 835633 |
| 32 | Kharif 2018 | Maize (makka) | Bagicha nuri | Tohid khan | Lohardaga | Kisko | Areya | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Areya | Bank Of India | BAGRU | 835634 |
| 33 | Kharif 2018 | Maize (makka) | sahdew oraon | lat kagwa oraon | Lohardaga | Kisko | Areya | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Areya | Bank Of India | KISKO | 835635 |
| 34 | Kharif 2018 | Maize (makka) | Mirfajulu | Mirkamrudin | Lohardaga | Kisko | Hisri | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Hisri | Bank Of India | BAGRU | 835636 |
| 35 | Kharif 2018 | Maize (makka) | peadeeo oraon | lat sani oraon | Lohardaga | Kisko | Areya | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Areya | Uco Bank | LOHARDAGA | 835637 |
| 36 | Kharif 2018 | Maize (makka) | khanu oraon | lat jhari oraon | Lohardaga | Kisko | Areya | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Areya | Jharkhand Gramin Bank | LOHARDAGA | 835638 |
| 37 | Kharif 2018 | Maize (makka) | Santamuni Oraon | Lt Budai Oraon | Lohardaga | Kisko | Barchorgain | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Barchorgain | Bank Of India | BAGRU | 835639 |
| 38 | Kharif 2018 | Maize (makka) | Ajagar uddin | Late gulab nirdaha | Lohardaga | Kisko | Bagru | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bagru | Bank Of India | BAGRU | 835640 |
| 39 | Kharif 2018 | Maize (makka) | HIRA ORAON | LET JAGEWSAR ORAON | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Bank Of India | KISKO | 835641 |
| 40 | Kharif 2018 | Maize (makka) | TUMI ORAOIN | LATE RAJKUMAR ORAON | Lohardaga | Kisko | Bhusar | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bhusar | Bank Of India | BAGRU | 835642 |
| 41 | Kharif 2018 | Maize (makka) | SUBODH RAM BARAI | LET RAMSUNRAM BARAI | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835643 |
| 42 | Kharif 2018 | Maize (makka) | SABAN KHUTON | SARFUL ANSARI | Lohardaga | Kisko | Anandpur | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Anandpur | Bank Of India | KISKO | 835644 |
| 43 | Kharif 2018 | Maize (makka) | SANGITA KUJUR | RAJAN KUMAR TOPPO | Lohardaga | Kisko | Bhusar | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bhusar | Bank Of India | BAGRU | 835645 |
| 44 | Kharif 2018 | Maize (makka) | BIPATI ORAOIN | CHOTEYA ORAON | Lohardaga | Kisko | Patgachha | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Patgachha | Bank Of India | KISKO | 835646 |
| 45 | Kharif 2018 | Maize (makka) | PUNAI ORAON | TURIYA ORAON | Lohardaga | Kisko | Bhusar | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bhusar | Bank Of India | KISKO | 835647 |
| 46 | Kharif 2018 | Maize (makka) | ANIS ORAON | KARMDAYAL ORAON | Lohardaga | Kisko | Bhusar | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bhusar | Bank Of India | BAGRU | 835648 |
| 47 | Kharif 2018 | Maize (makka) | MARU DEVI | LATE CHARWA ORAON | Lohardaga | Kisko | Bhusar | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bhusar | Bank Of India | KISKO | 835649 |
| 48 | Kharif 2018 | Maize (makka) | SURYANARYAN BHAGAT | TURIYA BHAGAT | Lohardaga | Kisko | Patgachha | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Patgachha | Bank Of India | KISKO | 835650 |
| 49 | Kharif 2018 | Maize (makka) | ANURAG BAXIA | NAVIN POWAN BAXIA | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | State Bank Of India | LOHARDAGA | 835651 |
| 50 | Kharif 2018 | Maize (makka) | SALOM BEKHLA | SUSHIL BAKHLA | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Indian Overseas Bank | LOHARDAGA | 835652 |
| 51 | Kharif 2018 | Maize (makka) | SUSHIL BAKLA | ALWIS BAKHLA | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835653 |
| 52 | Kharif 2018 | Maize (makka) | SAVITA DEVI | BISUNDEORAMBARI | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Allahabad Bank | LOHARDAGA | 835654 |
| 53 | Kharif 2018 | Maize (makka) | LAL BADUR RAM BARI | LET GANDU RAM BARI | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Allahabad Bank | LOHARDAGA | 835655 |
| 54 | Kharif 2018 | Maize (makka) | YOGANDAR RAM | SIVDHAN RAM | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835656 |
| 55 | Kharif 2018 | Maize (makka) | BISUN DEO RAM BARI | LET GANDU RAM BARI | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835657 |
| 56 | Kharif 2018 | Maize (makka) | SATYENDRA ORAON | VISHRAM ORAON | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Bank Of India | KISKO | 835658 |
| 57 | Kharif 2018 | Maize (makka) | JASMANI ORAOIN | BASU ORAON | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Bank Of India | KISKO | 835659 |
| 58 | Kharif 2018 | Maize (makka) | SHAMBHU SINGH | SURAJ SINGH | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835660 |
| 59 | Kharif 2018 | Maize (makka) | RAJMANI KUMARI | BALRAM ORAON | Lohardaga | Kisko | Anandpur | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Anandpur | Bank Of India | KISKO | 835661 |
| 60 | Kharif 2018 | Maize (makka) | LAXMAN ORAON | LET KUWAR ORAON | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835662 |
| 61 | Kharif 2018 | Maize (makka) | ANMOL TIRKY | LET KHANU TIRKY | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Canara Bank | LOHARDAGA | 835663 |
| 62 | Kharif 2018 | Maize (makka) | bechu singh | budhnathn singh | Lohardaga | Kisko | Barwatoli | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Barwatoli | Bank Of India | BAGRU | 835664 |
| 63 | Kharif 2018 | Maize (makka) | RAJMANI ORAON | HARINATH ORAON | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | Bank Of India | KISKO | 835665 |
| 64 | Kharif 2018 | Maize (makka) | CHONHAS MINJ | JUWEL MINJ | Lohardaga | Kisko | Nawadih | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Nawadih | Bank Of India | KISKO | 835666 |
| 65 | Kharif 2018 | Maize (makka) | VIMLA DEWI | MANGLA ORAON | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bethat | State Bank Of India | LOHARDAGA | 835667 |
| 66 | Kharif 2018 | Maize (makka) | anwari bibi | jphir khan | Lohardaga | Kisko | Charhu | 835213 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Charhu | Bank Of India | BAGRU | 835579 |
| 67 | Kharif 2018 | Maize (makka) | ABBUSAL ANSARI | MAKSUD ANSARI | Lohardaga | Kisko | Nawadih | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Nawadih | State Bank Of India | LOHARDAGA | 835669 |
| 68 | Kharif 2018 | Maize (makka) | ldsu oraon | somra oraon | Lohardaga | Kisko | Bonga | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Bonga | United Bank Of India | LOHARDAGA | 835670 |
| 69 | Kharif 2018 | Maize (makka) | ANANT ORAON | DASWA ORAON | Lohardaga | Kisko | Jamhre | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Jamhre | Bank Of India | LOHARDAGA | 835671 |
| 70 | Kharif 2018 | Maize (makka) | BUDHAIN URAIN | GOVERDHAN ORAON | Lohardaga | Kisko | Nari | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Nari | Bank Of India | KISKO | 835672 |
| 71 | Kharif 2018 | Maize (makka) | Belas Kujur | Late Vishram Kujur | Lohardaga | Kisko | Nini | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Nini | State Bank Of India | LOHARDAGA | 835673 |
| 72 | Kharif 2018 | Maize (makka) | Biriya Oraon | Surja Oraon | Lohardaga | Kisko | Durhul | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Durhul | Bank Of India | KISKO | 835674 |
| 73 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | hariwans mahli | pahlu oraon | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | KISKO | 835675 |
| 74 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | SITAMANI OROAN | DEVENDRA ORAON | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835299 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835673 |
| 75 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | kardyal bhagat | bhudhu oraon | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | KISKO | 835677 |
| 76 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | ratmaney oraon | durga oraon | Lohardaga | Kisko | Lawagain | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Lawagain | Bank Of India | KISKO | 835678 |
| 77 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | HIRA ORAON | LET JAGEWSAR ORAON | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | KISKO | 835679 |
| 78 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | TUMI ORAOIN | LATE RAJKUMAR ORAON | Lohardaga | Kisko | Bhusar | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bhusar | Bank Of India | BAGRU | 835680 |
| 79 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | SUBODH RAM BARAI | LET RAMSUNRAM BARAI | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835681 |
| 80 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | SABAN KHUTON | SARFUL ANSARI | Lohardaga | Kisko | Anandpur | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Anandpur | Bank Of India | KISKO | 835682 |
| 81 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | SALOM BEKHLA | SUSHIL BAKHLA | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Indian Overseas Bank | LOHARDAGA | 835683 |
| 82 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | SUSHIL BAKLA | ALWIS BAKHLA | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835684 |
| 83 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | SAVITA DEVI | BISUNDEORAMBARI | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Allahabad Bank | LOHARDAGA | 835685 |
| 84 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | LAL BADUR RAM BARI | LET GANDU RAM BARI | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Allahabad Bank | LOHARDAGA | 835686 |
| 85 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | BISUN DEO RAM BARI | LET GANDU RAM BARI | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835687 |
| 86 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | SHAMBHU SINGH | SURAJ SINGH | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835688 |
| 87 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | RAJMANI KUMARI | BALRAM ORAON | Lohardaga | Kisko | Anandpur | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Anandpur | Bank Of India | KISKO | 835689 |
| 88 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | LAXMAN ORAON | LET KUWAR ORAON | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | Bank Of India | BAGRU | 835690 |
| 89 | Kharif 2018 | Maize (makka) | Aitwariya Orain | Sepa Bhagat | Lohardaga | Kisko | Patratu | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Patratu | Bank Of India | BAGRU | 835691 |
| 90 | Kharif 2018 | Maize (makka) | Suresh Ram | Situ Ram | Lohardaga | Kisko | Patratu | 835302 | Lohardaga | Kisko | KISKO | Patratu | Bank Of India | BAGRU | 835692 |
| 91 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | VIMLA DEWI | MANGLA ORAON | Lohardaga | Kisko | Bethat | 835302 | Lohardaga | Kisko | BETHAT | Bethat | State Bank Of India | LOHARDAGA | 835693 |
| 92 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | JAGESHWER KUMAR | VARJUN MAHTO | Lohardaga | Kuru | Chiri | 835213 | Lohardaga | Kuru | CHIRI | Chiri | United Bank Of India | KURU | 835605 |
| 93 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | SHANKAR BHAGAT | LT. CHAMRU BHAGAT | Lohardaga | Kuru | Barkichanpi | 835213 | Lohardaga | Kuru | BARKICHANPI | Barkichanpi | Jharkhand Gramin Bank | KURU | 835606 |
| 94 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | PRABHU SINGHASAN MINJ | LAT SUKRA ORAON | Lohardaga | Kuru | Kuru | 835213 | Lohardaga | Kuru | KURU | Kuru | Bank Of India | KURU BRANCH | 835607 |
| 95 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | VAVHAN DEO ORAON | LATE DALE ORAON | Lohardaga | Kuru | Barmartola Itra | 835214 | Lohardaga | Kuru | URUMURU | Barmartola Itra | United Bank Of India | KURU | 835609 |
| 96 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | RAMAWATI DEVI | JALESWAR BHAGAT | Lohardaga | Kuru | Salgi | 835213 | Lohardaga | Kuru | SALGI | Salgi | State Bank Of India | LOHARDAGA | 835609 |
| 97 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | BRAJKISHOR BHAGAT | LT.SOMNATH BHAGAT | Lohardaga | Kuru | Lawagain | 835213 | Lohardaga | Kuru | LAWAGAIN | Lawagain | Jharkhand Gramin Bank | KURU | 835610 |
| 98 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | PRASANT KUMAR | VISHWANATH PAHAN | Lohardaga | Kuru | Jima | 835213 | Lohardaga | Kuru | JIMA | Jima | Axis Bank Limited | RANCHI | 835611 |
| 99 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | NANDN BHARTI | MHESWAR DAYAL BHARTI | Lohardaga | Kuru | Jilinga | 835213 | Lohardaga | Kuru | PANDRA | Jilinga | United Bank Of India | KURU | 835612 |
| 100 | Kharif 2018 | Paddy (dhan) | NANDAN BHARTI | MAHESHWAR DAYAL BHARTI | Lohardaga | Kuru | Pandra | 835213 | Lohardaga | Kuru | PANDRA | Pandra | Union Bank Of India | KURU | 835613 |

PR 380355 Lohardaga (26-27)_D

जिला सहकारिता पदाधिकारी, लोहरदगा

# एसएनएमएमसीएच के आईसीयू में नहीं चल रहे एसी व पंखा, हाथ पंखे के सहारे हैं मरीज

● कुछ लोग अपने घरों से स्टैंड फैन लाकर किसी तरह मरीजों को गर्मी से बचाने में जुटे हैं

नवीन मेल संवाददाता



**धनबाद।** कोयलांचल में पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तापमान लगातार 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। तेज धूप और उमस से आम जनजीवन प्रभावित है, लेकिन सबसे चिंताजनक हालात धनबाद के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) के सर्जिकल आईसीयू में देखने को मिल रहा है। यहां मरीज बीमारी से ज्यादा गर्मी से परेशान नजर आ रहे हैं। इमरजेंसी वार्ड में दो सर्जिकल आईसीयू है। सर्जिकल आईसीयू का एयर कंडीशनर पिछले कई दिनों से खराब पड़ा हुआ है। ऐसे में गंभीर मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आईसीयू में भर्ती मरीज पसीने से तरबतर हैं, जबकि उनके परिजन हाथ पंखा झलकर राहत देने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ लोग अपने घरों से स्टैंड फैन लाकर किसी तरह मरीजों को गर्मी से बचाने में जुटे हैं। आईसीयू में भर्ती मरीज एमडी अख्तर हुसैन की पत्नी रेशमा खातून ने बताया कि उनके पति का हर्निया का ऑपरेशन हुआ था, जिसके बाद संक्रमण होने पर दोबारा सर्जरी करनी पड़ी। पिछले आठ दिनों से वे सर्जिकल आईसीयू में भर्ती हैं, लेकिन वहां ना एसी चल रहा है और ना ही पंखा। उन्होंने कहा कि मरीज इस गर्मी में आईसीयू में रहना नहीं चाह रहे हैं। हाथ पंखे से किसी तरह राहत देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि अगरआईसीयू में ही एसी की सुविधा नहीं होगी तो गंभीर मरीजों का इलाज कैसे होगा। अन्य मरीजों के परिजनों ने भी अस्पताल व्यवस्था पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि पिछले सात दिनों से मरीज आईसीयू में भर्ती हैं, लेकिन गर्मी से राहत की कोई व्यवस्था नहीं है। अस्पताल कर्मियों से शिकायत करने पर केवल यह कह दिया जाता है कि एसी खराब है।

## जमशेदपुर में भीषण गर्मी का कहर, अज्ञात मजदूर की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में पड़ रही भीषण गर्मी लोगों पर भारी पड़ने लगी है। लगातार तीन दिनों से जारी तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच गुरुवार को मानगो थाना क्षेत्र में एक अज्ञात मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि मजदूर की मौत लू लगने की वजह से हुई है। घटना गुरुवार दोपहर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मानगो थाना क्षेत्र स्थित डिमना रोड पर ब्लू बेल्स स्कूल के समीप एक मजदूर पैदल जा रहा था। इसी दौरान तेज धूप और गर्मी के कारण उसे अचानक चक्कर आया और वह सड़क पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे उठाकर सड़क किनारे दीवार के सहारे बैठाया और पानी पिलाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई।

# अवैध शराब कारोबार पर उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, चार लोग गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने गुरुवार को व्यापक अभियान चलाया। उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में जिले के गुवा,मंझारी,चक्रधरपुर और झींकपानी थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की गई। अभियान के दौरान कुल नौ मामले दर्ज किए गए हैं। चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है,जबकि पांच अन्य आरोपियों के खिलाफ फरार अभियोग दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। उत्पाद विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गुवा थाना क्षेत्र की रेलवे कॉलोनी, बड़ाजामदा और कल्याण नगर में छापेमारी की गई। यहां अवैध शराब बेचने के आरोप में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से तीन लीटर विदेशी शराब और 3.250 लीटर बीयर बरामद की गई। इसी तरह चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के दंदासाई और बाराखोली में भी उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया। यहां से 6.5 लीटर बीयर और पांच लीटर चुलाई शराब जब्त की गई।


"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता"
समाहरणालय, लातेहार (निर्वाचन शाखा)

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2025/ERS-Vol. II दिनांक 14.05.2026 एवं मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 857 दिनांक 15.05.2026 से प्राप्त निदेश के आलोक में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के दौरान आम नागरिकों/मतदाताओं को टोल फ्री हेल्पलाईन नं0 1950, ECINet Mobile App एवं Book a Call with BLO का प्रयोग के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने हेतु हेल्प डेस्क (Help Desk) अधिष्ठापित करते हुए निम्न कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया जाता है :–

| क्र0सं0 | प्रतिनियुक्त कर्मी का नाम | पदनाम | मोबाईल संख्या | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | श्री अरविन्द कुमार रजक | हेल्प डेस्क मैनेजर | 7061262890 | DCC कार्यालय, लातेहार जिला निर्वाचन शाखा, लातेहार के सामने |
| 2 | श्री तनवीर आलम | हेल्प डेस्क मैनेजर | 7979067348 | |
| 3 | श्री अजहर साबरी | हेल्प डेस्क मैनेजर | 9304013172 | |
| 4 | श्री अतुल रंजन | हेल्प डेस्क मैनेजर | 7739099903 | |

उपरोक्त प्रतिनियुक्त सभी कर्मी को आदेश दिया जाता है कि आम नागरिकों को भारत निर्वाचन आयोग के हेल्पलाईन नं0 1950, ECINet Mobile App एवं Book a Call with BLO के प्रयोग के संबंध में अवगत कराते हुए मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 में आवश्यक सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।

यह आदेश विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) 2026 की समाप्ति तक लागू रहेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, लातेहार।

PR.NO.380378 Election(26-27):D


# बचरा चार नंबर बस स्टैंड में ठेला लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, सात घायल



नवीन मेल संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक स्थित बस स्टैंड में गुरुवार को ठेला एवं गन्ना जूस मशीन लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी देखते ही देखते भीषण मारपीट में बदल गई। घटना में दोनों पक्षों के सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चौक पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया तथा आसपास के लोग भयभीत हो उठे। घायलों में एक पक्ष से संतोष साव, राहुल साव, छोटी साव एवं उनके पिता उदय साव शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से विजय साव, संजय साव, कृष्णा साव सहित अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों का इलाज क्षेत्रीय अस्पताल बचरा में कराया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस स्टैंड परिसर में ठेला एवं गन्ना जूसर मशीन लगाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। गुरुवार को विवाद अचानक उग्र हो गया और देखते ही देखते दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट इतनी भयंकर थी कि बीच-बचाव करने पहुंचे कई लोग भी चोटिल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पिपरवार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चौक पर सड़क किनारे अवैध रूप से लगने वाली दुकानों एवं बढ़ती भीड़ को लेकर कई बार प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है।

# बचरा क्षेत्रीय अस्पताल की डिजिटल एक्सरे मशीन तीन माह में हुई ठप

पिपरवार, संवाददाता।



**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के हजारों लोगों के इलाज का प्रमुख केंद्र माने जाने वाले बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में लाखों रुपये की लागत से लगाई गई डिजिटल एक्सरे मशीन महज तीन माह के भीतर ही बंद हो गई है। मशीन बंद रहने से क्षेत्र के मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने इसके लिए सीसीएल के इ एंड एम विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने तथा पुराने एक्सरे सिस्टम की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से सीसीएल प्रबंधन द्वारा जनवरी माह में बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में आधुनिक डिजिटल एक्सरे मशीन लगाई गई थी। मशीन लगने के बाद अस्पताल आने वाले मरीजों को काफी राहत मिली थी। डिजिटल तकनीक के कारण मरीजों की जांच तेजी से हो रही थी और डॉक्टरों को भी बीमारी की सही जानकारी मिलने में सुविधा हो रही थी। लेकिन मशीन शुरू होने के करीब तीन महीने बाद ही तकनीकी खराबी के कारण पूरी तरह बंद हो गई। अस्पताल सूत्रों के अनुसार डिजिटल एक्सरे मशीन कमजोर अर्थिंग की समस्या के कारण काम नहीं कर पा रही है। अस्पताल प्रबंधन ने इस संबंध में कई बार सीसीएल के इ एंड एम विभाग को लिखित एवं मौखिक रूप से जानकारी दी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया जा सका है। अस्पताल कर्मियों का कहना है कि मशीन बंद होने से सबसे अधिक परेशानी गरीब एवं ग्रामीण मरीजों को उठानी पड़ रही है।

### बाहर जांच कराने को मजबूर मरीज

क्षेत्रीय अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। दुर्घटना, हड्डी टूटने, सीने की बीमारी एवं अन्य कई रोगों की जांच के लिए एक्सरे की आवश्यकता पड़ती है। मशीन बंद रहने के कारण मरीजों को निजी क्लीनिकों एवं शहर के अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। इससे मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीसीएल क्षेत्र में रहने वाले अधिकांश मजदूर एवं गरीब परिवार सरकारी एवं सीसीएल अस्पतालों पर निर्भर रहते हैं।


**DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, LOHARDAGA**
Email id:- dlsalohardaga@gmail.com Mobile No.:-9431318932

**Notice inviting application for providing service of Skilled Driver for MUV (Bolero) from reputed empanelled outsourcing agency on an outsourcing basis**
**DATE:- 20.05.2026**

As directed this is to inform that in pursuance to the directions contained in Letter No. 1695 dated 30.03 .2026 of Hon'ble Jharkhand State Legal Services Authority (JHALSA), Ranchi, the District Legal Services Authority, Lohardaga invites applications for providing **"Service of 01 (One) Skilled Driver for MUV (Bolero) on outsourcing Basis"** on the terms and conditions mentioned below from reputed Outsourcing Empanelled Agencies which provide similar services to other Government Department.

**Terms & Conditions.**

1. The application should be addressed to **The Secretary, District Legal Services Authority, Lohardaga** in a sealed envelope clearly mentioning therein **"Application for Outsourcing Service of Driver"** and the same shall be submitted to the office of DLSA, Lohardaga, through speed post or personally in the office of Secretary, DLSA **on or before 30th May, 2026 by 17:00 Hrs**.
2. The nature of services to be procured will purely on temporary basis. The human resource assigned to the above post will be the sole responsibility of the agency and in any condition or circumstances the human resources deployed for the services will not claim for their services to be permanent or demand directly to the department for extending facilities during their services.
3. The application should be accompanied by the following documents:-

a) Self attested copies of Registration of firm/company,
b) Experience certificate issued by the other Government department,
c) Self-Attested copy of PAN card of firm/company/individual,
d) Self-attested copy of the ITR,
e) An affidavit of non-Blacklisting on Non- Judicial Stamp Paper,
f) Self-attested copy of Goods and Service Tax (GST) registration and GST Return,
g) Self-attested copy of valid License order as per the contract Labour (R&A) Act 1970,
h) Mobile Number & e-mail address
i) Self declaration & signature.

4. The shortlisted application shall be called for interview through e-mail/mobile number provided by them.
5. Applying for engagement does not create any right/assurance whatsoever and the undersigned reserves his right to accept or to reject any application.

For further details, please contact the office of the District Legal Services Authority, Civil Court, Lohardaga. You may also contact the Secretary, District Legal Services Authority, Lohardaga, (email id:- dlsalohardaga@gmail.com, Mobile No.:- 9431318932).

PR.NO.380417 Lohardaga(26-27):D Secretary, DLSA, Lohardaga


## धनबाद में विधायक रागिनी सिंह पर आपत्तिजनक टिप्पणी

# नाराज समर्थकों ने बीजेपी जिला अध्यक्ष श्रवण राय का फूंका पुतला

नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** झरिया विधायक रागिनी सिंह के खिलाफ बीजेपी महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय की कथित टिप्पणी को लेकर धनबाद में राजनीतिक माहौल गर्म हो गया। विधायक के समर्थकों और बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने रणधीर वर्मा चौक पर विरोध-प्रदर्शन करते हुए श्रवण राय का पुतला दहन किया और उनकेइस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। 'श्रवण राय हाय-हाय', 'महिला सम्मान से खिलवाड़ बंद करो', 'रागिनी सिंह के सम्मान में हम सब मैदान में' और 'नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेंगे' जैसे नारों से रणधीर वर्मा चौक गूंज उठा।

जानकारी के अनुसार, सांसद ढुल्लू महतो की आभार यात्रा के दौरान श्रवण राय द्वारा कथित रूप से रागिनी सिंह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। इसी नाराजगी के तहत मंगलवार को बड़ी संख्या में समर्थक सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शन में शामिल बीजेपी नेता रश्मि पांडेय और सुनीता साहू ने कहा कि महिलाओं के सम्मान से समझौता नहीं किया जाएगा। उनका कहना था कि रागिनी सिंह क्षेत्र की समस्याओं को लगातार उठाती रही हैं और विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

ऐसे में उनके खिलाफ इस तरह की टिप्पणी न केवल अनुचित है बल्कि महिला सम्मान के खिलाफ भी है।

समर्थकों ने बीजेपी नेतृत्व से मांग की कि श्रवण राय सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और उन्हें जिलाध्यक्ष पद से तत्काल हटाया जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# पीजी पोर्टल शिकायतों के निपटारे में धनबाद पुलिस अव्वल

नवीन मेल संवाददाता


**धनबाद।** पुलिस ने केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (पीजी पोर्टल) पर दर्ज शिकायतों के निष्पादन में पूरे झारखंड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। आम लोगों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान का सकारात्मक परिणाम सामने आया है।

वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर जिले में प्राप्त सभी शिकायतों के समयबद्ध निष्पादन के लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक मामले की लगातार समीक्षा की जा रही है, ताकि शिकायतकर्ताओं को जल्द राहत मिल सके। आंकड़ों के अनुसार 1 मई से 19 मई के बीच पीजी पोर्टल पर धनबाद पुलिस को कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 32 मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन कर दिया गया। जबकि 7 शिकायतों पर कार्रवाई जारी है। इस उपलब्धि के साथ धनबाद पुलिस राज्य में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि आम जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सभी मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके और पुलिस व्यवस्था के प्रति लोगों का भरोसा और मजबूत हो।

## रिश्वतखोरी मामले में सीबीआई ने की बड़ी कार्रवाई

# छापेमारी में सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी व इंस्पेक्टर बिरजू कुमार को गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**गिरिडीह।** रिश्वतखोरी मामले में सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई धनबाद की टीम ने गिरिडीह के सेंट्रल जीएसटी कार्यालय में छापेमारी की और बुधवार देर रात सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी तथा इंस्पेक्टर बिरजू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी बुधवार के दिनभर हुई छानबीन और पूरी तरह से सत्यापन के बाद की गईं है। गिरफ्तारी के बाद गुरुवार को दोनों को सीबीआई अपने साथ लेकर धनबाद चली गई।

**क्या है पूरा मामला :** दरअसल, बिरनी प्रखंड के खाखीपीपर निवासी राजू अंसारी ने एक शिकायत सीबीआई से की थी। राजू के अनुसार उनके पास 95 लाख रुपये का जीएसटी टैक्स जमा करने का नोटिस आया था। विभाग की ओर से उन्हें तीन बार नोटिस भेजा गया।आरोप है कि उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट, गिरिडीह जीएसटी कार्यालय में पदस्थापित सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी तथा इंस्पेक्टर बिरजू कुमार ने आपसी मिलीभगत कर उन्हें नोटिस भेजा था। इस नोटिस के बाद संबंधित अधिकारियों और सीए द्वारा मामले को सेटलमेंट के जरिए खत्म करने की बात कही जाने लगी। इसके एवज में 90 हजार रुपये की घूस मांगी गई। मामले से परेशान होकर राजू अंसारी सीधे धनबाद स्थित सीबीआई कार्यालय पहुंचा और पूरे मामले की जानकारी सीबीआई के एसपी भंवर लाल मीणा को दी। सीबीआई के निर्देश पर घूस की रकम कम कराने को लेकर बातचीत हुई, जिसके बाद 65 हजार रुपये में सौदा तय हुआ।

### योजना के तहत सीबीआई ने की कार्रवाई

ऐसे में सीबीआई ने योजना बनायी। तय योजना के अनुसार बुधवार को राजू अंसारी 50 हजार रुपये लेकर गिरिडीह के सेंट्रल जीएसटी कार्यालय पहुंचा। यहां अधिकारियों ने हाथ में खुद पैसे लेने के बजाय किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से रकम मंगवाई और उसे सुपरिटेंडेंट के घर भिजवा दिया। इस बीच बुधवार सुबह तकरीबन 11 बजे इंस्पेक्टर रघुनाथ कुमार के नेतृत्व में टीम जीएसटी कार्यालय पहुंची और दबिश दी। इसके बाद करीब 13 घंटे तक अधिकारियों से गहन पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दबाव बढ़ने पर सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी के घर से घूस की राशि मंगवाई गई। चूंकि नोटों पर सीबीआई ने पहले से केमिकल लगा रखा था, ऐसे में केमिकल टेस्ट नोट रिश्वत का है। जीएसटी सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी और इंस्पेक्टर बिरजू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि गिरफ्तारी की पुष्टि की है। यहां सीबीआई के अधिकारी ने बताया कि रिश्वत लेने के मामले में सुपरिटेंडेंट बुद्धेश्वर सुंडी और इंस्पेक्टर बिरजू कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

## सांप काटने से किशोरी की हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिले के खुंटपानी प्रखंड अंतर्गत बासाकुटी गांव में सांप काटने से एक 14 वर्षीय किशोरी की हालत गंभीर हो गई। किशोरी की पहचान मोती कंडेयांग के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल चाईबासा लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार मोती कंडेयांग बुधवार रात करीब 11 बजे अपने घर में पलंग पर सो रही थी। इसी दौरान एक चिती सांप पलंग पर चढ़ गया और उसे काट लिया। घटना के बाद परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन रात में ही बच्ची को लेकर सदर अस्पताल चाईबासा पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों ने किशोरी को एंटी वेनम स्नेक डोज दिया।

हालांकि उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों की निगरानी में उसे आईसीयू में भर्ती कर बेहतर इलाज किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद खुंटपानी प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा भी सदर अस्पताल पहुंचे और बच्ची का हालचाल जाना। उन्होंने अस्पताल के डिस्ट्रिक्ट सुपरिटेंडेंट शिवचरण हांसदा से बात कर बेहतर इलाज सुनिश्चित करने को कहा। सिद्धार्थ होनहागा ने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में सांप अधिक संख्या में अपने बिलों से बाहर निकलते हैं।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू**

–:वितीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत 02/05 दुधारू गाय/भैंस एवं डीप बोरिंग की योजना में चयनित लाभुकों के लिये आवश्यक सूचना:–

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र के वितीय वर्ष 2023–24 में चयनित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस एवं डीप बोरिंग की योजना की अनुदान राशि उनके Escrow Account में DBT के माध्यम से 30 मार्च 2024 को ही स्थानांतरित कर दिया गया है, परन्तु 02 वर्ष से अधिक समय होने जाने के बाद भी कुछेक लाभुकों द्वारा अपना लाभुक अंशदान जमा नहीं किये हैं, जिसकी सूची निम्न प्रकार है–

| क्र0 | लाभुक का नाम | पिता/पति का नाम | गांव | पंचायत | प्रखण्ड | मोबाईल न0 | आधार सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा दुधारू गाय का क्रय किया गया है। | | | | | | | |
| 1 | उमा कुमारी | स्व0 बालकृष्णा प्रसाद | नरसिंहपुर पथरा | नरसिंहपुर पथरा | चैनपुर | 7903003494 | 835088310022 |
| 2 | पुष्पा देवी | शम्भु सिंह | चपरवार | दलपतपुर | पिपरा | 9934553787 | 730862620041 |
| 3 | नुरैशा खातुन | क्यूम अंसारी | खैरादोहर | खैरादोहर | नौडीहा बाजार | 9693602493 | 848200620924 |
| 4 | सीमा देवी | पवन कुमार राम | मुरमा कला | गुरहा कला | विश्रामपुर | 6207823478 | 206108725580 |
| 5 | सावित्री देवी | रामसागर राम | मुरमा खुर्द | गुरहा कला | विश्रामपुर | 9304150806 | 652930447216 |
| 6 | मनिता देवी | बबलु मोची | रेवारातु | रेवारातु | सतबरवा | 8521914732 | 568571246920 |
| 7 | शैरा बानो | मकसूद खान | बारी | बारी | सतबरवा | 7479584357 | 526036620943 |
| 8 | सवीता देवी | विनोद यादव | माहुर | कादलकुर्मी | मोहम्मदगंज | 9006652662 | 611794882046 |
| 9 | चिन्ता देवी | जयमोहन ठाकुर | झरी | बरडंडा | हैदरनगर | 9570917174 | 817630147387 |
| 10 | सुमित्रा देवी | कंचन राम | झरी | बरडंडा | हैदरनगर | 8840136711 | 690587941231 |
| 11 | प्रभा देवी | चन्द्रदेव मांझी | गणेशपुर | नौडीहा–2 | पांकी | – | 914810349709 |
| 12 | तारो देवी | सुदामा सिंह | बरवारी | कोड़िया | सदर मेदिनीनगर | 9973965151 | 879385140393 |
| 05 दुधारू गाय की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा दुधारू गाय का क्रय किया गया हैं। | | | | | | | |
| 1 | राजेन्द्र महतो | रामपृत महतो | पोंची | पोंची | सतबरवा | 9110111549 | 465139640998 |
| 2 | मो0 जुबेर अंसारी | सेराज अंसारी | फुलवरीया | सकलदीपा | पांकी | | 629540413412 |
| 3 | प्रतिमा कुंवर | जनेश्वर सिंह | सरईडीह | सरईडीह | नौडीहा बाजार | 9319284993 | 868919015199 |
| 4 | सत्यम कुमार सिंह | राज दुलार सिंह | सुआ | सुआ | सदर मेदिनीनगर | 9709811300 | 222950014011 |
| डीप बोरिंग की योजना में चयनित अवशेष बचे लाभुकों की सूची, जो अभी तक लाभुक अंशदान की राशि जमा नहीं किए हैं और ना ही इनके द्वारा डीप बोरिंग का कार्य किया गया हैं। | | | | | | | |
| 1 | ललीता देवी | स्व0 बालकृष्णा प्रसाद | नरसिंहपुर पथरा | नरसिंहपुर पथरा | चैनपुर | 7903003494 | 657054546626 |
| 2 | जितेन्द्र कुमार यादव | रामजी यादव | छतरपुर | नौडिहा | छत्तरपुर | 8789617172 | 584756111004 |
| 3 | रितेश कुमार वर्मा | स्व0 कृष्णा राम | ढेला | कुराईनपतरा | निलाम्बरपिताम्बरपुर | 9308531019 | 483468588064 |
| 4 | सुमन महतो | राधेश्याम महतो | बैदाकला | उताकी | पाटन | 6299074369 | 571231464417 |
| 5 | उमेश कुमार सिंह | स्व0 जगदीश्वर सिंह | हिसरा पोखराहा | सरजा | सदर मेदिनीनगर | 9801303650 | 369097201703 |

इस आशय की सूचना पूर्व में भी आपके मोबाईल सं0, आम सूचना का प्रकाशन एवं पत्र के साथ प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के माध्यम से भी उक्त योजना से लाभान्वित होने हेतु आप सभी को समय–समय पर सूचना दी गई है परन्तु कुछेक लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान की राशि अपने Escrow Account में जमा नहीं की गई है, वे दिनांक– 25.05.2026 तक अपना लाभुक अंशदान की राशि जमा करते हुए दुधारू पशुमेला जिला गव्य विकास कार्यालय परिसर, आजाद नगर, सुदना, डालटेनगंज से दुधारू गाय का क्रय करना सुनिश्चित करेंगे ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र एवं शत् प्रतिशत पूर्ण हो सके।

डीप बोरिंग की योजना में अवशेष बचे लाभुकों को भी सूचित किया जाता है कि दिनांक– 25.05.2026 तक डीप बोरिंग कराकर लाभुक के साथ बोरिंग का Jio Tag Photo, GST Bill, शपथ पत्र एवं मुखिया/प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी से बोरिंग का सत्यापित कराते हुए जिला गव्य विकास कार्यालय, पलामू को समर्पित करेंगे ताकि राशि भुगतान की जा सके। लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में जमा करना सुनिश्चित करेंगे

उक्त के आलोक में शत् प्रतिशत योजना पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय द्वारा पत्र, आम सूचना का प्रकाशन एवं दूरभाष के माध्यम से पूर्व में भी सूचित किया गया है परन्तु आपके द्वारा अभिरूचि नहीं लिया जा रहा है। यदि किसी कारणवश आपको यह योजना नहीं लेनी है तो प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, आजाद नगर, सुदना, पलामू में हस्तलिखित आवेदन देना चाहेंगे ताकि प्रतीक्षा सूची के दूसरे लाभुकों को आपके खाते से अनुदान राशि स्थानांतरित करने हुए नये लाभुकों को योजना से लाभान्वित किया जा सके।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
पलामू।

PR 380385 District(26-27)#D

राष्ट्रीय नवीन मेल

# दो आधुनिक दहेज हत्याओं से सीख लेगा इंडिया?

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत से इंडिया बनते देश में सबसे ज्यादा दिखावा शादियों में किया जाता है रील्स, डेस्टिनेशन वेडिंग्स और स्टार्टअप की धूम में दो युवा भोपाल की त्विषा शर्मा और ग्रेटर नोएडा की दीपिका नागर सदा के लिए गुम हो गईं। दोनों उन महिलाओं में से थीं, जिनपर भारत गर्व करता है। पढ़ी-लिखी, शहरी, अंग्रेजी बोलने वाली, मध्यमवर्गीय पर स्मार्ट। त्विषा ने फिल्मों में काम किया था और एमबीए कर रही थी जिनसे सोशल मीडिया रंगा हुआ है। दीपिका ग्रेटर नोएडा के के पॉश इलाके से थीं जहां पढ़ाई ही नहीं एलिट सोसाइटी थी, फिर भी दोनों की मौत हो गई। भोपाल में 31 वर्षीय त्विषा शर्मा अपनी शादी के कुछ ही महीनों बाद ससुराल में मृत पाई गईं। उनके परिवार ने दहेज उत्पीड़न और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा, क्योंकि त्विषा आधुनिक भारतीय नारी ऑनलाइन कंटेंट बनाने वाली और आगे पढ़ना चाहती थीं। पुलिस आधुनिक तरीकों सीसीटीवी फुटेज, व्हाट्सएप संदेशों और ससुराल में लगातार की गई क्रूरता के आरोपों की जांच कर रही है। लगभग उसी समय ग्रेटर नोएडा की 24 साल की दीपिका नागर की शादी के महज 18 महीने बाद ही, कथित तौर पर अपने ससुराल की छत से गिरने से मौत हो गई। मायके वालों का आरोप है कि उसे दहेज के लिए पीटा गया और फिर छत से नीचे फेंक दिया गया, ताकि उसकी मौत एक दुर्घटना लगे। ऐसी सच्ची कहानियां छोटे गांवों से अब जाति-धर्म का बंधन तोड़ अशिक्षित परिवारों तक ही नहीं बड़े व्यापारिक-अधिकारियों के घरानों तक पहुंच चुकी हैं । शिक्षा या आर्थिक प्रगति के दिखावे के बावजूद दहेज प्रथा खत्म नहीं हुई, बल्कि इसने अपना रूप हाईटेक बना लिया है। इंडिया आजकल 'उम्मीदों', 'तोहफों', 'सहयोग' या 'घर बसाने' जैसे शब्दों के अंग्रेजी नामों से मांग रहा है। दूल्हे की एक बाजार कीमत तय है। जाति,खानदान से होती हुई पद के नाम पर शादी ऐसी प्रतिष्ठा का सौदा बन जाती है, जो परंपरा के भेष में छिपी होती है और महिलाएं मॉडर्न होने एवं नौकरी करने के बावजूद, विवाह के माध्यम से दूसरे परिवार में 'शर्तों पर आधारित सदस्य' के रूप में प्रवेश करती हैं। बहू के साथ ससुरालवालों का एक सिर्फ एक पीढ़ी का अंतर नहीं होता बल्कि पति से भी अलग एक अलग स्वतंत्र अपना अस्तित्व बन रहा है जिसके टकराव से इंडिया जूझ रहा है । दूसरी ओर नारी सशक्तीकरण अक्सर बनावटी साबित होता है, बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत, विदेश यात्रा करनेवाली,आत्मविश्वास से भरी बेटियों के जीवन में टकराव के बाद शादी टूटना बढ़ा है। अक्सर माता-पिता आज भी दबी जुबान में कहते हैं, 'थोड़ा और समझौता कर लो।' महिलाओं को अपनी सुरक्षा से पहले सब्र करना सिखाया जाता है। त्विषा शर्मा मामले में जो बात विशेष रूप से विचलित करने वाली है, वह केवल दहेज उत्पीड़न का आरोप नहीं है, बल्कि उस व्यक्ति की छवि है, जो कथित तौर पर उस घर का केंद्र था। कोई अशिक्षित पितृसत्तात्मक व्यक्ति नहीं। एक पढ़ी-लिखी महिला-एक पूर्व न्यायाधीश। एक सास, जो त्विषा की मौत के बाद दिए टीवी इंटरव्यू में, अपनी मृत बहू के बारे में बात करते हुए बेहद भावहीन नजर आई। यह बात उस मिथक को तोड़ देती है कि महिलाएं दूसरी महिलाओं को सशक्त बनाती हैं। कुछ भारतीय घरों में, औरतें उसी भेदभावपूर्ण व्यवस्था की रखवाली करने वाली बन जाती हैं, जिसने कभी खुद उन्हें ही दबाया था। सास की भूमिका एक ऐसी संस्थागत पहचान का रूप ले सकती है, जिसकी जड़ें सत्ता, नियंत्रण और बेटे के घर-परिवार को बनाए रखने में गहरी जमी होती हैं। खुद के भोगे हुए कष्टों से, जरूरी नहीं कि हमेशा दूसरों के प्रति सहानुभूति ही पैदा हो। कभी-कभी तो यह उसी चक्र को फिर से दोहरा देती है। जिन महिलाओं ने खुद मुश्किल शादियां झेली हैं, वे कभी-कभी पुल बनाने वाली बनने के बजाय पहरेदार बन जाती हैं। यही एक वजह है कि दहेज और घरेलू हिंसा पढ़े-लिखे घरों में भी कायम है। यह हिंसा हमेशा शारीरिक नहीं होती। कभी-कभी यह भावनात्मक, प्रशासनिक या मनोवैज्ञानिक होती है-हजारों छोटी-छोटी अपमानजनक बातें, जो संभ्रांत परिवारों के भीतर ही होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े बताते हैं कि भारत में आज भी हर साल दहेज से जुड़ी लगभग 7,000 मौतें दर्ज की जाती हैं, यानी, हर दिन करीब 20 महिलाओं की मौत। ये वे ढांचागत विफलताएं हैं, जो बंद दरवाजों के पीछे छिपी हुई हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि शहरी क्षेत्र भी इससे अछूते नहीं हैं। दिखावे की शादी के कारण महिलाओं को सौदे की वस्तु के रूप में देखा जाता है। अक्सर लड़कियां शादी के बाद अपनी परेशानियों के संकेत परिवार को देती हैं, लेकिन कई बार उन्हें एडजस्ट करने की सलाह देकर चुप करा दिया जाता है। शादी के बाद भी बच्चों से लगातार संवाद बनाए रखना चाहिए और उनकी भावनात्मक स्थिति को समझने का प्रयास करना चाहिए।

विचार प्रवाह

जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग चाहे वह अच्छा हो या बुरा, भगवान तक जाता है। **- स्वामी विवेकानंद जी**

# दुनिया को सचेत उपभोग की ओर प्रेरित करना योग साधना का है उद्देश्य

आज की बात



प्रतापराव जाधव
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री, आयुष मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार)

"वर्तमान में हम अभूतपूर्व तकनीकी और भौतिक प्रगति के युग में जी रहे हैं, फिर भी हम जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, बढ़ते मानसिक तनाव, पर्यावरणीय क्षरण और जीवन जीने के अस्थिर तरीकों जैसी चुनौतियों का सामना भी कर रहे हैं"

आज जब दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 मना रही है, मानवता एक निर्णायक सभ्यतागत मोड़ पर खड़ी है। वर्तमान में हम अभूतपूर्व तकनीकी और भौतिक प्रगति के युग में जी रहे हैं, फिर भी हम जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, बढ़ते मानसिक तनाव, पर्यावरणीय क्षरण और जीवन जीने के अस्थिर तरीकों जैसी चुनौतियों का सामना भी कर रहे हैं। इनमें से कई संकटों के मूल में एक ही चुनौती नजर आती है- वस्तुओं का अनियंत्रित और बिना सोचे-समझे किया जाने वाला उपभोग। प्राकृतिक संसाधनों के जरुरत से ज्यादा दोहन से लेकर डिजिटल उपयोगिता पर अत्यधिक निर्भरता और अस्थिर जीवनशैली तक, आज आधुनिक समाज संतुलन से लगातार दूर होता जा रहा है। और इसी संदर्भ में, योग न केवल एक प्राचीन स्वास्थ्य अभ्यास के रूप में, बल्कि एक जिम्मेदार जीवन जीने के लिए एक कालातीत रूपरेखा के रूप में उभर कर सामने आता है। योग मानवता को आत्म-नियमन, संयम और सचेत विकल्पों की ओर एक शक्तिशाली मार्ग प्रदान करता है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने भीतर और अपने आस-पास की दुनिया के साथ सामंजस्य कैसे स्थापित करें। अत्यधिक उपभोग की वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए, हमारे प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व ने 'मिशन लाइफ' (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) के ज़रिए एक सशक्त दिशा प्रदान की है। कॉप 26 में, प्रधानमंत्री ने एक ऐसे सिद्धांत को सामने रखा, जो योग के दर्शन से गहराई के साथ जुड़ा हैः "आज जरूरत है सचेत और सोच-समझकर उपयोग करने की, न कि बिना सोचे-समझे और विनाशकारी तरीके से उपभोग करने की।" हाल ही में, वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति-श्रृंखला में आई बाधाओं के बीच, प्रधानमंत्री ने इस अपील का विस्तार करते हुए इसे एक दैनिक नागरिक जिम्मेदारी का रूप दिया। उन्होंने नागरिकों को प्रोत्साहित किया कि वे जान-बूझकर ऐसे उपभोग को सीमित करें, जिनसे बचा जा सकता है, जैसे ईंधन बचाना, अनावश्यक ऊर्जा का उपयोग कम करना, और गैर-जरूरी खर्चों पर दोबारा विचार करना। यह अपील किसी चीज़ की कमी या अभाव पर आधारित नहीं है, बल्कि, यह सामूहिक सशक्तिकरण, निरंतरता और राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी के लिए एक रणनीतिक और नैतिक आह्वान है। जैसा कि उन्होंने हमें याद दिलायाः "हर छोटा-बड़ा प्रयास मायने रखता है, ठीक वैसे ही जैसे हर एक बूंद से घड़ा भरता है।" ये विचार योग के बुनियादी सिद्धांतों से गहराई से जुड़े हुए हैं। योग दर्शन 'अपरिग्रह' - यानी अनावश्यक चीज़ों को जमा करने से बचना और 'संतोष' यानी अपनी असली जरूरतों से संतुष्ट रहना, की बात करता है। ये सिद्धांत मिलकर एक ऐसी सोच पैदा करते हैं, जो लोगों को अंधाधुंध उपभोग से दूर सचेत जीवन की ओर प्रेरित करती है। योग हमें निष्क्रिय उपभोक्ता से बदलकर इस धरती का ज़िम्मेदार रखवाला बनाता है।



● अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026

पृथ्वी पर इंसानी जरूरतों को पूरा करने के लिए तो काफी संसाधन हैं, लेकिन इंसान की असीमित लालच को पूरा करने के लिए नहीं। योग प्रकृति के साथ हमारे आपसी जुड़ाव की भावना को गहरा करके इस जागरूकता को फिर से जगाने में मदद करता है। जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जो भोजन हम करते हैं और जिस स्थिरता की हम तलाश करते हैं, ये सभी एक साझा पारिस्थितिक तंत्र का हिस्सा हैं। योग का अभ्यास धीरे-धीरे हमारे व्यवहार को भीतर से बदल देता है। यह मन की बेचैनी को शांत करता है, जल्दबाजी वाली आदतों को कम करता है और आत्म-अनुशासन को मजबूत बनाता है। आज की दुनिया, जो पल भर के सुख और अत्यधिक उपभोगवाद से संचालित होती है, उसमें योग वह आंतरिक स्पष्टता पैदा करता है, जिसकी ज़रूरत हमें अपनी असली जरूरतों और कभी न खत्म होने वाली इच्छाओं के बीच फर्क समझने के लिए होती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण तथा आयुष, दोनों मंत्रालयों से जुड़े मंत्री के तौर पर, मैं हर दिन यह देखता हू कि योग किस तरह गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) के खिलाफ एक निवारक सार्वजनिक स्वास्थ्य साधन के रूप में काम करता है। शारीरिक गतिविधि, मानसिक संतुलन और अनुशासित जीवन शैली को बढ़ावा देकर, योग अस्वस्थ आदतों और अत्यधिक चिकित्सीय हस्तक्षेपों पर हमारी निर्भरता को कम करता है। एक योगिक जीवन शैली स्वाभाविक रूप से सादगी, संयम, संतुलित पोषण, कम बर्बादी और संसाधनों के सचेत उपयोग को बढ़ावा देती है, ठीक वही व्यवहारिक बदलाव, जो पर्यावरणीय स्थिरता के लिए जरुरी है। इस प्रकार, योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का एक मार्ग है, बल्कि यह व्यवस्था में जिम्मेदारीपूर्ण जीवन के लिए एक व्यावहारिक ढांचा भी है। आज, जब योग दुनिया के लिए भारत के सबसे प्रभावशाली योगदानों में से एक बन गया है। यह स्वास्थ्य, सद्भाव और सामूहिक कल्याण की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति भी बन चुका है। जो योग एक प्राचीन सभ्यतागत प्रथा के रूप में शुरू हुआ था, वह आज एक वैश्विक आंदोलन बन गया है, जो भूगोल, राजनीति, भाषा और संस्कृति की सीमाओं से परे है। हर साल, कई महाद्वीपों में लाखों लोग योग समारोहों में भाग लेते हैं। वे केवल आसन ही नहीं करते, बल्कि एक स्वस्थ, अधिक संतुलित और टिकाऊ जीवन की साझा आकांक्षा को भी अपनाते हैं। योग निवारक स्वास्थ्य सेवा, मानसिक कल्याण और सचेत जीवन शैली की एक सार्वभौमिक भाषा के रूप में उभरा है। योग के जरिए, भारत ने दुनिया को समग्र स्वास्थ्य के लिए एक ऐसा गैर-बाध्यकारी और समावेशी ढांचा प्रदान किया है, जो आधुनिक चिंताओं का समाधान शाश्वत ज्ञान के साथ करता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का यही महत्व है। चूंकि योग दुनिया भर में लाखों लोगों के जीवन को छूता है, इसलिए यह बड़े पैमाने पर व्यवहारिक परिवर्तन को प्रेरित करने के लिए एक बेजोड़ मंच भी प्रदान करता है। योग की सामूहिक भावना के जरिए, स्थिरता, संयम और सचेत जीवन-शैली के संदेश अधिक दूर तक पहुंच सकते हैं और लोगों के मन में गहरी छाप छोड़ सकते हैं। सच्चा कल्याण अकेले अस्तित्व में नहीं हो सकता। मानव स्वास्थ्य, सामुदायिक कल्याण और संपूर्ण ग्रह का स्वास्थ्य आपस में गहराई से जुड़े हुए हैं। जलवायु परिवर्तन, जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और पर्यावरण के क्षरण की चुनौतियों के लिए न केवल नीतिगत हस्तक्षेप, बल्कि व्यवहार में परिवर्तन भी जरुरी है। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, आइए हम अपनी प्रतिबद्धता को योग मैट से आगे बढ़ाएं। आइए हम योग को केवल दैनिक अभ्यास के रूप में ही नहीं, बल्कि जीवन शैली के रूप में अपनाएं।

# तरबूज : अफवाहों के बाजार से पसर गया है डर का साया

अलग बात



केदारनाथ दास

इन दिनों तरबूज को लेकर सोशल मीडिया की मेहरबानी कुछ अधिक ही बढ़ सी गई है। मौसम गर्मियों का चल रहा है और इस मौसम में तरबूज का सुर्ख चटक रंग मन को बड़ा सुकून देने वाला माना जाता है। विटामिन ए और सी से भरपूर यह एक ऐसी लाली है जो न केवल स्वादिष्ट होता है बल्कि शरीर के लिए जल और ऊर्जा का एक प्राकृतिक स्रोत माना जाता है। तेज गर्मी, पसीना व लू के मौसम में तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह अपने आप में 90–92% तक पानी का बेहतरीन व नैसर्गिक स्रोत होता है। लू और गर्मी से राहत देने की क्षमता रखने वाला यह फल दिल और रक्तचाप के लिए भी लाभकारी होता है क्योंकि इसमें पोटैशियम और लाइकोपीन जैसे तत्व पाए जाते हैं, जो हृदय के स्वास्थ्य और रक्तचाप संतुलन में सहायक माने जाते हैं। सबसे दिलचस्प तथ्य यह बताया जाता है कि सीमित मात्रा में इसका उपयोग मधुमेह रोगियों के द्वारा भी किया जा सकता है क्योंकि इसमें पानी अधिक और कैलोरी कम होती है। इतना ही नहीं, हल्का और आसानी से पचने वाला फल होने के कारण यह पेट को आराम देने की क्षमता भी रखता है। गुणों की दृष्टि से इतना शानदार फल होने के बावजूद इस वर्ष यह विवादित बन कर रह गया है क्योंकि सोशल मीडिया में तरबूज खाकर मौत की खबरें काफी ट्रेंड कर रही हैं। ऐसे में जब एक अज्ञात भय सामने ट्रेंड कर रहा है तब इस विषय को लेकर आम लोग काफी दिग्भ्रमित हो रहे हैं और इस एक कारण से तरबूज उत्पादक किसान परेशान हैं। संदर्भवश यह दावा तो नहीं किया जा सकता है कि ये बातें सिर्फ "अफवाह" हैं लेकिन यह कहना भी गलत है कि तरबूज सामान्य रूप से जहरीला हो गया है या हर तरबूज खतरनाक है। इस बात को लेकर सरकार के स्तर से भी कोई स्पष्ट रिपोर्ट सामने नहीं है क्योंकि कई मामलों में जांच चल रही है और हर घटना से एक जैसे किसी कारण की पुष्टि नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि मुंबई में एक परिवार की मौत के मामले में शुरुआती चर्चा तरबूज पर हुई लेकिन इस मामले में अंततः में चूहामार जहर "जिंक फॉस्फाइड" मिलने की बात सामने आई। ऐसे में, यहां मौत का कारण सिर्फ तरबूज के सेवन को नहीं माना गया। इसी तरह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि प्रदेशों से भी तरबूज खाने के बाद लोगों के बीमार होने या मौत की खबरें आई हैं। इन मामलों की भी जांच की रही है और मिल रही प्रारंभिक सूचना के अनुसार फूड पॉइजनिंग, रखरखाव और मिलावट आशंका से इंकार नहीं किया जा रहा है। बहरहाल इन सब बातों के आलोक में तरबूज खाकर लोग मर रहे हैं" जैसा कोई डर फैलाना उचित नहीं है। कुछ संदिग्ध मामलों में किसी भी तरह का दूषित भोजन गंभीर बीमारी का कारण बनता ही है और तरबूज भी इसके दायरे में होता ही है। अक्सर खराब भंडारण, रसायन, सड़न, जहरीले पदार्थ के संपर्क आदि के कारण कोई भी फल या खाद्य पदार्थ मानवीय स्वास्थ्य के लिए खतरा बनता ही है और सिर्फ इस आधार पर सामान्य व ताजा तरबूज पर सवाल खड़े कर देना कतई उचित नहीं है। दुर्भाग्यवश सोशल मीडिया में कुछ ऐसा ही खेल चल रहा है और नतीजा सामने है जब तरबूज उत्पादक स्थानीय किसानों के फसल को लागत कीमत भी नहीं मिल पा रहा है। स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि खेतों से हाट बाजार तक पहुंच रहे तरबूज बमुश्किल दस रुपए प्रति नग बिक रहे हैं। किसानों के अनुसार इस लागत में सिर्फ हाट बाजार तक पहुंचाने वाले परिवहन खर्च को जोड़ दिया जाए तो प्रति नग तरबूज के लिए उन्हें महज दो से तीन रुपए ही मिल रहे हैं और उनके सामने "भागते भूत को लंगोटी भली वाली" स्थिति पैदा हो गई है। हो सकता है इसके सेवन के बाद कहीं कहीं फुड पोइजनिंग की घटनाएं हुई हैं परन्तु इसका यह मतलब कतई नहीं है कि हर तरबूज की लाली से पूरी तरह परहेज कर लिया जाए। हां, इसे लेकर कुछ सावधानी बरतनी चाहिए और सड़क किनारे लंबे समय से रखा व कटा हुआ खुला तरबूज तो से परहेज किया जाना चाहिए। बहुत चमकीला या असामान्य रंग दिखे, तो इसके उपभोग से बचें और खाने से पहले इसे अच्छी तरह धो लें। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

## खादी पंखों वाली आत्मा



सुरेश मिश्रा उरतृप्त

सत्ता की रीढ़ जितनी लचीली होती है, चापलूसी के सुर उतने ही मधुर सुनाई देते हैं। उस दोपहर महामहिम की कचहरी में एक ऐसी ही जादुई चिड़िया लाई गई, जिसके पंख पूरी तरह खादी के रंग में रंगे थे। राजा को हमेशा से ऐसे ही वफादारों की तलाश थी जो बिना कुछ सोचे-समझे वही कहें जो सिंहासन सुनना चाहता है। राजा ने अपनी मूछों पर ताव देते हुए उस नन्हें जीव की तरफ देखा और अपनी प्रशासनिक धाक जमाने के लिए पूछा कि कहो मियां, हुकूमत का क्या हाल है। चिड़िया ने एक बार अपनी गर्दन घुमाई, दरबारियों की सूनी आँखों में झांका और सीधे सच का तेजाब उगल दिया। उसने कहा कि हुजूर, आपके महलों की चमक असल में झोपड़ियों के अंधेरे की कतरन से बनी है और आपकी नीतियां जनता की जेब काटने का सबसे सुसंस्कृत औजार हैं। राजा का चेहरा गुस्से से लाल हो गया क्योंकि सिंहासन कभी भी यथार्थ का नग्न नृत्य बर्दाश्त नहीं करता। राजा ने तुरंत मालिक की तरफ देखा और गरजते हुए पूछा कि क्या यही मेरे मन की बात है जो यह बदतमीज जीव सरेआम बोल रहा है। मालिक ने बहुत ही मखमली मुस्कान के साथ कहा कि हुजूर, आप इसके स्थान का भूगोल बदल कर देखिए, इसका वैचारिक इतिहास तुरंत बदल जाएगा। जैसे ही उस जीव को मंत्रियों की कतार में एक मखमली और खाली कुर्सी पर बिठाया गया, उसके भीतर का विद्रोही अचानक आत्मसमर्पण कर बैठा। उसकी आँखों में वह दिव्य श्रद्धा तैरने लगी जो केवल मुफ्त के भत्तों और मलाईदार विभागों को देखकर पैदा होती है। राजा ने दोबारा वही सवाल दोहराया तो इस बार चाटुकारिता की ऐसी गंगा बही कि पूरा दरबार उस कीचड़ में नहा गया। उसने कहा कि अन्नदाता, आपके पैरों की धूल चंदन से ज्यादा पवित्र है और आपके शासन में भुखमरी भी एक आध्यात्मिक साधना जैसी लगती है। राजा इस जादुई परिवर्तन को देखकर हैरान था क्योंकि उसने अपनी पूरी जिंदगी में इतनी जल्दी निष्ठा बदलते केवल इंसानों को देखा था। व्यवस्था का यह चरित्र देखकर राजा ने अपनी उत्सुकता शांत करने के लिए उसे एक छोटे सिपाही के लकड़ी के स्टूल पर रखवा दिया।

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म

## सदा अच्छे विचार, भाव, स्वभाव और व्यवहार बनाने का प्रयास



स्वामी चिन्मयानंद

सच्चे और उपयोगी कार्यकर्ता बनने के लिए अपने में इस प्रकार का पूरा परिवर्तन लाना ही होगा। हमारे निकट आने वाले लोग हमारा विश्लेषण और अध्ययन विवेक के साथ करेंगे। उनके बीच हमारा कार्य उनके कल्याण और आन्तरिक विकास के लिए है। यदि वे हमारे अन्दर दुर्बलता या कोई गड़बड़ी पायेंगें तो वे निश्चय ही हमसे दूर रहेंगे। हमें उनकी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा। अतः हम सब लोगों की तत्काल मांग यही होना चाहिए - "सद्गुण विकसित करो और दैनिक जीवन में सहज भाव से उनको प्रकट होने दो। हम सदा ध्यान रखें कि संसार कठोरता के साथ हमारे मानसिक और शारीरिक व्यवहार का चुपचाप निरीक्षण कर रहा है। उसकी नजर से कुछ भी नहीं बच सकता। वचना भी नहीं चाहिए। हमारे सहसा उत्पन्न विचारहीन अथवा अचेतन कार्य और शब्दों का भी कुछ परिणाम होता है। हमें देख रहे पुरुषों के लिए वही उनके हाथ का डंडा बन जाता है जिसे वे हमारी पीठ पर जमा देते हैं। सद्गुणों और धार्मिक मूल्यों की शिक्षा देने वाले हम लोगों को बहुत सावधान रहना है। हमारे मुख से निकले हर शब्द का, हमारे मुख पर प्रकट होने वाले हर भाव का, हमारे शरीर की हर क्रिया का, हमारी हर चाल-ढाल और हर आदत का लोग सावधानी से निरीक्षण कर रहे हैं। वे हमारे साथ सहानुभूति रखने या हमारी त्रुटियों की उपेक्षा करने की अपेक्षा हमारी अच्छाइयों में भी दोष निकलाने का प्रयास करेंगे। समाज में अन्य लोगों पर हम अपनी बात-व्यवहार का जो प्रभाव डालते हैं उसी के आधार पर वे हमारे प्रति धारणा बना लेते हैं। उनकी स्वीकृति ही हमारे लिए कार्य-क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुज्ञा है। अतः सदा अच्छे विचार, भाव, स्वभाव और व्यवहार बनाने का प्रयास करें, जिससे हमारा व्यक्तित्व प्रभावशाली बने।

**–पुस्तक अवश्य करें से साभार**

फेसबुक वॉल से





एक्स से





# लोकतंत्र में भाषा की मर्यादा और राहुल गांधी की राजनीतिक चुनौती

देश की बात



कांतिलाल मांडोत

भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद हमेशा से रहे हैं। चुनावी सभाओं में आरोप-प्रत्यारोप भी होते रहे हैं और नेताओं के बीच तीखी बयानबाजी भी कोई नई बात नहीं है। लेकिन लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत यही मानी जाती है कि विचारों की लड़ाई गरिमा और मर्यादा के भीतर लड़ी जाए। जब कोई नेता देश के प्रधानमंत्री या गृहमंत्री जैसे संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करता है तो वह केवल राजनीतिक हमला नहीं रह जाता बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। आज इसी संदर्भ में राहुल गांधी की भाषा और उनकी राजनीतिक शैली चर्चा के केंद्र में है। कांग्रेस पार्टी के सबसे बड़े चेहरे के रूप में राहुल गांधी लंबे समय से भारतीय राजनीति में सक्रिय हैं। गांधी परिवार की विरासत और कांग्रेस की ऐतिहासिक पहचान उनके साथ जुड़ी हुई है। वे देशभर में यात्राएं करते हैं जनता के बीच जाते हैं और खुद को आम लोगों की आवाज के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास करते हैं। लेकिन अक्सर उनकी कुछ टिप्पणियां और बयान विवादों में आ जाते हैं। हाल ही में उन्होंने नरेंद्र मोदी और अमित शाह को लेकर जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किया उसने राजनीतिक बहस को और गर्म कर दिया। उन्होंने मोदी सरकार पर हमला करते हुए तीखे शब्द कहे और इटली की प्रधानमंत्री को दी गई मेलोडी चॉकलेट पर भी तंज कस दिया। यह टिप्पणी राजनीतिक मंच से कही गई लेकिन जनता के एक बड़े वर्ग को यह असहज लगी। भारतीय राजनीति में आलोचना का अधिकार सभी को है। विपक्ष का काम ही सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना है। लेकिन जब आलोचना व्यक्तिगत कटाक्ष या व्यंग्य का रूप ले लेती है तब उसका असर उल्टा भी पड़ सकता है। राहुल गांधी के विरोधियों का कहना है कि वे कई बार बिना सोचे समझे बयान दे देते हैं जिससे उनकी राजनीतिक परिपक्वता पर सवाल उठते हैं। यही कारण है कि उनके भाषणों की चर्चा अक्सर मुद्दों से ज्यादा विवादित शब्दों को लेकर होने लगती है।

राहुल गांधी की राजनीति का एक बड़ा पक्ष यह रहा है कि वे खुद को जमीन से जुड़ा नेता दिखाने की कोशिश करते हैं। वे गांवों में जाते हैं युवाओं से मिलते हैं किसानों और मजदूरों के साथ संवाद करते हैं। उनकी सभाओं में युवाओं की भीड़ भी दिखाई देती है। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस लगातार कई राज्यों में चुनाव हारती गई है। उत्तर प्रदेश बिहार गुजरात मध्यप्रदेश और राजस्थान जैसे बड़े राज्यों में भाजपा ने अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। भाजपा की लगातार चुनावी सफलताओं ने कांग्रेस को रक्षात्मक स्थिति में ला दिया है। ऐसे माहौल में राहुल गांधी पर पार्टी को पुनर्जीवित करने का दबाव स्वाभाविक रूप से बढ़ा है। यही दबाव कई बार उनकी भाषा में झलकता हुआ दिखाई देता है। भाजपा समर्थकों का मानना है कि लगातार चुनावी हार और जनता के घटते समर्थन के कारण राहुल गांधी आक्रामक बयानबाजी कर रहे हैं। उनके अनुसार भाजपा की एक के बाद एक राज्यों में जीत ने कांग्रेस नेतृत्व को असहज कर दिया है और इसी कारण राहुल कई बार संयम खो बैठते हैं। राजनीति में जब तर्क कमजोर पड़ने लगते हैं तब शब्दों की तीक्ष्णता बढ़ जाती है और यही स्थिति आज कांग्रेस के भीतर भी दिखाई देती है। दूसरी ओर भाजपा ने अपने नेतृत्व को राष्ट्रवाद विकास और मजबूत प्रशासन की छवि के साथ स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राएं भारत की वैश्विक छवि को मजबूत करने के रूप में प्रस्तुत की जाती हैं। चाहे जी20 सम्मेलन हो या दुनिया के बड़े नेताओं के साथ बैठकें भाजपा इसे भारत के बढ़ते प्रभाव का प्रमाण बताती है। ऐसे में इटली की प्रधानमंत्री को मेलोडी चॉकलेट देने जैसे प्रसंग पर राहुल गांधी का तंज भाजपा समर्थकों को देश की प्रतिष्ठा का मजाक उड़ाने जैसा लगा। उनके आलोचकों का कहना है कि अगर किसी विदेशी नेता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया गया तो उसे व्यंग्य का विषय बनाने के बजाय सकारात्मक दृष्टि से देखा जाना चाहिए।

भारतीय संस्कृति में विरोध के बीच भी सम्मान बनाए रखने की परंपरा रही है। संसद में अटल बिहारी वाजपेयी और इंदिरा गांधी जैसे नेताओं के बीच तीखे मतभेद थे लेकिन भाषा की गरिमा बनी रहती थी। आज के दौर में सोशल मीडिया और टीवी बहसों ने राजनीति को अधिक आक्रामक बना दिया है। नेताओं के बयान तुरंत वायरल होते हैं और जनता की प्रतिक्रिया भी तुरंत सामने आ जाती है। ऐसे समय में हर शब्द की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। राहुल गांधी जैसे बड़े नेता से लोगों की अपेक्षा रहती है कि वे अपने शब्दों का चयन सोच समझकर करें। राहुल गांधी की सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वे खुद को एक गंभीर और वैकल्पिक राष्ट्रीय नेता के रूप में स्थापित करें। केवल सरकार की आलोचना करना पर्याप्त नहीं होता बल्कि जनता को यह भरोसा भी दिलाना होता है कि आपके पास बेहतर दृष्टि और मजबूत नेतृत्व क्षमता है। कई बार राहुल गांधी के भाषणों में भावनात्मक अपील तो दिखाई देती है लेकिन स्पष्ट राजनीतिक दिशा कम नजर आती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

बड़े व्यस्त रहने लगे, अब हकीम औ' वैद।
मौसम ने आ कर दिया सबको घर में कैद।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

**लोहरदगा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्य के विकास, लोहरदगा जिले की आवश्यकताओं, युवाओं के खेल विकास तथा जिले में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान लोहरदगा के विकास को लेकर कई अहम बिंदुओं पर सकारात्मक संवाद हुआ। पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विशेष रूप से लोहरदगा स्थित बीएस कॉलेज परिसर में मौजूद क्रिकेट मैदान को विकसित करने की मांग रखी। युवाओं को खेल गतिविधियों की ओर प्रेरित करने, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने तथा बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान झारखंड की वर्तमान राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर भी चर्चा हुई। राज्य के विकास, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा विभिन्न क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में कई महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय जरूरी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि "धीरू बाबू हमारे अभिभावक हैं। मैं इनकी हर बात का सम्मान करता हूं।" मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के वरिष्ठ नेताओं का अनुभव सरकार के लिए मार्गदर्शक होता है और उनके सुझावों को गंभीरता से लिया जाता है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि लोहरदगा के विकास और खेल सुविधाओं को मजबूत करने के प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल की जाएगी।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, उपायुक्त ने कहा

# दुर्घटना आशंकित स्थान में साइनेज लगवाएं, स्थान की संयुक्त जांच करें

- वाहनों की गति धीमी करने के लिए रंबल स्ट्रिप लगाएं

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक उपायुक्त संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा की टीम को दुर्घटना संभावित स्थलों की जांच करने और चिन्हित स्थलों पर सुरक्षा संबंधित साइनेज लगाये जाने का निदेश एनएच, रांची को दिया गया। साथ ही, कुडू ब्लॉक मोड़ और टाटी चौक में वाहनों के गति को नियंत्रित करने हेतु रंबल स्ट्रिप लगाये जाने का निदेश दिया गया। उपायुक्त के निदेश पर दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित करने हेतु अनुमण्डल पदाधिकारी, डीएसपी/एसडीपीओ, जिला परिवहन पदाधिकारी, थाना प्रभारी और सड़क सुरक्षा कार्यालय की एक टीम गठित की गयी। हिट एण्ड रन के मामलों में जिन थानों की ओर से अब तक दस्तावेज प्राप्त नहीं हैं उन थानों हिट एण्ड रन के दस्तावेज जिला परिवहन कार्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया।

नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को नगर परिषद क्षेत्र के नो पार्किंग जोन में पार्किंग करने पर एवं सड़क पर अतिक्रमण की स्थिति में कार्रवाई करने का निदेश दिया। इसके अतिरिक्त जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से ड्रंक एण्ड ड्राईविंग, ओवर स्पीडिंग, बिना हेल्मेट के वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग आदि मामलों में नियमित रूप से विभिन्न चौक-चौराहों/पिकेट पर चेकिंग अभियान चलाने व आर्थिक दण्ड वसूल करने का निदेश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी समीर तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी जया सांखी मुर्मू, खनन पदाधिकारी अबु हुसैन,सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व सड़क सुरक्षा कार्यालय के प्रबंधक व कर्मी उपस्थित थे।

## भंडरा सीओ ने आम जनता से शांति बनाए रखने की अपील की

**भंडरा ।** भंडरा क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह तेजी से फैल गई है। इस अफवाह के कारण स्थानीय पेट्रोल पंपों पर वाहनों की भारी और बेकाबू भीड़ उमड़ पड़ी है। लोग आने वाले दिनों में ईंधन की कमी के डर से अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने और घरों के लिए स्टॉक करने में जुट गए हैं। स्थिति को बिगड़ता देख अंचलाधिकारी दुर्गा कुमार ने तत्परता दिखाते हुए आम जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और लोगों को घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। उन्होंने जनता से किसी भी तरह की भ्रामक अफवाहों पर विश्वास न करने का आग्रह किया है। सीओ ने चेतावनी दी है कि जो लोग डर के मारे या कालाबाजारी के उद्देश्य से अपने घरों में अवैध रूप से तेल का स्टॉक कर रहे हैं, उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ऐसे लोगों पर कड़ी नजर रख रहा है। यदि किसी के घर में जांच के दौरान तेल का अवैध स्टॉक पाया जाता है, या इस संबंध में कोई गुप्त सूचना मिलती है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कदम उठाए जाएंगे। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सीओ ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को एक कड़ा निर्देश जारी किया है। अब से किसी भी दोपहिया वाहन चालक को बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। उन्होंने पंप प्रबंधकों को 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' के नियम का सख्ती से पालन करने को कहा है, ताकि सड़क सुरक्षा नियमों को बढ़ावा दिया जा सके।

## पांच माह की गर्भवती नाबालिग ने फांसी लगा कर आत्महत्या करने का प्रयास किया

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के भौंरो गांव में गुरुवार को एक पांच माह की गर्भवती नाबालिग ने फांसी लगा कर आत्महत्या करने का प्रयास किया है, हालांकि समय रहते स्थानीय युवकों की तत्परता से नाबलिग को फांसी के फंदे से उतार कर नाबालिग को सीएचसी भंडरा पहुंचाया गया। जहां नाबालिग को प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि भौंरो गांव की पांच माह की गर्भवती नाबालिग ने मलंग टोली स्थित आम बगीचा में दुपट्टा के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे स्थानीय युवकों द्वारा त्वरित फांसी के फंदे से उतारकर सीएचसी भंडरा पहुंचाया। जहां पहुंचते ही गर्भपात हो गई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर नाबालिग को सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता सीएचसी पहुंच जांच पड़ताल शुरु कर दी है। उन्होंने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया में प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। इस मामले में भंडरा थाना पुलिस अग्रतर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

## बिशु सेंदरा कार्यक्रम की सफलता पर जिला राजी पड़हा व्यवस्था ने जताया आभार

**लोहरदगा ।** जिला राजी पड़हा व्यवस्था लोहरदगा के तत्वावधान में सेन्हा प्रखंड के झालजमीरा स्थित जामुनडीपा टाना टोली में आयोजित पारंपरिक बिशु सेंदरा कार्यक्रम के सफल एवं शांतिपूर्ण संपन्न होने पर जिला राजी पड़हा व्यवस्था ने सभी समाजजनों, पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिला राजी पड़हा व्यवस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आयोजन आदिवासी संस्कृति, परंपरा, सामाजिक एकता एवं प्रकृति संरक्षण की भावना को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न पड़हा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पाहन, पुजार, महतो, गौरव, जेठरैयत, ग्रामीण एवं समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी की सहभागिता और सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। पड़हा की ओर से जिला राजी पड़हा व्यवस्था लोहरदगा के बेल लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा गया कि कार्यक्रम के दौरान समाज की परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित रखने का संदेश दिया गया। साथ ही युवाओं से अपनी संस्कृति एवं विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया। जिला राजी पड़हा व्यवस्था ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस प्रशासन, मीडिया प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों तथा आम ग्रामीणों के प्रति विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। समिति ने कहा कि समाज की एकजुटता, अनुशासन और पारंपरिक मूल्यों के कारण ही यह आयोजन शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित एवं संस्कृति संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से कार्य किया जाता रहेगा।

## सगे मौसा ने 9 वर्षीय मासूम के साथ की हैवानियत, आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के कैरो थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने और पारिवारिक रिश्तों पर से भरोसे को उठाने वाली एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। यहाँ एक कलयुगी मौसा ने अपनी ही 9 वर्षीय मासूम भतीजी/भांजी को हवस का शिकार बनाया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मौसा को कुडू बस स्टैंड से उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह भागने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता मूल रूप से लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसके पिता द्वारा दूसरी शादी कर लिए जाने और मां के काम की तलाश में चेन्नई चले जाने के कारण, बच्ची को उसकी मौसी देखभाल के लिए कैरो थाना क्षेत्र स्थित अपने घर ले आई थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी मौसा घर में बच्ची को अकेला पाकर पिछले कुछ समय से उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता रहा। आरोपी ने एक बार फिर मासूम के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं, जिससे बच्ची की स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई। बदहवास हालत में आरोपी उसे इलाज के लिए कुडू स्थित एक अस्पताल लेकर पहुंचा। वहाँ बच्ची को गंभीर स्थिति में छोड़कर जब वह भागने की कोशिश कर रहा था, तभी पुलिस को मामले की गुप्त सूचना मिल गई। सूचना मिलते ही सक्रिय हुई कुडू थाना पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को कुडू बस स्टैंड से दबोच लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुडू थाना में सुसंगत धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। एसपी सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि एक नाबालिग बच्ची के साथ उसके रिश्तेदार द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की गहनता से जांच और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ

**लोहरदगा।** ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ किया गया।शिविर के पहले दिन विद्यालय परिसर बच्चों की उत्साहपूर्ण गतिविधियों, खेलकूद और खुशियों से गूंज उठा। ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए कई मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत योग एवं वार्मअप सत्र से हुई, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इसके बाद एकाग्रता बढ़ाने वाले खेल, शब्द खोजो एवं घेरा बनाओ गतिविधि, म्यूजिकल चेयर, कविता प्रस्तुति तथा रस्साकशी जैसे कई रोचक खेल आयोजित किए गए। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को खेल-खेल में सीखने की प्रेरणा दी। शिविर में बच्चों को अनुशासन, टीम भावना,आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें भी सिखाई गईं। निदेशक मुकेश गुप्ता ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए ग्रीष्मकालीन शिविर के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## पीएमश्री मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा में तीन दिवसीय समर कैंप का समापन

**लोहरदगा।** पीएम श्री राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा, लोहरदगा में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह गुरुवार को बड़े ही उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। समर कैंप के तीसरे दिन बच्चों ने स्वदेशी खेल, नृत्य-संगीत, क्विज, कविता पाठ, भाषण, हस्तकला और लोक संस्कृति आधारित गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर बच्चों की हंसी, उत्साह और रचनात्मक ऊर्जा से सराबोर रहा। बच्चों ने खेल-खेल और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई की बारीकियों को सहज रूप में समझा तथा सीखने के नए अनुभव प्राप्त किए। कक्षा एक से पांचवीं तक के बच्चों ने शिक्षिकाएं नेमहंती मिंज एवं नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में जुंबा व्यायाम, फिटनेस गतिविधियां, स्वदेशी खेल, प्रतिभा प्रदर्शन, हस्तकला और पठन कला में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने कंचे का खेल, कविता पाठ, समूह नृत्य तथा "मेरा विद्यालय, मेरा गांव" विषय पर लघु भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने शिक्षक राहुल कुमार, सुमित्रा टोप्पो, अनूप एक्का एवं उजबेला तिर्की के निर्देशन में जुंबा व्यायाम, गिल्ली-डंडा, पिट्टू और गुलेल जैसे पारंपरिक स्वदेशी खेलों का शानदार प्रदर्शन किया।

## भाजपा नेता यदुनंदन तिवारी एवं पत्रकार नंदलाल तिवारी की माताजी का निधन

**लोहरदगा।** भाजपा नेता यदुनंदन तिवारी एवं पत्रकार नंदलाल तिवारी की माताजी द्रौपदी देवी (85 वर्ष),पति स्वर्गीय कृष्ण कुमार तिवारी का दोपहर करीब 2:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया।बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं तथा उनका इलाज जारी था।द्रौपदी देवी के निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।परिजन शुभचिंतक एवं विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।बड़ी संख्या में लोग परिवार को सांत्वना देने उनके आवास पहुंच रहे हैं।वही परिवार वालों ने बताया कि दिवंगत द्रौपदी देवी का अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा।

# घर का आंगन महक उठता है जहां बुजुर्ग होते हैं : सच्चिदानंद

- बुजुर्गों का सेवा व सम्मान हमारी परंपरा एवं पहचान है : शशिधर
- विद्या मंदिर स्कूल में दादा -दादी ,नाना -नानी सम्मान समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में दादा -दादी ,नाना -नानी सम्मान समारोह का भव्य एवं भावपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय,सचिव अजय प्रसाद, जीतनराम बड़ाइक, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे शामिल हुए। अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान हमारी परंपरा एवं पहचान है। ऐसे कार्यक्रम भैया -बहनों में संस्कार संवेदनशीलता एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्या भारती के विद्यालय में ही आयोजित होता है। प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल ने कहा कि घर का आंगन बुजुर्गों से महक उठता है संस्कारों की पाठशाला प्रेम की छाया उनके चरणों में है। बुजुर्गों के बातों में ज्ञान, चेहरे पर आई झुर्रियां में छुपी हुई कहानी होती है ।उनकी गोद में सुकून मिलता है। आज हम इनका सम्मान बार-बार सर झुका कर करते हैं।दादा -दादी, नाना -नानी सम्मान समारोह का उद्देश्य भैया बहनों में भारतीय संस्कृति, पारिवारिक संस्कार एवं बड़ों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है।कार्यक्रम में मंजू देवी ने भूमिका प्रस्तुत करते हुए भारतीय संस्कृति में दादा- दादी एवं नाना -नानी के महत्व पर प्रकाश डाला। कक्षा षष्ठ की बहनों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि परिवार के वरिष्ठ सदस्य बच्चों के प्रथम संस्कारदाता होते हैं तथा उनके अनुभव जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। बहनों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक गीत "प्यारे दादा-दादी जी" ने वातावरण को भावुक एवं आनंदमय में बना दिया। विशेष आकर्षण दादा दादी एवं नाना नानी पूजन रहा जिसमें भैया बहनों ने श्रद्धा एवं आदर भाव से अपने दादा दादी एवं नाना नानी का पूजन किया ।

## स्वच्छ और विकसित शहर ही हमारा उद्देश्य : अनिल



**लोहरदगा।** नगर परिषद लोहरदगा के अध्यक्ष अनिल उरांव ने वार्ड नंबर आठ के न्यू रोड, बजरंगबली मंदिर के पीछे दोनों मोहल्लों का दौरा किया। मौके पर वार्ड नंबर 8 की पार्षद अविनाश कौर भी उनके साथ दौरे में शामिल थी। अध्यक्ष ने जनता से रूबरू होते हुए जाना कि बरसात के मौसम में नाली की समस्या के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने भी यह बताया कि पूर्व में ही पिछले बोर्ड में इन मोहल्ले के नाली के लिए लिख कर दिया गया था ,लेकिन इस बीच में ढाई साल चुनाव नहीं हुआ और कार्य बंद रहा। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि बरसात से पहले ही आपकी नाली का समस्या का समाधान करने का मेरा प्रयास है। उन्होंने यह भी कहा कि "स्वच्छ एवं विकसित लोहरदगा ही हमारा उद्देश्य है। "वहीं दूसरी ओर वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने कहा कि वार्ड नंबर 8 को आदर्श वार्ड बनाने का संकल्प हम लोगों का है। इस मिशन पर हम लोग कार्य कर रहे हैं। मौके पर सामाजिक विचार मंच के संयोजक कवलजीत सिंह मोहल्ले वासी बीघन राम ,रवि राम ,भुवनेश्वर राम, सविता देवी ,चिंता देवी, गीता देवी, पूजा देवी, केशव राम, संजीत राम ,विनय राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कुड़ू में मदद के बहाने ठग ने महिला का एटीएम कार्ड बदल खाते से उड़ाए 39 हजार

**लोहरदगा।** कुड़ू थाना क्षेत्र के नीचे स्टैंड स्थित एसबीआई एटीएम में गुरुवार दोपहर लगभग 2:30 बजे एक महिला के साथ ठगी की घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार महिला एटीएम से पैसा निकालने पहुंची थी। इसी दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद करने के बहाने महिला को झांसे में लेकर उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। महिला ने एटीएम से एक हजार पैसे की निकासी की और इसके बाद अपने घर चली गई। कुछ देर बाद महिला के मोबाइल पर खाते से लगातार पैसे निकासी का मैसेज आने लगा। जांच करने पर पता चला कि उसके खाते से कुल 39 हजार रुपये की निकासी कर ली गई है। घटना की जानकारी मिलते ही भुक्तभोगी महिला कुड़ू थाना पहुंची और मामले को लेकर लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। महिला ने पुलिस को बताया कि एटीएम में मौजूद व्यक्ति ने बड़ी चालाकी से उसका कार्ड बदल दिया, जिसकी जानकारी उसे तत्काल नहीं हो सकी। आवेदन मिलने के बाद कुड़ू पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस एटीएम के आसपास और एटीएम के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि आरोपी की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जा सके।

## बकरीद को लेकर शांति समिति सदस्यों की बैठक



**भंडरा।** भंडरा थाना परिसर में गुरुवार को थाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति सदस्यों की बैठक हुई। आगामी 28 मई को आपसी सौहार्द के साथ बकरीद का त्योहार मनाने, बकरीद का नमाज की समय सहित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। मौके पर थाना प्रभारी मनोज गुप्ता ने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने तथा अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि बकरीद का त्योहार त्याग, समर्पण और आपसी प्रेम का संदेश देता है। हमें मिलकर इस त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाना है। अफवाह फैलाने वालों और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर ईश्वरी मोहन शर्मा, बालकृष्णा सिंह, टेले उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण व जन प्रतिनिधि मौजूद थे।

### खेती बारी

### बदलते मौसम और अल-नीनो के संभावित प्रभाव से निपटने के लिए कृषि विभाग की बड़ी पहल

# उपायुक्त ने किया खरीफ कर्मशाला का उद्घाटन

- वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** इस वर्ष के खरीफ फसल की खेती के लिए आवश्यक तैयारियों की जानकारी हेतु और बदलते मौसम की चुनौतियों को देखते हुए किसानों को जागरूक एवं तैयार करने के उद्देश्य से जिला कृषि विभाग, लोहरदगा द्वारा एक दिवसीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त संदीप कुमार मीना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता किसानों को हर परिस्थिति में सुरक्षित रखना और उन्हें समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना है। इस वर्ष अल-नीनो के प्रभाव के चलते वैज्ञानिकों ने मानसून प्रभावित होने का अंदेशा जताया है। साथ ही कहा है कि अन्य वर्षो के मुकाबले इस बार बारिश कम हो सकती है इसलिए किसान भाई/बहन इस वर्ष ऐसे फसल की तैयारी करें जो कम बारिश में भी उपज दे सके। उपायुक्त ने कहा कि राज्य जब खरीफ फसल का बीज प्राप्त हो जाय तो किसानों के बीच समय से वितरण कर दिया जाय। कृषि विभाग इसे सुनिश्चित करें बीज वितरण में बिल्कुल भी देरी ना हो। किसान भाई/बहन इस बार फसल के साथ इंटरक्रॉपिंग का भी कार्य करें। सब्जी की भी खेती को प्राथमिकता दें। सभी किसान बिरसा फसल बीमा योजना के अंतर्गत भी अपना रजिस्ट्रेशन जरूर करा ले ताकि किसी आपदा की वजह से अगर फसल प्रभावित होती है तो किसानों को बीमा योजना का लाभ मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि कृषि विभाग कन्वर्जन पर ज्यादा से ज्यादा कार्य करें ताकि किसानों को ज्यादा फायदा हो सके योजनाओं का लाभ मिल सके। कृषि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को भी मिल सके। सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि किसी भी विपरीत स्थिति में किसानों को राहत पहुंचाने में देर न हो। किसान आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सलाह को अपनाकर बदलते मौसम की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकते हैं। जिला कृषि पदाधिकारी ने खरीफ मौसम की तैयारियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु के अनुसार किसानों डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) विधि, लाइन सोइंग तकनीक तथा कम अवधि वाले धान की खेती अपनाकर कम पानी में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा मोटे अनाज जैसे मड़ुआ, ज्वार, बाजरा एवं दलहनी फसलों की खेती को भी बढ़ावा देने की सलाह दी गई।

# कोयल नदी से अज्ञात युवती का शव बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघा और हिरही स्कूल टोली के बीच बहने वाली कोयल नदी से गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने नदी में एक युवती का शव तैरता हुआ देखा, जिसके बाद इसकी सूचना तत्काल लोहरदगा पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, शव करीब तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है, जिसके कारण वह पूरी तरह फूल चुका है। मृतका की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। शव की स्थिति को देखते हुए तत्काल उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के गांवों और थानों से हाल के दिनों में लापता हुई लड़कियों के रिकॉर्ड खंगाल रही है ताकि मृतका की शिनाख्त की जा सके। इलाके में इस बात को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। ग्रामीणों में आशंका जताई जा रही है कि युवती की कहीं और दुष्कर्म के बाद हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को नदी में फेंक दिया गया होगा। वहीं दूसरी ओर, पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि कहीं यह मामला पैर फिसलने या किसी अन्य कारण से नदी में डूबने का तो नहीं है।

## गुलैचीटोली आंगनबाड़ी केंद्र के लिए मोनिका कुजूर चयनित



● ग्रामसभा में पारदर्शी प्रक्रिया से हुआ सेविका चयन

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड अंतर्गत गुलैचीटोली आंगनबाड़ी केंद्र में गुरुवार को नई आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर ग्रामसभा आयोजित की गई। पूर्व सेविका के सेवानिवृत्त होने के बाद रिक्त पद पर चयन प्रक्रिया जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न कराई गई।

ग्रामसभा में गुलैचीटोली, मासूटोली एवं नावाटोली पोषक क्षेत्र की कुल दस महिलाओं ने आवेदन दिया। सभी अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता एवं निर्धारित मानकों की जांच के बाद सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मोनिका कुजूर को नई आंगनबाड़ी सेविका के रूप में चयनित किया गया।

चयन की घोषणा होते ही ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों एवं महिलाओं के पोषण और स्वास्थ्य योजनाओं का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने चयनित सेविका को जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ कार्य करने की सलाह दी। मौके पर प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव, मुखिया मंजू देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अवैध कट बंद होंगे, सड़क सुरक्षा पर प्रशासन सख्त

● हेलमेट जांच अभियान तेज करने और ट्रॉमा सेंटर स्थापना के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को उपायुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में आयोजित मासिक सड़क सुरक्षा समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने अवैध कट्स को तत्काल बंद करने का निर्देश दिया गया। साथ ही टोल प्लाजा के समीप ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव शीघ्र एनएचएआई को भेजने की बात कही गई। दुर्घटना की स्थिति में हर समय एम्बुलेंस उपलब्ध रहे, इसे भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन को संयुक्त रूप से हेलमेट जांच अभियान तेज करने तथा अधिक से अधिक लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। जिले में हेलमेट बैंक शुरू करने पर भी चर्चा हुई। विद्यालयों और महाविद्यालयों में यातायात नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाने तथा ब्लैक स्पॉट्स की नई सूची तैयार करने को कहा गया।

बैठक में क्षमता से अधिक बच्चों को ढोने वाले स्कूली वाहनों और मॉडिफाइड गाड़ियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अवैध साइलेंसर, बंपर गार्ड और असुरक्षित वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। मानसून से पहले सड़कों के गड्ढे भरने, साइन बोर्ड लगाने और रंबल स्ट्रिप निर्माण कार्य पूरा करने पर भी जोर दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटना के दौरान 'गोल्डन ऑवर' में घायलों की मदद करने वाले लोगों को 2000 रुपये पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## दृष्टिपात

### 16 मई से लापता प्रेम साहू का अब तक नहीं मिला सुराग



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के जरगा टोली निवासी 55 वर्षीय प्रेम साहू बीते 16 मई से लापता हैं। उनके पुत्र अशोक साहू ने घाघरा थाना में आवेदन देकर पिता की खोजबीन में मदद की गुहार लगाई है। परिजनों के अनुसार प्रेम साहू घर से सफेद शर्ट और लुंगी पहनकर निकले थे। उनकी लंबाई करीब 5 फीट 2 इंच तथा रंग सांवला है। वे हिंदी, नागपुरी एवं सादरी भाषा बोलते हैं। परिजनों ने किसी भी प्रकार की जानकारी मिलने पर मोबाइल नंबर 6361860674 या घाघरा थाना को सूचना देने की अपील की है।

### मैट्रिक और इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित



**भरनो (गुमला)।** प्लस टू हाई स्कूल भरनो में गुरुवार को मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गान से हुई। मैट्रिक में प्रशांत कुमार एवं संजीव उरांव, जबकि इंटर कला संकाय में मंगलेश्वर उरांव, जया कुमारी और रिमी कुमारी को सम्मानित किया गया। इंटर साइंस में बेहतर प्रदर्शन करने वाली नाहिद परवीन, प्रियांशु कुमारी और अदिति शाही को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया। विद्यालय की ओर से "बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर" पुरस्कार रामकिशुन को प्रदान किया गया। प्रचार्या वरदानी टोप्पो ने कहा कि विद्यालय ने मैट्रिक में 99 प्रतिशत और इंटर में 100 प्रतिशत परिणाम देकर गौरव बढ़ाया है।

### चैनपुर बाजार में चाकूबाजी, तरबूज विक्रेता घायल



**चैनपुर।** चैनपुर साप्ताहिक बाजार में गुरुवार को दो दुकानदारों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। घटना में तरबूज विक्रेता शिवनाथ विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार टमाटर दुकान पर बैठने को लेकर अजय साहू और शिवनाथ विश्वकर्मा के बीच कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर अजय साहू ने तरबूज काटने वाले चाकू से शिवनाथ के पेट पर हमला कर दिया। घायल को तत्काल चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पीएमएमवीवाई ऐप प्रशिक्षण से योजनाओं के क्रियान्वयन में आएगी पारदर्शिता : जिला समाज कल्याण पदाधिकारी



**गुमला।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के प्रभावी संचालन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में महिला पर्यवेक्षिकाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में लाभुक पंजीकरण, आधार सत्यापन, ऑनलाइन प्रविष्टि एवं भुगतान प्रक्रिया की जानकारी दी गई। डिस्ट्रिक्ट सपोर्ट मैनेजर अनूप समीर केरकेट्टा एवं मास्टर ट्रेनर्स ने ऐप संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि ऐप आधारित प्रणाली लागू होने से योजना संचालन में पारदर्शिता बढ़ेगी और लाभुकों को समय पर सहायता मिल सकेगी।

### घाघरा पंचायत समिति समीक्षा बैठक में योजनाओं की हुई समीक्षा



**घाघरा।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सविता देवी ने की। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रमुख सविता देवी ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने का निर्देश दिया। लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने और विकास कार्यों में तेजी लाने पर भी जोर दिया गया।

## असम में गुमला के प्रवासी मजदूरों से मारपीट, पांच माह की मजदूरी भी नहीं मिली



नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** गुमला जिले के सिसई एवं घाघरा प्रखंड के 16 प्रवासी मजदूरों के साथ असम के डिब्रूगढ़ स्थित एक ईंट भट्ठा में मारपीट और अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। मजदूरों का आरोप है कि उनसे पांच माह तक काम कराने के बाद भी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया और गाली-गलौज कर वहां से भगा दिया गया। झारखंड लौटने के लिए उन्हें केवल पांच-पांच हजार रुपये दिए गए।

मजदूरों ने समाजसेवी संजय वर्मा को अपनी पीड़ा सुनाई, जिसके बाद सभी श्रम अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन में बताया गया है कि नवंबर 2025 में एजेंट बिरेंद्र लोहरा उन्हें असम के एमआर ब्रिक्स फील्ड ईंट भट्ठा में काम कराने ले गया था। मजदूरों को प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपये और प्रति हजार ईंट पर अतिरिक्त भुगतान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन पांच माह बीतने के बाद भी मजदूरी नहीं मिली। विरोध करने पर भट्ठा मालिक द्वारा मारपीट की जाती थी। आवेदन में नौ मजदूरों का कुल 4 लाख 76 हजार रुपये बकाया बताया गया है। श्रम अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डिब्रूगढ़ प्रशासन से संपर्क कर मजदूरी भुगतान एवं जांच का आश्वासन दिया है।

## अवैध खनन, नशा और सड़क सुरक्षा पर सख्त हुए उपायुक्त



● जिला टास्क फोर्स, सड़क सुरक्षा एवं कारा सुरक्षा समीक्षा बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला टास्क फोर्स (खनन), एनसीओआरडी, सड़क सुरक्षा एवं कारा सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवैध खनन, मादक पदार्थों की रोकथाम, सड़क सुरक्षा तथा जेल सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई।

उपायुक्त ने चैनपुर समेत संवेदनशील क्षेत्रों में अफीम की अवैध खेती रोकने के लिए नियमित छापेमारी चलाने तथा बाहरी जिलों से होने वाली ड्रग्स सप्लाई पर निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा को लेकर हेलमेट जांच, ओवरलोडिंग, वाहन फिटनेस एवं स्कूली वाहनों की नियमित जांच के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि एनजीटी के निर्देशानुसार 10 जून से 15 अक्टूबर 2026 तक नदियों से बालू उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उपायुक्त ने अवैध खनन पर कठोर कार्रवाई करने तथा बॉक्साइट खदानों में बैकफिलिंग सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

## बालू माफियाओं पर चैनपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई एसडीपीओ श्रुति के नेतृत्व में ताबड़तोड़ छापेमारी



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार के खिलाफ पुलिस ने अब तक की बड़ी कार्रवाई करते हुए कई वाहनों को जब्त किया है। चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रुति के नेतृत्व में हुई ताबड़तोड़ छापेमारी से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया।

पुलिस ने अवैध बालू लदे कई ट्रैक्टरों को जब्त किया, जबकि कई चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़ फरार हो गए। जानकारी के अनुसार एसडीपीओ श्रुति ने खुद बरवे हाई स्कूल के समीप मोर्चा संभालकर अवैध परिवहन में लगे वाहनों की जांच की। इस दौरान कई ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के चलते पाए गए, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीपीओ श्रुति ने कहा कि चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बालू के अवैध खनन एवं परिवहन में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। कार्रवाई के बाद क्षेत्र के बालू कारोबारियों में दहशत का माहौल है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्राकृतिक संसाधनों की लूट करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। जब्त वाहनों पर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## परिवहन विभाग का सख्त अभियान अब तक 3.73 लाख जुर्माना वसूला



● ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट और अवैध साइलेंसर वाले वाहनों पर कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग लगातार सख्त अभियान चला रहा है। उपायुक्त दिलेश्वर महतो के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में बुधवार को करमटोली रोड पर विशेष जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट, बिना दस्तावेज और कानफोड़ू साइलेंसर वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कई वाहनों के कागजात जब्त किए गए और चालान काटे गए।

डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने कहा कि साइलेंसर में अवैध बदलाव कर तेज आवाज निकालना कानूनन अपराध है। ओवरलोडिंग भी सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रही है, इसलिए नियमों का पालन जरूरी है। बताया गया कि 12 मई को गुमला-रायडीह मार्ग पर चलाए गए अभियान में 2.63 लाख तथा बुधवार के अभियान में 1.10 लाख जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार अब तक कुल 3.73 लाख की वसूली की जा चुकी है। प्रशासन ने कहा कि आगे भी जिले के विभिन्न मार्गों पर जांच अभियान जारी रहेगा।

### मलगो मोड़ के पास सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**भरनो (गुमला)।** एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र के मलगो मोड़ के पास गुरुवार देर शाम सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद युवक काफी देर तक सड़क पर तड़पता रहा और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। घटना की सूचना मिलने पर भरनो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान चामा बसरिया गांव निवासी युवक के रूप में हुई है।

## भारतमाला परियोजना के खिलाफ आदिवासियों का आंदोलन तेज



● जल, जंगल और जमीन हमारी पहचान : गीता श्री उरांव

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** भारतमाला सड़क निर्माण परियोजना को लेकर रायडीह प्रखंड में ग्रामीणों और आदिवासी समाज का विरोध तेज हो गया है। गुरुवार को कटकायां फुटबॉल मैदान में आयोजित बैठक में पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव शामिल हुईं। बैठक में ग्रामीणों ने शिवालया कंपनी एवं एनएचएआई के खिलाफ नाराजगी जताते हुए आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया। गीता श्री उरांव ने आरोप लगाया कि आदिवासियों की सहमति के बिना जमीन अधिग्रहण किया जा रहा है तथा मुआवजा वितरण में अनियमितता हो रही है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन आदिवासी समाज की पहचान है और इसे किसी भी कीमत पर छीना नहीं जा सकता। साथ ही उन्होंने महिलाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार की घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। बैठक में ग्रामीणों ने आदिवासी हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

## गुमला जिले के विद्यालयों में तीन दिवसीय समर कैंप का उत्साहपूर्ण समापन

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत जिले के सरकारी विद्यालयों में आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप का गुरुवार को समापन हो गया। कैंप के दौरान बच्चों ने खेल, कला, संगीत, नृत्य, चित्रकला, लोकगीत, योग एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विद्यालयों में बच्चों ने मिट्टी, कागज एवं स्थानीय संसाधनों से आकर्षक कलाकृतियां तैयार कीं। कई स्कूलों में पारंपरिक खेल, सामूहिक भोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। समापन अवसर पर उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने कहा कि



ग्रीष्मावकाश बच्चों के लिए नई चीजें सीखने और अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर है। उन्होंने बच्चों से नियमित अध्ययन, खेलकूद और रचनात्मक कार्यों में समय देने की अपील की।

## बकरीद को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

● शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** आगामी ईद-उल-जुहा (बकरीद) 2026 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन ज़मा की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि 28 मई को जिले के विभिन्न प्रखंडों सहित गुमला शहर के 13 स्थानों पर सुबह 6 बजे से 10 बजे तक नमाज अदा की जाएगी। इस दौरान ट्रैफिक नियंत्रण, पेयजल, साफ-सफाई एवं बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने पर जोर दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि गुमला हमेशा भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक रहा है। उन्होंने अधिकारियों को नमाज के समय ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने तथा पेड़ों की छंटाई कराने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाहों और फेक वीडियो से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम 24×7 सक्रिय रहेगा।

नगर परिषद द्वारा पानी, साफ-सफाई और अन्य नागरिक सुविधाओं की विशेष व्यवस्था करने की बात कही गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, शांति समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड हमजा बुरहान पाकिस्तान में ढेर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ भारत की मुहिम के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है। हम आपको बता दें कि पुलवामा हमले के साजिशकर्ताओं में शामिल हमजा बुरहान की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा हत्या कर दी गई। सूत्रों के अनुसार मुजफ्फराबाद में हुए इस हमले में हमजा बुरहान को कई गोलियां मारी गईं, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। माना जा रहा है कि यह घटना पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी नेटवर्क के भीतर बढ़ते तनाव और अंदरूनी संघर्ष का संकेत है।



हम आपको बता दें कि हमजा बुरहान को भारत सरकार ने वर्ष 2022 में आतंकवादी घोषित किया था। सरकारी अधिसूचना के अनुसार उसका वास्तविक नाम अर्जुमंद गुलजार डार था, जबकि वह हमजा बुरहान और डॉक्टर जैसे उपनामों से भी जाना जाता था। वह पुलवामा जिले के खरबतपोरा रत्नीपोरा का निवासी था और अल बद्र नामक आतंकी संगठन से जुड़ा हुआ था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार वह पुलवामा हमले की साजिश में सक्रिय भूमिका निभाने वालों में शामिल था।

साल 2019 में जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर लेथपोरा क्षेत्र में हुआ पुलवामा आतंकी हमला देश के सबसे भीषण आतंकवादी हमलों में से एक था। जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती आतंकी आदिल अहमद डार ने विस्फोटकों से भरे वाहन को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले से टकरा दिया था। इस हमले में चालीस जवान शहीद हो गए थे। घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था और भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए जबरदस्त एअर स्ट्राइक की थी।

इसी बीच, राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर बड़ा खुलासा किया है। जांच एजेंसी द्वारा दाखिल आरोप पत्र में कहा गया है कि इस हमले की पूरी साजिश पाकिस्तान में रची गई थी और इसका संचालन भी वहीं से किया गया। पहलगाम के बैसरन घाटी क्षेत्र में हुए इस हमले में छब्बीस पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला जम्मू-कश्मीर के पर्यटन क्षेत्र पर बड़ा आघात माना गया था।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी के अनुसार लश्कर-ए-तैयबा और उसके सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने मिलकर इस हमले को अंजाम दिया। जांच में सामने आया कि सैफुल्लाह उर्फ साजिद जट्ट उर्फ लंगड़ा नामक आतंकी पाकिस्तान के लाहौर से पूरे अभियान का संचालन कर रहा था। वह लगातार आतंकियों को निर्देश दे रहा था और हमले के दिन वास्तविक समय की सूचनाएं तथा स्थान संबंधी जानकारी भेज रहा था। आरोप पत्र के अनुसार सैफुल्लाह ने हमले से पहले फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान, हबीब ताहिर उर्फ छोटू और हमजा अफगानी नामक आतंकियों को बैसरन घाटी और आसपास के इलाकों की रेकी के लिए भेजा था।

## पेपर लीक संसदीय समिति की बैठक में उठे नाराजगी के स्वर

**नई दिल्ली।** शिक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक कई अन्य विषयों समेत नीट-यूजी 2026 पेपर लीक व संबंधित विषय की विस्तृत जानकारी लेने के लिए बुलाई गई थी। बैठक के दौरान विपक्षी सांसदों ने तीखे सवाल किए व पेपर लीक होने पर भारी नाराजगी व्यक्त की। वहीं, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक अभिषेक सिंह और शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी गुरुवार को संसदीय स्थायी समिति के समक्ष उपस्थित हुए। गौरतलब है कि एनटीए ही वह संस्था है जो यह प्रतियोगि परीक्षा आयोजित करती है। इसी को ध्यान में रखते हुए नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले की विस्तृत जानकारी लेने के लिए एनटीए के महानिदेशक को समिति द्वारा बुलाया गया था। नीट यूजी की परीक्षा इसी महीने तीन मई को आयोजित की गई थी लेकिन पेपर लीक होने के बाद 11 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली इस समिति की बैठक नीट यूजी परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता, गोपनीयता, सुरक्षा व्यवस्था और चल रही जांच की स्थिति की समीक्षा के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

# पहचानो और भगाओ नीति पर काम करेगी बंगाल में तैनात बीएसएफ

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में नई सरकार के सत्ता संभालते ही जिस निर्णायक और कठोर कार्रवाई की शुरुआत हुई है, उसने साफ कर दिया है कि अब सीमा पार से होने वाली घुसपैठ, तस्करी और अवैध गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने जिस आक्रामक अंदाज में "पता लगाओ, हटाओ और निर्वासित करो" नीति लागू करने की घोषणा की है, उसने पूरे देश में यह संदेश दे दिया है कि अब घुसपैठियों की खैर नहीं है।

नबान्न में वरिष्ठ सीमा सुरक्षा बल अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित प्रेस वार्ता में शुभेंदु अधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य पुलिस द्वारा पकड़े गए घुसपैठियों को सीधे बीएसएफ को सौंपा जाएगा और उसके बाद उन्हें देश से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष 14 मई को ही इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र भेजा था, लेकिन पिछली सरकार ने वोट बैंक की राजनीति के कारण इस महत्वपूर्ण प्रावधान को लागू नहीं किया। अब नई सरकार ने इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है।



मुख्यमंत्री ने साफ किया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम यानि सीएए के तहत आने वाले समुदायों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के वे लोग जो धार्मिक उत्पीड़न के कारण बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भारत आए हैं, उन्हें कानून के तहत सुरक्षा दी जाएगी। लेकिन जो लोग इस दायरे में नहीं आते, उन्हें घुसपैठिया माना जाएगा और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। राज्य पुलिस ऐसे लोगों को हिरासत में लेकर सीधे बीएसएफ को सौंप देगी। इसके बाद बीएसएफ, बांग्लादेश सीमा बल के साथ समन्वय कर निर्वासन की प्रक्रिया पूरी करेगी।

### चुनाव के बाद हिंसा का डर, प बंगाल में 20 जून तक तैनात रहेंगी सीएपीएफ की 500 कंपनियां

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्य सरकार के अनुरोध पर पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बलों की तैनाती एक और महीने के लिए बढ़ाने का फैसला किया। गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा जारी अधिसूचना में सरकार ने कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की 500 कंपनियां 20 जून तक पश्चिम बंगाल में तैनात रहेंगी। आदेश में कहा गया है कि तैनाती में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 200 कंपनियां, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 150 कंपनियां, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल की 50-50 कंपनियां शामिल हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल सरकार के अनुरोध पर इस मंत्रालय में विचार किया गया है। तदनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि उपर्युक्त उद्देश्य के लिए 20.06.2026 तक राज्य में सीएपीएफएस की 500 कंपनियां (सीआरपीएफ-200, बीएसएफ-150, सीआईएसएफ-50, आईटीबीपी-50 और एसएसबी-50) तैनात रहेंगी। इसमें आगे कहा गया है कि पश्चिम बंगाल सरकार से अनुरोध है कि वह राज्य के भीतर सीएपीएफएस की तैनाती के संबंध में आवश्यक परिवहन, रसद, आवास और अन्य व्यवस्थाओं को बलों की परिचालन आवश्यकताओं के अनुसार राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए। यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी द्वारा केंद्रीय बलों की तैनाती को निर्धारित दो महीने की अवधि से आगे बढ़ाने के लिए मुख्य सचिव और गृह सचिव से किए गए अनुरोध के कुछ दिनों बाद सामने आया है।

### राघव चड्ढा को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा

## राजनीतिक आलोचना प्राइवेसी का उल्लंघन नहीं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि राजनीतिक आलोचना और मानहानि के बीच एक पतली रेखा होती है। न्यायालय ने सांसद राघव चड्ढा से पूछा कि क्या वे सोशल मीडिया पर उनकी राजनीतिक निर्णय की आलोचना करने वाली पोस्टों के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं। चड्ढा, जिन्होंने हाल ही में आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा ज्वाइन की है, ने उच्च न्यायालय में उन सोशल मीडिया पोस्टों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है जिन्हें उन्होंने दुर्भावनापूर्ण और मनगढ़ंत बताया है और जो उनकी प्रतिष्ठा और व्यक्तित्व अधिकारों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाती हैं। चड्ढा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव नायर ने तर्क दिया कि कुछ पोस्टों में आपत्तिजनक सामग्री थी, जिनमें से एक में उन्हें पैसे के लिए खुद को बेच देने वाला दिखाया गया है। कथित आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए अंतरिम राहत के पहलू पर फैसला सुरक्षित रखते हुए, न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद ने स्वीकार किया कि यद्यपि प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार है, संविधान के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार भी छीना नहीं जा सकता। न्यायमूर्ति प्रसाद ने सुनवाई के दौरान पूछा कि यह एक व्यक्ति द्वारा राजनीतिक निर्णय की आलोचना करते हुए की गई टिप्पणी है। क्या आप एक राजनीतिक नेता के रूप में संवेदनशील हो सकते हैं? न्यायाधीश ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से ही हम आर.के. लक्ष्मण के कार्टून देखते आ रहे हैं। राजनीतिक और आर्थिक रूप से लिए गए निर्णयों की विभिन्न तरीकों से आलोचना की गई है... अब सोशल मीडिया का प्रभाव और भी बढ़ गया है। लेकिन अंततः, यह एक व्यक्ति द्वारा की गई टिप्पणी के दायरे में ही आता है। चड्ढा के वरिष्ठ वकील ने भले ही यह तर्क दिया कि आपत्तिजनक पोस्ट एक दिन भी नहीं रह सकतीं।

## तृणमूल की पूर्व विधायक अदिति मुंशी और पति देबराज ने अग्रिम जमानत की याचिका दखिल की

- आय से अधिक संपत्ति के आरोप में गिरफ्तारी का है डर

**एजेंसी। कोलकाता**



तृणमूल कांग्रेस की पूर्व विधायक अदिति मुंशी और उनके पति देबराज चक्रवर्ती ने गुरुवार को कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया। उन्होंने यह आशंका जताते हुए अग्रिम जमानत की मांग की है कि उन्हें आय से अधिक संपत्ति के आरोप में गिरफ्तार किया जा सकता है। राजारहाट-गोपालपुर की पूर्व विधायक अदिति मुंशी और उनके पति देबराज चक्रवर्ती, जो बिधाननगर नगर निगम में तृणमूल पार्षद हैं, ने यह आशंका व्यक्त की है। 2021 के पोस्ट पोल हिंसा मामले में पुलिस ने पूछताछ के लिए हाल ही में देबराज चक्रवर्ती को हिरासत में लिया था। उनके वकील ने गुरुवार को इस संबंध में अग्रिम जमानत की मांग करते हुए हाई कोर्ट का रुख किया। न्यायमूर्ति जॉय सेनगुप्ता ने मामला दर्ज करने की अनुमति दे दी है। इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना है। राज्य में सरकार परिवर्तन के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों में एक के बाद एक तृणमूल नेताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है। इस माहौल में अदिति और देबराज ने आशंका व्यक्त की कि उन्हें भी आय से अधिक संपत्ति के आरोप में गिरफ्तार किया जा सकता है। बता दें कि तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी ने 2021 के विधानसभा चुनावों में राजारहाट-गोपालपुर से पूर्णेंदु बसु के स्थान पर लोकप्रिय भक्ति गायिका अदिति मुंशी को उम्मीदवार बनाया था।

### बिहार में श्रावणी मेले की तैयारी शुरू

**पटना।** बिहार सरकार अभी से ही श्रावणी मेले की तैयारी में जुट गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक भी जुड़े रहे। उन्होंने पैदल पथ व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने, शौचालय, साफ-सफाई और पेयजल की बेहतर सुविधा रखने, कांवड़िया पथ पर बने प्रमुख विश्राम स्थलों के पास स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रखने, कांवड़िया स्थलों पर चिकित्सा की एमरजेंसी सुविधा भी उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। राज्य के शिवालयों में जल चढ़ाने के दौरान भीड़ को नियंत्रित और व्यवस्थित रखने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## भारत दक्षिण कोरिया संग मिलकर बनाएगा 'स्टार वॉर्स' जैसे हथियार

**नई दिल्ली।** लेजर डिफेंस सिस्टम बनाने पर जोर टाइम्स ऑफ इंडिया को सूत्रों ने बताया कि इस यात्रा के दौरान भारतीय रक्षा कंपनी लार्सन एंड टर्बो ने भविष्य के लिए गाइडेड एनर्जी वेपन्स और ऑटोमेटिक एयर डिफेंस सिस्टम मिलकर विकसित और उत्पादित करने के लिए समझौते किए। अधिकारियों ने कहा कि के साथ किए गए ये दो समझौते भारत-कोरिया रक्षा इनोवेशन और टेक्नोलॉजी साझेदारी के लिए एक मजबूत भविष्य का संकेत देते हैं। राजनाथ सिंह ने दक्षिण कोरिया के रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन के मंत्री ली योंग-चुल से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने संयुक्त विकास के साथ-साथ संयुक्त निर्यात के अवसर पैदा करने के लिए अपने आपसी प्रयासों का उपयोग करने पर सहमति जताई। राजनाथ सिंह ने भारत-आरओके रक्षा उद्योग व्यापार गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता भी की जिसमें दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और प्रमुख रक्षा उद्योग प्रतिनिधि एक साथ शामिल हुए। इस बीच ऑपरेशन सिंदूर के बाद आपातकालीन वित्तीय



शक्तियों का इस्तेमाल करके हासिल किए गए सेना के नए लंबी दूरी के रॉकेट सिस्टम ने ओडिशा के चांदीपुर में किए गए लाइव-फायरिंग ट्रायल के दौरान सटीक निशाना लगाने की क्षमता दिखाई है।

# डुबारे हादसे के बाद साकरेबैले एलीफेंट कैंप पर्यटकों के लिए अस्थायी रूप से बंद

**एजेंसी। शिवमोग्गा**

कर्नाटक के मडिकेरी जिले स्थित डुबारे एलीफेंट कैंप में दो पालतू हाथियों के बीच हुई लड़ाई में महिला पर्यटक की मौत के बाद एहतियातन शिवमोग्गा के साकरेबैले एलीफेंट कैंप को भी अस्थायी रूप से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। इस घटना में घायल हाथी 'मार्तंड' की भी बाद में मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि नए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) लागू होने तक साकरेबैले कैंप में पर्यटकों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

पहले केवल हाथियों को नहलाने और उनके साथ सीधे संपर्क वाली गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया था, जबकि पर्यटकों को दूर से हाथियों को देखने की अनुमति थी। लेकिन अब किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए कैंप में सभी तरह की पर्यटक गतिविधियां रोक दी गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, संशोधित सुरक्षा दिशा-निर्देश और नई एसओपी लागू होने तक यह प्रतिबंध जारी रहेगा।

शिवमोग्गा तालुक के गजानूर के पास तुंगा जलाशय के बैकवाटर क्षेत्र में स्थित साकरेबैले एलीफेंट कैंप कर्नाटक का लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, जहां बड़ी संख्या में लोग हाथियों के साथ गतिविधियों के लिए पहुंचते हैं। गौरतलब है कि सोमवार को डुबारे एलीफेंट कैंप में दो हाथियों की लड़ाई के दौरान तमिलनाडु की पर्यटक एस. जुनीस की मौत हो गई थी। महिला की मौत के बाद, प्रशासन ने डुबारे एलीफेंट कैंप को भी पूरी तरह बंद कर दिया है और पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

### एलीफेंट केन में दो पालतू हाथियों के बीच लड़ाई में महिला पर्यटक की मौत

घटना में महिला के पति जोयल गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए कुशलनगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, चेन्नई निवासी दंपती सोमवार सुबह डुबारे एलीफेंट कैंप पहुंचे थे। उन्होंने पहले प्रशिक्षित हाथियों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। बाद में अन्य पर्यटकों के साथ वे उस जलक्षेत्र में उतर गए, जहां महावत हाथियों को नहला रहे थे। पर्यटक भी हाथियों को साफ करने और नहलाने की गतिविधि में हिस्सा ले रहे थे। इसी दौरान 'मार्तंड' और 'कंजन' नाम के दो पालतू हाथी अचानक आपस में भिड़ गए। महावतों ने उन्हें नियंत्रित करने की काफी कोशिश की, लेकिन दोनों हाथियों के बीच संघर्ष जारी रहा। अफरा-तफरी के बीच हाथी मार्तंड कथित रूप से महिला पर्यटक पर गिर पड़ा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में अन्य पर्यटकों और अधिकारियों ने दोनों को पानी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार को लड़ाई में गंभीर रूप से घायल हाथी मार्तंड ने भी दम तोड़ दिया।



## दृष्टिपात

### 67 हथियार और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद, चार उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और संयुक्त सुरक्षा बलों ने राज्य में हथियारों की अवैध तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 67 हथियारों और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया है। इस अभियान के दौरान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन यूएनएलएफ (पी) से जुड़े चार आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा गुरुवार को जारी बयान के अनुसार, 20 मई को सुरक्षा एजेंसियों को लामशांग क्षेत्र में लूटे गए हथियारों और गोला-बारूद की बिक्री की कोशिशों की विश्वसनीय सूचना मिली थी। इसके बाद लामशांग थाना क्षेत्र के लामदेंग इलाके में आज विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने यूएनएलएफ (पी) के दो सक्रिय कैडरों - मायांग इंफाल कोकचाई निवासी हेशनाम थॉमस सिंह (29) तथा लामशांग हेइबोंगपोकपी मयाई लेइकाई निवासी अरामबाम टॉमटॉम सिंह (29) को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से एक इंसास लाइट मशीन गन (एलएमजी), तीन इंसास एलएमजी मैगजीन और 14 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, अभियान के दौरान गिरफ्तार आरोपितों के कुछ सहयोगियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद कुछ समय तक दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। इसके बाद निंगथौजाम राकेश सिंह और चिंगाखाम महेश सिंह नामक दो अन्य व्यक्तियों को सुरक्षा बलों पर हमला करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि वे यूएनएलएफ (पी) के स्वयंभू लांस कॉर्पोरल नाओरेम बिजॉय उर्फ माचा के निर्देश पर हथियार बेचने आए थे। पूछताछ में उनके पहले भी लूटे गए हथियारों और गोला-बारूद की बिक्री में शामिल होने की बात सामने आई है।

### पिता ने बहन-बहनोई के साथ मिलकर की बेटी की हत्या, शव के किए कई टुकड़े



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर 17 मई को छपरा-गोमती एक्सप्रेस के स्लीपर कोच की एस1 बोगी में एक सीट के नीचे बक्से में बंद एक किशोरी का शव मिला था। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने बक्सा खुलवाया तो उसमें 6 टुकड़ों में किशोरी का शव पाया गया, लेकिन उसमें सिर नहीं था। घटना के खुलासा के लिए पुलिस ने तीन टीमों का गठन किया। जांच के दौरान पुलिस ने कुशीनगर जिले के तमकुही रेलवे स्टेशन से सीसीटीवी को खंगाला, तो उनको हत्या से जुड़ा एक ऐसा सुराग मिला, जिसके माध्यम से पुलिस हत्यारों तक पहुंची। जांच में पुलिस ने मृतिका, 16 वर्षीय शब्बा की हत्या के मामले में उसी के पिता विग्गन अंसारी (44 वर्ष), उसकी बहन नूरजहां (55 वर्ष) और बहनोई मोजीबुल्ला अंसारी (65 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर एसपी रेलवे रोहित मिश्रा ने बताया कि तीनों लोगों को कुशीनगर जिले से अरेस्ट किया गया है, जिनके पास से हत्या से जुड़े अहम सुराग बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि मृतिका शब्बा का किसी से प्रेम प्रसंग था, जिसके चलते उसके पिता ने अपनी ही बेटी को अपनी बहन और बहनोई के साथ मिलकर मौत के घाट उतारा और फिर कई टुकड़ों में काट डाला।

**तमिलनाडु में फिर राष्ट्रगान पर बवाल**

### राज्यपाल के कार्यक्रम में तमिल गीतों के क्रम पर छिड़ा विवाद




**तमिलनाडु।** तमिलनाडु में गुरुवार को लोक भवन में नवनियुक्त मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राजकीय गीत 'तमिल थाई वाझथु' को बजाने के क्रम को लेकर एक बार फिर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। विवाद का केंद्र बिंदु वंदे मातरम और राष्ट्रगान के बाद गाए जाने वाले मंगलाचरण गीत को लेकर है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और द्रविड़ मुन्नेत्र कज़गम के नेताओं ने इस क्रम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्य में सरकारी समारोहों की शुरुआत में पारंपरिक रूप से तमिल राष्ट्रगान 'थाई वाझथु' गाया जाता रहा है। इसी तरह का विवाद 10 मई को विजय के मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भी सामने आया था, जब कथित तौर पर 'वंदे मातरम' और 'जन गण मन' के बाद तमिल राष्ट्रगान गाया गया था। सीपीआई के राज्य सचिव एम. वीरपांडियन ने कहा कि तमिलनाडु के राज्यपाल को तमिल राष्ट्रगान को प्राथमिकता देनी चाहिए और साथ ही तमिल जनता की भावनाओं का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। वीरपांडियन ने पत्रकारों से कहा कि हम दोहराते हैं कि राज्यपाल को तमिल राष्ट्रगान को प्राथमिकता देने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। हम भारत के राष्ट्रगान का सम्मान करते हैं। लेकिन हम फिर से दोहराते हैं कि राज्यपाल को तमिल राष्ट्रगान को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी राष्ट्रगान के खिलाफ नहीं है, बल्कि चाहती है कि सरकारी कार्यक्रमों में तमिल राष्ट्रगान को प्राथमिकता दी जाए।

### तेलंगाना सरकार ने श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी बढ़ाई

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने पूरे राज्य में श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि यह फैसला उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क की अध्यक्षता वाली कैबिनेट उप-समिति की सिफारिश पर लिया गया है। अकुशल मजदूरों की श्रेणी के लिए, सरकार ने न्यूनतम मज़दूरी 12,750 रुपए से बढ़ाकर 16,000 रुपए कर दी है। अर्ध-कुशल श्रेणी के लिए न्यूनतम मजदूरी 13,152 रुपए से संशोधित करके 17,000 रुपए कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया कि कुशल मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी 13,772 रुपए से बढ़ाकर 18,500 रुपए कर दी गई है जबकि अत्यधिक कुशल श्रेणी के लिए, सरकार ने मजदूरी 14,607 रुपए से बढ़ाकर 20,000 रुपए करने का फैसला किया है। उन्होंने मजदूरों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य सरकार का यह फैसला 1 जून से लागू होगा और इससे 1.11 करोड़ मजदूरों को फायदा होगा। सीएम ने आरोप लगाया कि पिछली सरकार की लापरवाही के कारण मजदूरों को नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि सरकार ने तीन भौगोलिक जोन बनाए हैं। नगर निगमों को जोन 1, नगर पालिकाओं को जोन 2 और ग्रामीण क्षेत्रों को जोन 3 के रूप में नामित करके न्यूनतम मजदूरी संरचना निर्धारित की है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य के गठन के बाद पहली बार विशेष रूप से मजदूरों के कल्याण के लिए कोई फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने इस संबंध में अपनी जिम्मेदारियों की अनदेखी की।




## मिसाइल हमले के बाद दुबई नहीं रहा टैक्स हेवन (भाग 2)

# काले धन का तेज बहाव दुबई से अन्य सुरक्षित ठिकानों पर

**कृष्णमोहन सिंह**

### दुबई का रियल एस्टेट इंडेक्स क्रैश

- ₹1,65,000 करोड़ टैक्स हेवेन देशों में भेजे गए
- लगभग 35,000 करोड़ रु काला धन भारतीयों का
- दुबई के प्रॉपर्टी मार्केट में विदेशी निवेशकों में भारतीयों का हिस्सा है लगभग 22%



एआई जेनरेटेड

**नई दिल्ली।** दुबई पर ईरान ने जब लगातार जो मिसाइल दागे , तो एयरपोर्ट से लेकर गगनचुंबी इमारतों तक ही नहीं कालाधन का साम्राज्य हिल गया । केवल कालाधन रखने और काले धन के बल पर लग्जरी लाइफ जी रहे भारतीयों व अन्य तमाम देशों के सुपर रीच काला धन वाले  लोग अपने पेंट हाउस, प्लैट, लक्जरी विला, सोने ,हीरे ,जवाहरात की दुकानें आदि बेचकर , बैंकों में रखे काले धन निकाल कर विश्व के अन्य कुख्यात 7 टैक्स हेवेन स्थानों पर ले जाने लगे हैं। इस पूरे सिंडिकेट और ब्लैक मनी के एग्जिट का जो डेटा अंतरराष्ट्रीय वित्तीय एजेंसियों, शेल कंपनियों के ट्रैकिंग नेटवर्क और दुबई रियल एस्टेट की मार्च से मई 2026 की रिपोर्ट्स के अनुसार है, वह  बेहद चौंकाने वाला है।

### 1. लगभग कितने करोड़ रुपये रकम निकल गई है?

ईरान द्वारा दुबई पर किए गए मिसाइल और ड्रोन हमलों और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी के बाद से दुबई के वित्तीय बाजार और रियल एस्टेट से भारी मात्रा में पूंजी निकाली गई है।

- **कुल अनुमानित निकासी:** रॉयटर्स और ब्लूमबर्ग की हालिया कॉरपोरेट बॉन्ड रिपोर्ट्स के मुताबिक, मार्च 2026 से अब तक दुबई से भारतीय मुद्रा में लगभग ₹1,65,000 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रकम निकाली जा चुकी है या निकालने की प्रक्रिया में है।
- **भारतीयों का हिस्सा:** दुबई के प्रॉपर्टी मार्केट में विदेशी निवेशकों में भारतीय हमेशा 20% से 22% की हिस्सेदारी के साथ नंबर-1 पर रहे हैं। इस लिहाज से देखें तो कुल निकले पैसे में से लगभग ₹25,000 करोड़ से ₹35,000 करोड़ रुपये सिर्फ भारतीय धनपशुओं (नेताओं, अफसरों, हवाला कारोबारियों) के हैं, जो इन 7 टैक्स हेवेन्स में ट्रांसफर किए जा रहे हैं।
- **मार्केट पर असर:** पैनिक सेलिंग और विदेशी निवेशकों के इस पलायन के कारण दुबई का रियल एस्टेट इंडेक्स (DFM Real Estate Index) कुछ ही दिनों में 20% से 30% तक क्रैश हो गया, जिसने पिछले दो साल की सारी बढ़त को मिट्टी में मिला दिया है।

### 2. कितने भारतीयों व अन्य विदेशियों ने अपनी संपत्ति बेची है/शिफ्ट हो रहे हैं?

चूंकि दुबई का रिकॉर्ड रहा है कि यहाँ साल 2025 में ही करीब 2.7 लाख से ज्यादा रियल एस्टेट सौदे हुए थे, इसलिए बिकवाली का आंकड़ा भी उतना ही बड़ा है।

- **भारतीयों का आंकड़ा:** दुबई रियल एस्टेट ब्रोकर्स और अन्वेषक एजेंसियों के खुफिया इनपुट्स के अनुसार, पिछले ढाई महीनों में लगभग 11,000 high-net-worth भारतीय निवेशकों (जिनमें घूसखोर राजनेता, नौकरशाह, दलाल और उनके परिजन शामिल हैं) ने अपनी संपत्तियां, दुकानें और पेंटहाउस या तो बेच दिए हैं या उन्हें 'शॉर्ट-सेल' (घाटे में तुरंत बेचने) के लिए लिस्ट कर दिया है।
- **अन्य देशों का आंकड़ा:** रूस, ब्रिटेन, यूरोप और खाड़ी देशों के अन्य 15,000 से 18,000 विदेशी नागरिकों ने भी सुरक्षा कारणों से दुबई से एग्जिट ले लिया है।
- **पारिवारिक शिफ्टिंग:** दुबई के पॉश स्कूलों और यूनिवर्सिटीज में पढ़ रहे इन  ज्यादातर काली कमाई वाले भ्रष्टाचारियों के बच्चे और वहाँ रह रहे उनके परिजन अब बड़ी तेजी से 'गोल्डन पासपोर्ट' और 'इन्वेस्टमेंट सिटिजन्स प्रोग्राम' के तहत तुर्की, साइप्रस, सेंट किट्स और सिंगापुर जैसी जगहों पर वीजा और नागरिकता सेटल करके शिफ्ट होने लगे हैं।

इस तरह जो दुबई साल 2025 तक सालाना 20 लाख करोड़ ($250 Billion) का रियल एस्टेट कारोबार कर रहा था, वहाँ आज खरीदार गायब हैं और केवल बेचने वालों (सेलर्स) की कतार लगी है। और कालाधन तुर्की,सेंट किट्स एंड नेविस, साइप्रस , सिंगापुर, केमैन आइलैंड्स, माल्टा, थाईलैंड, में ले जाकर वहां के बैंकों में जमा कर रहे हैं , वहां रहने के लिए वही सब खरीद रहे हैं जो दुबई में खरीद कर रह रहे थे , कर रहे थे । यह वैश्विक इतिहास का सबसे तेज 'ब्लैक मनी डाइवर्जन' (काले धन का रास्ता बदलना) माना जा रहा है।

# गर्मियों में पीएं सेहतमंद फूलों से बनी हर्बल चाय

**एजेंसी । नई दिल्ली**

चाय की उत्पत्ति पांच हजार साल से भी पुरानी है, लेकिन आज भी यह पेय उतनी ही लोकप्रिय है। सर्दी, बारिश और यहां तक कि भीषण गर्मी में भी इसे पीने वाले कोई कोताही नहीं करते। दुनिया भर में 21 मई को चाय दिवस मनाया जाता है। दूध वाली चाय तनाव दूर करने में कारगर है। हालांकि, गर्मियों में चाय प्रेमियों के लिए एक बेहतरीन और सेहतमंद विकल्प फूलों से बनी हर्बल टी भी है। कमल, गुड़हल, गुलाब, मौलश्री और पारिजात जैसे फूलों से बनी चाय न सिर्फ गर्मी की थकान और जलन से राहत देती है, बल्कि पूरे दिन ताजगी और एनर्जी भी बनाए रखती है। गर्मियों में गरम चाय पीने से पसीना बढ़ता है और शरीर और गर्म हो जाता है। वहीं, आयुर्वेद फूलों को औषधीय गुणों का खजाना मानता है। इन फूलों से बनी चाय एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होती है, जो इम्युनिटी बढ़ाती है, तनाव कम करती है और शरीर को अंदर से ठंडक प्रदान करती है।

इन फूलों की चाय में कमल, मौलश्री, विष्णुप्रिया, कमल, गुड़हल, गुलाब, पारिजात, कृष्ण कमल, लैवेंडर, तेजपत्ता, तुलसी की चाय भी शामिल है।

### चाय दिवस 21 मई को मनाया गया



- **मौलश्री की चाय:-** बुखार, पुरानी खांसी और त्वचा की समस्याओं में रामबाण है और तनाव दूर करने में भी कारगर है।
- **कमल की चाय:-** गर्मी में बुखार, प्यास और जलन से राहत देती है। मन को शांत रखती है और अच्छी नींद लाती है।
- **गुड़हल की चाय:-** विटामिन-सी से भरपूर होती है। ब्लड प्रेशर कंट्रोल करती है, इम्युनिटी बूस्ट करती है और त्वचा को चमकदार बनातीं ।
- **गुलाब की चाय:-** मूड अच्छा रखती है, तनाव कम करती है, पाचन सुधारती है और थकान दूर करती है।
- **पारिजात या हरसिंगार की चाय :-** जोड़ों के दर्द, सूजन और सर्दी-जुकाम से बचाव करती है।
- **कृष्णकमल की चाय:-** चिंता, अनिद्रा और तनाव दूर कर अच्छी नींद लाती है।
- **लैवेंडर की चाय:-** रिलैक्सेशन के लिए सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। यह थकान मिटाती है और त्वचा निखारती है।

### यूक्रेन ने रूस की तेल रिफाइनरी पर किए हमले


**नई दिल्ली ।** यूक्रेन ने ड्रोन हमले कर रूस के अंदरुनी इलाके में तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया, जिससे उसमें आग लग गई और धुएं का गुबार देखा गया। वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गुरुवार को यह दावा किया। महत्वपूर्ण तेल उद्योग पर लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों से हमला करने की यह नवीनतम घटना है। वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कथित हमले का एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि ड्रोन ने रूस के अंदर 800 किलोमीटर से अधिक दूर स्थित सिज़रान तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया।

## डीआरआई की तस्करी नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई 120 करोड़ की 3 लाख ई-सिगरेट/वेप्स जब्त कीं

**एजेंसी । नई दिल्ली**



राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने देश में सक्रिय ई-सिगरेट की तस्करी करने वाले गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 120 करोड़ रुपए की 3 लाख ई-सिगरेट/वेप्स जब्त कीं है। यह जानकारी वित्त मंत्रालय द्वारा गुरुवार को दी गई। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने प्रतिबंधित निकोटीन उत्पादों के अवैध आयात के विरूद्ध एक बड़ी कार्रवाई में पिछले कुछ दिनों में महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली और पश्चिम बंगाल के कई बंदरगाहों, हवाई अड्डों और आईसीडी (सूचना नियंत्रण केंद्र) में चलाए गए अपने अभियानों में व्यापक स्तर पर ई-सिगरेट (वेप) तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इन प्रतिबंधित ई-सिगरेटों को हर बार चीन से मंगाया गया था और इन्हें "फर्नीचर" और "धातु की कुर्सी के पुर्जों" जैसी वस्तुओं में छिपाकर आयात किया गया था।



## ईरानी सांसद की धमकी, 'अगर हमला हुआ तो काट देंगे समुद्र के नीचे मौजूद इंटरनेट केबल'

**एजेंसी । तेहरान**

ईरान और अमेरिका के बीच अस्थायी संघर्षविराम जारी है। लंबे समय से समुद्र के नीचे से गुजरने वाले केबल्स के भविष्य को लेकर दुनिया के कई देश सशंकित है। इसकी एक वजह आईआरजीसी की वो धमकी भी है जो उसने अप्रैल में दी थी। गुरुवार को एक ईरानी सांसद महमूद नबावियन ने भी ऐसा ही कुछ दावा किया। उन्होंने कहा कि अगर ईरान के खिलाफ होर्मुज के खिलाफ कुछ किया गया तो हम समुद्र के नीचे से गुजरने वाली केबल काट देंगे। ईरान ने अभी तक समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट केबल्स को नुकसान नहीं पहुंचाया है, लेकिन उसने ऐसी कार्रवाई की चेतावनी जरूर दी थी। यह चेतावनी खास तौर पर फारस की खाड़ी और होर्मुज से गुजरने वाली फाइबर-ऑप्टिक केबल्स को लेकर दी गई। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने अमेरिका और पश्चिमी देशों के बढ़ते दबाव और पाबंदियों के जवाब में एक बयान जारी किया था।


# पीएम ने काशी और रोम के बीच समानता की चर्चा की

**एजेंसी । नई दिल्ली**

### लगाया एक 'एक पेड़ मां के नाम'



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेश लौट आए हैं। पांच दिवसीय विदेश यात्रा का आखिरी पड़ाव इटली था। यहां कार डिप्लोमेसी से लेकर दोस्ती के हल्के फुल्के 'मेलोडी' रंग भी दिखे। पीएम मोदी ने काशी और रोम के बीच की समानता का भी जिक्र किया। खास पल वो भी रहा जब पीएम मोदी और मेलोनी पौधारोपण किया। पर्यावरण दिवस (5 जून 2024) को शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानमंत्री कई देशों में पौधा लगा चुके हैं। माई जीओवी ने पीएम मोदी के इस अभियान के तहत देश-दुनिया में लगाए गए पौधों की क्लिप साझा की है। इसमें 2025 में वे इथोपिया, मालदीव, यूके, त्रिनिदाद एंड टुबैगो और मॉरीशस में पर्यावरण के प्रति अपना योगदान दे रहे हैं, तो नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस परिसर में मंगोलिया के राष्ट्रपति खुरेल्सुख उखना की मां की याद में पौधा लगाते दिखे। 2024 में पीएम ने गुयाना में इस अभियान के तहत पौधारोपण किया था। हाल ही में अपनी इतालवी समकक्ष मेलोनी के साथ पीएम मोदी ने रोम में इस अभियान को धार दी। उनके साथ मिलकर एक पौधा लगाया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने रोम में एक काला शहतूत का पौधा लगाया। भारत में 'कृष्ण तूत' के नाम से पहचाना जाने वाला यह पौधा अपने खान-पान, औषधीय और सांस्कृतिक महत्व के जरिए भारत और इटली को जोड़ता है। यह पौधा लगाना 'एक पेड़ मां के नाम' पहल की दिशा में एक और कदम है जो पर्यावरण के प्रति जागरूकता और टिकाऊ जीवन शैली को बढ़ावा देता है। पौधारोपण के पीछे एक संदेश भी छिपा है। ये स्थिरता, सांस्कृतिक जुड़ाव, और हरित भविष्य का प्रतीक बताई जाती है, वहीं सांस्कृतिक जुड़ाव जिसका पीएम मोदी ने इटली में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिक्र भी किया था। उन्होंने कहा कि रोम और काशी प्राचीन नगर हैं। रोम को विश्व में 'शाश्वत नगर' के रूप में जाना जाता है।



# देवासी हेम्ब्रम को विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल एयर गन राइफल शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में स्वर्ण पदक जीतकर देश और झारखंड का नाम रोशन करने वाली देवासी हेम्ब्रम को आज झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया। देवासी हेम्ब्रम झारखंड के जामताड़ा जिले के नाला क्षेत्र अंतर्गत कुंडहित की रहने वाली हैं। सम्मान समारोह के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें पारंपरिक शॉल ओढ़ाकर, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया तथा उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष ने देवासी के माता-पिता, परिजनों और उनके कोच को भी बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। रबींद्रनाथमहतो ने कहा कि देवासी ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की बेटियां खेल के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही हैं और देवासी की सफलता राज्य की युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव रंजीत कुमार भी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य करेंगे

# एक भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से नहीं छूटेगा : के. रवि कुमार

- राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया 20 जून से शुरू की जा रही है

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया 20 जून से शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक घर तक संबंधित मतदान केंद्र क्षेत्र के बीएलओ पहुंचकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निर्वाचन सदन से मीडिया के प्रतिनिधियों हेतु आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। के रवि कुमार ने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में 20 जून से 29 जून तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं आवश्यक मुद्रण कार्य किए जाएंगे। इसके बाद 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे और सत्यापन करेंगे जिसके बाद प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 5 अगस्त को होगा। इसके बाद 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। नोटिस पीरियड तथा दावों और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया 3 अक्टूबर तक चलेगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 अक्टूबर को किया जाएगा। इस विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में नए मतदाताओं के आवेदन दावा एवं आपत्तियां दर्ज करने के क्रम में बीएलओ द्वारा घर घर जाकर संकलित किए जाएंगे। जिन मतदाताओं से बीएलओ का संपर्क नहीं हो पाएगा, उनके लिए विशेष कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के सूची से नहीं हटाया जाएगा और लोगों को भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी।

के रवि कुमार ने कहा कि यह प्रक्रिया केवल भारतीय नागरिकों के लिए है और विदेशी नागरिक इसमें शामिल नहीं होंगे। उन्होंने मतदाताओं, कर्मियों, मीडिया के प्रतिनिधियों, सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए, से अपील करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करें ताकि राज्य की मतदाता सूची अधिक स्वच्छ समावेशी एवं त्रुटिरहित बन सके। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ट्रेनिंग नोडल देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर कार्यशाला, बाधाओं को दूर करने पर जोर

# 25 साल बाद राज्य में पेसा कानून लागू, अब बेहतर क्रियान्वयन की बारी : दीपिका पांडेय

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य में 25 साल के लंबे इंतजार के बाद पेसा कानून लागू कर दिया गया है। पारंपरिक ग्राम सभा को उनका अधिकार दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए गांव - गांव तक पेसा नियमावली के बेहतर एवं मजबूत क्रियान्वयन की आवश्यकता है। पेसा कानून के दायरे में आने वाले जिलों के अधिकारियों को इसके लिए अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा। ये बातें ग्रामीण विकास विभाग , ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन के एनेक्सी सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला के दौरान कही। कार्यशाला का आयोजन पंचायती राज विभाग द्वारा पेसा नियमावली के संबंध में किया गया था।

मंत्री ने कहा कि यह कानून मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा-निर्देश पर लागू किया गया है, जिनका सपना था कि राज्य में पारंपरिक ग्राम व्यवस्थाओं को प्राथमिकता मिले। उन्होंने कहा कि इस कानून को धरातल पर उतारने के लिए जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्य करना आवश्यक है। श्रीमती पांडेय ने बताया कि देश के 10 राज्यों में पेसा कानून लागू होना था, जिनमें झारखंड का कानून सबसे बेहतर और प्रभावी माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून को लेकर कुछ स्थानों पर भ्रम फैलाने की कोशिश हो रही है, ऐसे में सभी संबंधित लोगों को इसके प्रावधानों का गहन अध्ययन करना चाहिए। गांव के लोगों के हर सवालों और परेशानियों का जवाब पेसा नियमावली के पन्नों में दर्ज है। उन्होंने निर्देश दिया कि पारंपरिक व्यवस्था के तहत तीन महीने के भीतर ग्राम प्रधानों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आगे की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से लागू की जा सकें।

मंत्री ने कहा कि यह कानून पारंपरिक ग्रामसभाओं को सशक्त बनाने वाला है और विभागीय स्तर पर इसके सफल क्रियान्वयन के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पारंपरिक ग्राम प्रधान और राजस्व ग्राम प्रधान को समझने की जरूरत है। पारंपरिक तरीके से ही ग्राम सभा के जरिए ग्राम प्रधान के चयन को सुनिश्चित करना है ।

रांची में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला में पंचायती राज निदेशालय की निदेशक बी. राजेश्वरी ने कहा कि राज्य में पेसा कानून का लागू होना एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि इस कानून को लागू करने से पहले कई आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की गईं, लेकिन इसके क्रियान्वयन के दौरान विभिन्न प्रकार की चुनौतियां भी सामने आई हैं। इन बाधाओं को दूर करने के लिए निरंतर सुधार की प्रक्रिया जारी है। कार्यशाला में आयोजित तीन तकनीकी सत्र का मुख्य उद्देश्य इन समस्याओं का समाधान निकालना था, ताकि संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक कुशलता और प्रभावशीलता के साथ कार्य कर सकें। सत्र में परंपरागत ग्रामसभा की भूमिका, सामुदायिक भागीदारी, और सशक्तिकरण में प्रशासन की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके साथ ही शिक्षण एवं प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में परंपरागत स्वशासन को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। पेसा नियमावली के सभी तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्रतिभागियों को दी गई। कार्यशाला के दौरान अधिकारियों के बीच खुला संवाद भी हुआ, जिससे अनुभव साझा करने और बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में ठोस सुझाव सामने आए। कार्यशाला में विभिन्न जिला के उप समाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी उपस्थित रहे।

### स्थानीय लोगों तक इसकी जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचे : सचिव मनोज कुमार




रांची में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने कहा कि पेसा नियमावली लागू होने के बाद से ही इसे जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ,स्थानीय लोगों तक इसकी जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचे इसके लिए नियमावली का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद कराया गया है। सचिव ने जानकारी दी कि पेसा कानून के विभिन्न प्रावधानों को राज्यभर में प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 125 मास्टर ट्रेनरों को तैयार किया गया है, जो विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर जागरूकता बढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नियमावली के निर्माण और क्रियान्वयन के लिए कई विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। इस दिशा में निदेशक की अध्यक्षता में एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है, जो कानून के लागू होने में आने वाली बाधाओं का अध्ययन कर रही है। मनोज कुमार ने कहा कि पारंपरिक न्याय व्यवस्था का भी गहन अध्ययन किया जा रहा है, ताकि स्थानीय संदर्भों को ध्यान में रखते हुए नियमावली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने भरोसा जताया कि निरंतर प्रयासों से पेसा कानून का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

## नए आपराधिक कानूनों को लेकर डीजीपी ने की समीक्षा बैठक

# पुलिसिंग व्यवस्था को तकनीक सक्षम, पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर दिया जोर

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुसंधान की गुणवत्ता और तकनीक आधारित पुलिसिंग को मजबूत बनाने को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड डीजीपी तदाशा मिश्र ने की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक इसमें शामिल हुए।

बैठक में डीजीपी ने सभी जिलों में सीसीटीएनएस की उपलब्धता और लंबित डाटा इंट्री कार्यों की समीक्षा करते हुए इन्हें जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही अनुसंधान कार्यों के लिए आवश्यक मोबाइल फोन की खरीद प्रक्रिया की भी जानकारी ली गई। उन्होंने अनुसंधान पदाधिकारियों को डिजिटल साक्ष्यों के संग्रहण और ई-साक्ष्य पोर्टल पर साक्ष्यों की समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत अपलोडिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

डीजीपी तदाशा मिश्र ने कहा कि सभी मामलों का अनुसंधान 60 से 90 दिनों के भीतर पूरा करने की दिशा में काम किया जाए। समयबद्ध अनुसंधान से न्यायिक प्रक्रिया मजबूत होगी और आम जनता का पुलिस व्यवस्था पर विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और अनुसंधान की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

बैठक के दौरान धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा नए आपराधिक कानूनों और अनुसंधान प्रक्रिया को लेकर विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। डीजीपी ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि पुलिसिंग व्यवस्था को अधिक तकनीक सक्षम, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जाए, ताकि आम लोगों को त्वरित और बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराई जा सके।

समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक के अलावा पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण ए विजयालक्ष्मी, पुलिस महानिरीक्षक अभियान नरेंद्र कुमार सिंह, पुलिस उप-महानिरीक्षक बजट संध्यारानी मेहता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, एसएसपी और एसपी भी जुड़े रहे।

## राजीव रंजन की गिरफ्तारी मामले की न्यायिक जांच कराए सरकार : शीला

**रांची।** नगर निगम वार्ड संख्या 39 की पार्षद व धुर्वा क्षेत्र की समाजसेविका शीला देवी ने भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा व उनके पुत्र की गिरफ्तारी के मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने गुरुवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि श्री मिश्रा की गिरफ्तारी पूर्वाग्रह से ग्रसित है। उन्हें एक सोची समझी साजिश के तरह फर्जी मामले में फंसाया गया है। श्रीमती शीला ने इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक कमेटी गठित कर कराने की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस संबंध में गुरुवार को धुर्वा स्थित नगर निगम वार्ड संख्या 39 के कार्यालय में शंभू सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा की गिरफ्तारी की निंदा की गई। शंभू सिंह ने कहा कि एक षड्यंत्र के तहत श्री मिश्रा व उनके पुत्र को फंसाया गया है। उनकी गिरफ्तारी के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने से दूध का दूध और पानी का पानी हो सकेगा। बैठक में कार्तिक लाल शर्मा, जितेंद्र सिंह डब्लू, शिव शंकर पांडे, सुबोध सिंह सहित अन्य शामिल थे।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने मनाया शहादत दिवस, दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय मे मनाई गई। आज के दिन को कांग्रेसजनों के द्वारा उर्जा दिवस के रूप में याद किया जाता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी झारखंड की जनता को सदैव याद रहेंगे। देश में शांति और एकता को बहाल रखने के लिए अखंड भारत के सपनों को साकार रखने के लिए उनकी दी गई शहादत को देश सदैव याद रखेगा। झारखंड अलग राज्य के बिना यहां रहने वाले आदिवासियों एवं दूसरे समुदाय के लोगों का विकास संभव नहीं है,यह विचार राजीव गांधी ने गुमला, सिमडेगा और खूंटी की जनसभाओं में प्रकट किया था। राजीव गांधी अपने प्रधानमंत्रीत्व काल में योजनाओं में झारखंड के हितों को सर्वोपरि रखते थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए राजीव गांधी को महान स्वप्न द्रष्टा बताया एवं कहा कि स्व. गांधी का भारत को 21वीं सदी में ले जाने का जो प्रयास था उसकी एक मजबूत नींव उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान रखा था। भारत में कंप्यूटर युग की शुरुआत उन्हीं की देन है। वक्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के सत्ता विकेन्द्रीकरण का विस्तार से चर्चा की। राजीव गांधी का यह सपना था कि गांवों में बसने वाले भारत कायाकल्प तभी हो सकता है जब पंचायतों के माध्यम से चुने हुए जनप्रतिनिधियों के हाथों से सत्ता संचालित होगी। 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज शासन व्यवस्था में महिलाओं को आरक्षण जैसे कालजयी निर्णय देश के विकास में अपनी भूमिका निभा रहा है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से दयामणि बारला, अभिलाष साहू, राकेश सिन्हा, रविंद्र सिंह, विनय सिन्हा, दीपू लाल, किशोर नाथ शाहदेव, राजीव रंजन प्रसाद, सोनाल शांति, राजन वर्मा, आदित्य विक्रम जायसवाल, अमरेंद्र सिंह, सुरेन राम सुधीर, जगदीश साहू, रमाकांत आनंद, सुनील सिंह, कामेश्वर गिरी, अनिल उरांव, प्रोफेसर उदय प्रकाश समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

## सीएम से मिले कुलपति



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में साईं नाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

# लंबित मांगों को लेकर मनरेगा कर्मचारी जेएमएम के केंद्रीय महासचिव से मिले

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मनरेगा कर्मियों की लंबित मांगों ग्रेड पे, स्थाई समायोजन एवं सामाजिक सुरक्षा को लेकर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यभर के मनरेगा कर्मियों की समस्याओं एवं आंदोलन की वर्तमान स्थिति से उन्हें अवगत कराया।

वार्ता के दौरान केंद्रीय महासचिव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री के समक्ष मनरेगा कर्मियों की मांगों को सकारात्मक रूप से रखकर सहमति बनाने का प्रयास करेंगे। ज्ञात हो कि झारखंड के मनरेगा कर्मी अपनी वर्षों पुरानी मांगों को लेकर विगत 12 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। संघ का कहना है कि इससे पूर्व भी मनरेगा कर्मी कई बार लंबी अवधि तक आंदोलन एवं हड़ताल कर चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला और मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि मनरेगा कर्मी पिछले 18-19 वर्षों से अल्प मानदेय पर सेवा दे रहे हैं। बढ़ती महंगाई एवं असुरक्षित भविष्य के बीच कर्मियों के समक्ष गंभीर आर्थिक और सामाजिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक ग्रेड पे, स्थायीकरण एवं नौकरी की गारंटी संबंधी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

मौके पर प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष अनिरुद्ध पांडेय, प्रदेश महामंत्री विकास पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद नन्हें परवेज, प्रदेश सचिव मो. यासीन अंसारी, मनोज महतो, मो. युसूफ, रमेश बेक, अनवारुल हसन, संतोषी डुंगडुंग सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# पेज एक के शेष

### वंचितों के लिए...

**अन्य नेताओं ने भी की श्रद्धांजलि :** दुर्गा सोरेन स्मारक पर मुख्यमंत्री के अलावा कई जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, झामुमो महासचिव विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्या, जिला झामुमो के मुस्ताक अहमद सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

### उनके संघर्ष से...

हेमंत सोरेन ने जोर देकर कहा कि स्व. दुर्गा सोरेन जैसे मार्गदर्शक और संघर्षशील नेताओं के शहादत एवं अथक संघर्ष के कारण ही झारखंड राज्य हासिल हुआ। उन्होंने बड़े भाई को "कर्मठ एवं युवा नेता" बताते हुए उन पर गर्व व्यक्त किया।

### झारखंड के विवि...

राज्यपाल ने कहा कि जिस दिन झारखंड के विद्यार्थियों को यह महसूस होगा कि बेहतर शिक्षा के लिए उन्हें राज्य से बाहर जाने की जरूरत नहीं है, उसी दिन प्रयासों को सफल माना जाएगा। उन्होंने कुलपतियों से एकेडमिक लीडर्स की भूमिका निभाने की अपील करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों में नियमित कक्षाएं, समय पर परीक्षाएं और तय समय सीमा में परिणाम प्रकाशित होना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा में पारदर्शिता, जवाबदेही और शैक्षणिक उत्कृष्टता लाने के उद्देश्य से 'झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2026' लागू किया गया है। उन्होंने सभी कुलपतियों और विश्वविद्यालय पदाधिकारियों से नए कानून का गंभीरता से अध्ययन करने का आग्रह किया। राज्यपाल ने शोध, नवाचार, स्टार्टअप, कौशल आधारित शिक्षा और इंडस्ट्री लिंकज को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने वाले संस्थान न बनें, बल्कि कौशल विकास और नवाचार के केंद्र के रूप में विकसित हों।

**परिणाम आधारित शिक्षा पर ध्यान देना होगा : डॉ नितिन कुलकर्णी**

इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने कहा कि अब केवल चर्चा से काम नहीं चलेगा, बल्कि परिणाम आधारित शिक्षा पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को समाज और स्थानीय समस्याओं से जुड़कर शोध कार्य करना चाहिए। डॉ कुलकर्णी ने कहा कि आज के दौर में शिक्षकों को भी नई तकनीकों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अनुरूप खुद को लगातार अपडेट करना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों में तार्किक और विश्लेषणात्मक सोच विकसित करने की जरूरत पर बल दिया।

### 27 नक्सलियों का...

सरेंडर के दौरान नक्सलियों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी सुरक्षा बलों को सौंपे। इनमें एक एलएमजी इंसास, चार इंसास राइफल, नौ एसएलआर, एक बोल्ट एक्शन राइफल, एक पिस्टल, 31 मैगजीन, 2987 कारतूस और आठ वॉकी-टॉकी शामिल हैं। सुरक्षा बलों के लगातार अभियान और झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर मुख्यधारा में लौटने वालों में भाकपा माओवादी संगठन के सात सब जोनल कमांडर, सात एरिया कमांडर और 13 सक्रिय कैडर शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले प्रमुख इनामी नक्सलियों में गादी मुंडा उर्फ गुलशन, नागेंद्र मुंडा उर्फ प्रभात मुंडा, रेखा मुंडा उर्फ जयंती, सागेन आंगारिया उर्फ दोकोल और सुलेमान हांसदा उर्फ सुनी हांसदा के नाम शामिल हैं। जेजेएमपी संगठन के सचिन बेक ने भी हथियार डाल दिए। इनके अलावा दर्शन उर्फ बिंज हांसदा, करण तियू उर्फ डांगुर, बासुमती जेराई उर्फ बासू, बैजनाथ मुंडा, रघु कायम उर्फ गुणा, किशोर सिरका उर्फ दुर्गा सिरका और राम दयाल मुंडा समेत कई अन्य उग्रवादी भी मुख्यधारा में लौटे हैं। सरेंडर करने वाली महिला कैडरों में वंदना उर्फ शांति, सुनिता सरदार, सपना उर्फ सुरू कालुंडिया और अनिशा कोड़ा उर्फ रानी सहित कई नाम शामिल हैं।

### आम के पेड़...

एक साथ गांव के तीन युवकों की मौत से पूरे इलाके में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों ने युवाओं से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट पहनने और तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाने की अपील की है।

### छेड़छाड़ और यौन...

इसके खिलाफ एमके सिन्हा ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी याचिका खारिज करते हुए हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा और एक सप्ताह के भीतर निचली अदालत में सरेंडर करने का निर्देश दिया था। इसके बाद से वह जेल में बंद हैं।

### कावेरी रेस्टोरेंट के...

ऐसे में पूरे मामले को लेकर रहस्य बना हुआ है और पुलिस जांच में जुट गई है।

**2009 में लव भाटिया का हुआ था अपहरण :** लव भाटिया का नाम लगभग 17 साल पहले उस समय सुर्खियों में आया था, जब वर्ष 2009 में उनका अपहरण कर लिया गया था। वे मेन रोड स्थित पंजाब स्वीट हाउस बंद कर रात में घर लौट रहे थे, तभी अपराधियों ने उनका अपहरण कर लिया था। इस मामले में उनके पिता आशीष भाटिया ने लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। तत्कालीन एसएसपी प्रवीण सिंह ने हजारीबाग में एक एनकाउंटर के बाद उन्हें सकुशल बरामद किया था।

### नेतरहाट में अवैध...

बताया गया कि पूर्व में भी संबंधित पक्ष को नोटिस जारी कर जिला परिषद लातेहार, इको विकास समिति एवं अन्य विभागों से अनुमति-पत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। साथ ही जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य स्थगित रखने को कहा गया था। बुधवार को जांच के दौरान आवश्यक स्वीकृतियां स्पष्ट नहीं होने पर प्रशासन ने निर्माणाधीन होटल को एहतियातन सील कर दिया। साथ ही प्रशासनिक निर्देशों की अवहेलना एवं नियमों के उल्लंघन को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कार्रवाई निर्माणाधीन होटल परिसर पर की गई है, न कि किसी संचालित होटल को बंद किया गया है। जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य पूरी तरह बंद रहेगा।

# रांची पुलिस ने डी-कोर मॉल फायरिंग मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र स्थित डी-कोर मॉल में फायरिंग की घटना के बाद रांची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को 20 मई की रात करीब 10:50 बजे सूचना मिली थी कि डी-कोर मॉल परिसर में फायरिंग हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां पार्किंग क्षेत्र से एक कारतूस का खोखा बरामद किया गया। खोखे के पैंदे पर "एचपीएम 25.32" अंकित था। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि संतोष कुमार नामक व्यक्ति ने लोगों में भय और अशांति फैलाने के उद्देश्य से अपने लाइसेंसी हथियार से फायरिंग की थी। मामले में लालपुर थाना कांड संख्या 100/26 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता) की धारा 292 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27/30 के तहत कार्रवाई शुरू की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (नगर) के मार्गदर्शन और वरीय पुलिस उपाधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

# डोप टेस्ट पॉजिटिव आने पर खिलाड़ियों को अपराधी नहीं माना जाएगा



**एजेंसी । नई दिल्ली**

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने भारत के एंटी-डोपिंग कानूनी ढांचे में प्रस्तावित संशोधनों को परामर्श के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा है। इसका उद्देश्य संगठित डोपिंग गतिविधियों के लिए आपराधिक दंड लागू करना है और एथलीटों को सामान्य एंटी-डोपिंग उल्लंघनों के लिए आपराधिक अभियोजन से बचाना है। प्रस्तावित संशोधनों का उद्देश्य उस व्यापक इकोसिस्टम से निपटना है जो खेल में डोपिंग को संभव बनाता है।इसमें तस्कर, अवैध आपूर्तिकर्ता, संगठित सिंडिकेट और प्रतिबंधित पदार्थों तथा व्यावसायिक वितरण और प्रशासन में शामिल सहायक कर्मचारी शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार, प्रस्तावित ढांचा संगठित डोपिंग नेटवर्क से जुड़ी कई गतिविधियों को अपराध की श्रेणी में लाने का प्रयास करता है। इनमें प्रतिबंधित पदार्थों और तस्करी के तरीकों, अनाधिकृत बिक्री या वितरण, डोपिंग के उद्देश्य से एथलीटों को प्रतिबंधित पदार्थों का प्रशासन, नाबालिगों को ऐसे पदार्थों की आपूर्ति, डोपिंग से संबंधित संगठित व्यावसायिक गतिविधियां, निर्धारित लेबलिंग के बिना प्रतिबंधित पदार्थों की बिक्री, और डोपिंग प्रथाओं को बढ़ावा देने वाले विज्ञापन या सशुल्क प्रचार शामिल हैं।

मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि एथलीटों को केवल टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने या एंटी-डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने मात्र पर आपराधिक अभियोजन का सामना नहीं करना पड़ेगा, जब तक कि वे तस्करी या संगठित डोपिंग अभियानों जैसे अपराधों में सीधे तौर पर शामिल न पाए जाएं। मंत्रालय ने कहा, "एथलीटों द्वारा एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघनों से मौजूदा एंटी-डोपिंग ढांचे के तहत ही निपटा जाता रहेगा। प्रस्तावित परिवर्तनों का उद्देश्य खेल के क्षेत्र में और उसके आसपास सक्रिय आपराधिक नेटवर्कों के खिलाफ कार्रवाई को मजबूत करना है। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि स्वच्छ एथलीटों को आपराधिक कानून के प्रावधानों के तहत अनुचित रूप से निशाना न बनाया जाए।

## वनडे विश्व कप 2025 में चैंपियन बनना एक बड़े सफर की शुरुआत थी

# हम जीत को हर हाल में आदत बनाना चाहते हैं : हरमनप्रीत

**एजेंसी । नई दिल्ली**



**हरमनप्रीत कौर बोलीं- जीत को आदत बनाना चाहती है टीम इंडिया :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर r ने कहा है कि वनडे विश्व कप 2025 जीतने के बाद टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है और अब भारतीय टीम जीत को अपनी आदत बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह खिताबी जीत भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक नई और बड़ी यात्रा की शुरुआत है।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वनडे विश्व कप 2025 जीतने के बाद टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है और अब टीम जीत को अपनी आदत बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि वनडे विश्व कप 2025 में चैंपियन बनना भारतीय महिला क्रिकेट टीम की एक बड़ी यात्रा की शुरुआत है। कौर ने अपने आईसीसी कॉलम में लिखा, "उस विश्व कप को जीतना भारत में महिला क्रिकेट के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण पल था। यह सिर्फ एक ट्रॉफी से कहीं बढ़कर था। सबसे जरूरी बात यह है कि इसने हमारे अंदर आत्मविश्वास जगाया और युवा लड़कियों को यह दिखाया कि खेल के सबसे ऊंचे मुकाम तक पहुंचना नामुमकिन नहीं है। उन्होंने आगे कहा, "महिला विश्व कप 2025 की जीत ने हमारे आत्मविश्वास को जबरदस्त बढ़ावा दिया है। हालांकि, यह तो बस शुरुआत है। हम जीत को अपनी आदत बनाना चाहते हैं। 2025 विश्व कप की जीत ने हमें जहां बेहिसाब खुशी दी, वहीं इसने हमें एक बड़ी जिम्मेदारी भी सौंपी है। हम जानते हैं कि अब लोगों की उम्मीदें बढ़ेंगी। इससे हम पर दबाव भी आएगा, लेकिन यह एक 'अच्छा' दबाव है। यह हमें याद दिलाता है कि हमने कुछ बहुत ही खास हासिल किया है। अब हमें उस सफलता को एक बार फिर दोहराना है। कौर ने कहा, "हम उस जीत से मिले आत्मविश्वास और भरोसे को टी20 विश्व कप में भी अपने साथ आगे ले जाना चाहेंगे। हम अच्छी तरह जानते हैं कि हमें किस स्तर का प्रदर्शन बनाए रखना है।

श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में खेली गई टी20 सीरीज ने हमें खुद को परखने और बहुत कुछ सीखने का बेहतरीन मौका दिया है। टी20 में सफलता के लिए गलतियों की गुंजाइश बहुत कम होती है। कुछ गेंदों में मैच का रुख बदल सकता है। महिला टी20 विश्व कप 2026 को लेकर कौर ने लिखा, "हर आईसीसी ट्रॉफी की अपनी चुनौती होती है। यह फॉर्मेट छोटा होता है। जीत-हार का अंतर बहुत कम होता है। दबाव बहुत ज्यादा होता है। हमें शुरू से ही चौकन्ना रहना होगा, और मैच के अहम पलों में जीत हासिल करनी होगी। इस टूर्नामेंट को जीतना हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। भारतीय कप्तान ने कहा, "अगर हम यह टूर्नामेंट जीतते हैं, तो यह भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक मजबूत और लगातार सफलता वाले दौर की शुरुआत का संकेत होगा। टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। हरमन ने कहा कि इस टीम के बारे में जो बात मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित करती है, वह है टीम का संतुलन। इसमें प्रतिभा है, निडरता है। अनुभव और युवा जोश का एक बेहतरीन मेल है। इसका बहुत सारा श्रेय महिला प्रीमियर लीग को जाता है। लीग की वजह से असली प्रतिभा सामने आई है और खिलाड़ियों को दबाव वाली स्थितियों, ऊंचे मानकों और दुनिया के कुछ बेहतरीन क्रिकेटरों के साथ खेलने का नियमित अनुभव दिया है। खिलाड़ियों में अब ज्यादा परिपक्वता आ गई है।

# एशिया कप के लिए भारतीय हॉकी टीम में एनटीएचए के दो खिलाड़ी चयनित

**नवीन मेल संवाददाता**



**जमशेदपुर।** नवल टाटा हॉकी अकादमी (एनटीएचए) के दो कैडेट्स आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय का चयन आगामी मेंस अंडर-18 एशिया कप 2026 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 29 मई से 6 जून तक जापान के काकामिगाहारा में आयोजित होगी। हाल ही में 15 से 20 मई तक भोपाल में आयोजित भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 द्विपक्षीय श्रृंखला के बाद भारतीय टीम की अंतिम 18 सदस्यीय टीम घोषित की गई। इस श्रृंखला में एनटीएचए के तीन कैडेट्स, जिनमें जयसन कंडुलना भी शामिल थे, प्रारंभिक 24 सदस्यीय संभावित टीम का हिस्सा बने थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में डिफेंस में आशीष तानी पूर्ति और मिडफील्ड में प्रेमचंद सोय के शानदार प्रदर्शन के आधार पर दोनों खिलाड़ियों को भारतीय टीम में जगह मिली। इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए एनटीएचए के प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत सिंह राव ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, रणनीतिक समझ और मेहनत से अकादमी तथा झारखंड का नाम रोशन किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जापान में होने वाले एशिया कप में दोनों खिलाड़ी भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे। जमशेदपुर स्थित नवल टाटा हॉकी अकादमी अत्याधुनिक हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर के रूप में खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, खेल विज्ञान और बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर भारतीय हॉकी के भविष्य को मजबूत बनाने में जुटी है।

# फीफा वर्ल्ड कप : मोहम्मद सालाह मिस्र की 27 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में शामिल

**काहिरा ।** मिस्र के फुटबॉल एसोसिएशन ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए 27 खिलाड़ियों की एक प्रारंभिक टीम घोषित की है। कोच होसाम हसन की इस टीम में मोहम्मद सालाह, उमर मारमोश, ट्रेजेगुएट और मोहम्मद अब्देलमोनेम जैसे जाने-माने सितारों का एक मुख्य ग्रुप है। यह टीम 28 मई को रूस के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेलेगी, जिसके लिए इस प्रारंभिक टीम के 27 खिलाड़ियों में से सिर्फ 26 खिलाड़ियों को चुना जाएगा।

# रणजी ट्रॉफी के टॉप बल्लेबाज और गेंदबाज को अफगानिस्तान टेस्ट में नहीं मिला मौका

## बीसीसीआई का यह कदम खिलाड़ियों को निराश कर सकता है

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अक्सर हमें सुनने को मिलता है कि टीम इंडिया में जगह बनाने के लिए खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। घरेलू क्रिकेट में श्रेष्ठ प्रदर्शन ही खिलाड़ियों के लिए भारतीय टीम का दरवाजा खोलेगी। बीसीसीआई ने भारतीय टीम में स्थापित खिलाड़ियों को भी खाली समय में घरेलू क्रिकेट खेलने का निर्देश दिया है। इसी वजह से हमने बीते रणजी सीजन में रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल, और रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों को भी अपनी घरेलू टीम के लिए खेलते देखा था। अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए भारतीय टीम की घोषणा के बाद बीसीसीआई के दावे की पोल खुल गई है। बीसीसीआई की चयन समिति ने रणजी ट्रॉफी (2025-26) में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और विकेट लेने वाले खिलाड़ी को मौका देना तो दूर, उनके नाम की चर्चा तक करना मुनासिब नहीं समझा।

रणजी ट्रॉफी को भारतीय घरेलू क्रिकेट की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का सम्मान प्राप्त है। रणजी ट्रॉफी में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भारतीय टीम के लिए तैयार माना जाता है। बीसीसीआई भी रणजी के प्रदर्शन को टीम इंडिया में चयन का पैमाना मानती है, लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए टीम इंडिया के चयन में बीसीसीआई ने रणजी ट्रॉफी (2025-26) में गेंद और बल्ले से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नजरअंदाज किया है, जो निराशाजनक है। रणजी ट्रॉफी (2025-26) में जम्मू-कश्मीर के 29 साल के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने अपने प्रदर्शन से क्रिकेट प्रशंसकों और आलोचकों को प्रभावित किया था। जम्मू-कश्मीर को पहली बार रणजी ट्रॉफी का चैंपियन बनाने में यादगार और ऐतिहासिक भूमिका निभाने वाले नबी ने सीजन के 10 मैचों की 17 पारियों में 60 विकेट लिए थे।

# गौरव सिंह मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**



रांची जिला क्रिकेट संघ से पंजीकृत एवं रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में साउथ रेलवे कॉलोनी मैदान में आयोजित तीसरे संस्करण गौरव सिंह मेमोरियल अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी ने अचीवर्स क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। खिलाड़ियों ने दिवंगत युवा क्रिकेटर गौरव सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शानदार खेल भावना का परिचय दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष श्री अजय नाथ शाहदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में वार्ड सदस्य आरती कुमारी, रांची जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष सह क्रिकेट प्रशिक्षक सौमित्र पटनायक, क्रिकेट प्रशिक्षक अनिसुर रहमान, पूर्व रणजी खिलाड़ी कौशल कुमार, एयू बैंक के क्लस्टर हेड आनंद कुमार, उत्तम कुमार, अमरेंद्र कुमार तथा सरला बिरला विश्वविद्यालय के खेल पदाधिकारी सुभाष शाहदेव शामिल रहे। अपने संबोधन में श्री अजय नाथ शाहदेव ने गौरव सिंह के क्रिकेट जीवन, अनुशासन, समर्पण और खेल भावना का उल्लेख करते हुए युवा खिलाड़ियों से उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट राज्य के उभरते क्रिकेटरों के लिए एक बड़ा मंच साबित होगा। उन्होंने प्रतियोगिता के लाइव प्रसारण की भी प्रशंसा की और कहा कि इससे खिलाड़ियों एवं अभिभावकों को प्रदर्शन का विश्लेषण करने का अवसर मिला।

फाइनल मैच में अचीवर्स क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 145 रन बनाए। टीम की ओर से आदित्य ने शानदार 62 रन जबकि यश ने 25 रनों का योगदान दिया। रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से वेदांश और सौरव ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि उत्सव और बॉबी को 1-1 सफलता मिली। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.2 ओवर में 3 विकेट खोकर 149 रन बना लिए और मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से अभिज्ञान सिंह ने शानदार 74 रनों की मैच विजयी पारी खेली, जबकि आकाशत ने 28 रन बनाए। अचीवर्स क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य ने 2 विकेट लिए। फाइनल मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अभिज्ञान सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले अचीवर्स क्रिकेट क्लब के आदित्य प्रसाद को मैन ऑफ द सीरीज, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी के अभिज्ञान सिंह को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर, वेदांश पांडेय को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक तथा सौरव कुमार को उभरता खिलाड़ी घोषित किया गया। विजेता रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी की टीम को ट्रॉफी के साथ 20 हजार रुपये तथा उपविजेता अचीवर्स क्रिकेट अकादमी को ट्रॉफी के साथ 10 हजार रुपये की नगद पुरस्कार राशि मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर रांची में क्रिकेट को बढ़ावा देने वाले 21 प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। साथ ही अंपायर प्रशांत कुमार, वासिद खान, शिवम कुमार और सुभाष यादव तथा स्कोरर मनीष कुमार, आकाशदीप चौधरी एवं मनीष पांडे को भी सम्मानित किया गया। वीडियो विश्लेषक के रूप में कुणाल कुमार सिंह, आयुष आर्यन, आकाश कुमार सिंह एवं पिंटू कुमार को विशेष सम्मान दिया गया।

पूरे टूर्नामेंट में 16 टीमों के लगभग 240 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में रेलवे यूथ स्पोर्ट्स अकादमी के मनीष कुमार, आकाशदीप चौधरी, अमर ज्योति, सुभाष यादव, शिवम कुमार, मनीष पांडे, आयुष आर्यन, अनुराग, विमल कुमार, प्रियांशु केसरी एवं कुणाल कुमार सिंह सहित आयोजन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना और उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया, जिसकी खेल प्रेमियों एवं दर्शकों ने भरपूर सराहना की।

## व्यापार/लाइफ व साइंस


## रुपए में गिरावट पर सरकार की नजर, कई आर्थिक कदमों पर विचार

# अमेरिकी मुख्य वार्ताकार अगले महीने करेंगे भारत का दौरा : पीयूष गोयल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए के 96 के स्तर तक कमजोर होने पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि सरकार पूरी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी विभाग मिलकर टीम की तरह काम कर रहे हैं और कई आर्थिक कदमों पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन भारत के पास मजबूत इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास है। गोयल ने भरोसा जताया कि भारत इस कठिन दौर से भी विजेता बनकर बाहर निकलेगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि अमेरिका के मुख्य वार्ताकार अगले महीने भारत दौरे पर आएंगे। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत लगातार वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है और दुनिया भारत की आर्थिक क्षमता को गंभीरता से देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त राष्ट्र की संस्था फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन (एफएओ) के सर्वोच्च सम्मान 'एग्रीकोला मेडल' से सम्मानित किए जाने पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और देश का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। केंद्रीय मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए आगे कहा कि भारत के पास अपार क्षमता है और हर भारतीय में इतनी ताकत है कि मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश के लोगों में किसी तरह का डर या कमजोरी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया विदेश यात्रा बेहद सफल रही, जहां उन्हें तीन बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिले। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एफएओ का यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के किसानों के लिए बड़े स्तर पर काम किया है और वह किसानों के लिए किसी मसीहा की तरह उभरे हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में किए गए सुधारों और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों को अब वैश्विक स्तर पर भी पहचान मिल रही है। पीयूष गोयल ने देशवासियों से आयात पर निर्भर उत्पादों के इस्तेमाल और खर्च को लेकर अधिक सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशहित में जो अपील की है, उसे हर भारतीय गंभीरता से ले रहा है और अपने छोटे-बड़े प्रयासों से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें हर उस भारतीय पर गर्व है, जिसने प्रधानमंत्री की अपील को दिल से अपनाया और देश को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाई।



# भारत का चाय निर्यात बीते 12 वर्षों में 93 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** भारत का चाय निर्यात बीते 12 वर्षों में वित्त वर्ष 2025-26 तक 93 प्रतिशत बढ़कर 8,719 करोड़ रुपए रहा है, जो कि वित्त वर्ष 2013-14 में 4,509 करोड़ रुपए था। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ओर से गुरुवार को दी गई। अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस के अवसर पर भारतीय चाय की बढ़ती वैश्विक अपील का जिक्र करते हुए, गोयल ने चाय को एक भावना बताया और कहा कि यह देश के दैनिक जीवन, संस्कृति और परंपराओं में गहराई से समाहित है। गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "चाय एक भावना है और अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस पर इसे व्यक्त करने का इससे बेहतर तरीका और क्या हो सकता है! पूरे भारत में, चाय सिर्फ एक पेय पदार्थ नहीं है, बल्कि यह रोजमर्रा की जिंदगी, बातचीत और परंपराओं का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने आगे कहा, "दार्जिलिंग की पहाड़ियों से लेकर असम की घाटियों और नीलगिरी के बागानों तक, हर क्षेत्र चाय के एक कप में अपना अनूठा स्वाद, सुगंध और विशेषता जोड़ता है! मंत्री ने कहा कि गुणवत्ता मानकों में सुधार और देश की समृद्ध चाय विरासत को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों के चलते भारतीय चाय ने वर्षों से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति को लगातार मजबूत किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "गुणवत्ता मानकों में सुधार और भारतीय चाय बोर्ड द्वारा भारत की समृद्ध चाय विरासत को विश्व के सामने प्रदर्शित करने के निरंतर प्रयासों के चलते भारतीय चाय ने वर्षों से वैश्विक बाजारों में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया है। इस बीच, पिछले वर्ष गोयल ने बताया था कि संगठित क्षेत्र में भारतीय चाय उद्योग लगभग 12 लाख श्रमिकों को रोजगार प्रदान करता है, जिनमें से लगभग 58 प्रतिशत महिलाएं हैं। गोयल ने जून 2025 में एक्स पर पोस्ट किया था, "महिलाएं भारत के चाय क्षेत्र के विकास का नेतृत्व कर रही हैं। हमारा देश अपनी सुगंधित चाय और निर्यात में लगातार वृद्धि के साथ वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।

# कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते लाल निशान में बंद हुआ बाजार सेंसेक्स 135 अंक फिसला

**मुंबई ।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों के बीच कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते गुरुवार के कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। दिन के कारोबार में निफ्टी50 और सेंसेक्स में गिरावट दर्ज की गई, क्योंकि आईटी और एफएमसीजी शेयरों पर दबाव बना रहा। इस दौरान, निफ्टी50 4.30 अंक या 0.02 प्रतिशत गिरकर 23,654.70 पर बंद हुआ, तो वहीं सेंसेक्स 135.03 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 75,183.36 पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 75,732.42 पर खुलकर 75,945.79 का इंट्रा-डे हाई और 74,996.78 का लो बनाया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,830.05 पर खुलकर 23,859.90 का दिन का हाई और 23,596.60 का लो बनाया। व्यापक बाजारों में, निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.63 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जबकि निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखने को मिली। वहीं सेक्टरवार देखें तो, निफ्टी एफएमजीसी, निफ्टी आईटी और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। वहीं, निफ्टी रियल्टी और निफ्टी सीमेंट ने बेहतर प्रदर्शन किया।

# सीआईआईआई और साइप्रस चैंबर ऑफ कॉमर्स के बीच रणनीतिक समझौता

## व्यापार और निवेश सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

**एजेंसी । मुंबई**



देश के प्रमुख उद्योग संगठन सीआईआईआई ने गुरुवार को साइप्रस चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (सीसीसीआई) के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में हुआ। सीआईआईआई-सीसीसीआई एमओयू का उद्देश्य भारतीय और साइप्रस के उद्योगों के बीच निवेश प्रोत्साहन, संयुक्त उपक्रम, व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल, ट्रेड फेयर और विभिन्न क्षेत्रों पर केंद्रित सहयोग को मजबूत करना है।

मुंबई में आयोजित साइप्रस-इंडिया बिजनेस फोरम में साइप्रस गणराज्य के परिवहन और संचार मंत्री एलेक्सिस वाफेडेस और रिसर्च, इनोवेशन एवं डिजिटल पॉलिसी के उप मंत्री निकोडेमोस डामियानू भी मौजूद रहे। इसी दौरान एक अन्य महत्वपूर्ण समझौते के तहत सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) ने साइप्रस डिफेंस एंड स्पेस इंडस्ट्री क्लस्टर (सीआईडीएससी) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य रक्षा निर्माण, एयरोस्पेस इनोवेशन, ड्यूल-यूज टेक्नोलॉजी और औद्योगिक सहयोग को मजबूत करना है। इन समझौतों का मकसद व्यापारिक संबंधों, उद्योगों के बीच आदान-प्रदान और टेक्नोलॉजी साझेदारी को बढ़ावा देना है। साथ ही रक्षा और रणनीतिक क्षेत्रों में नए सहयोग के अवसर तैयार करना भी इसका हिस्सा है।

# देश में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार: सरकारी अधिकारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है और लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति भी सामान्य बनी हुई है। यह जानकारी एक सरकारी सूत्र (सरकारी अधिकारी) के हवाले से गुरुवार को दी गई है। कई पेट्रोल पंप द्वारा ईंधन न देने या सीमित मात्रा में देने पर सरकारी सूत्रों ने आगे बताया कि ऐसे पेट्रोल पंप्स पर सीमाओं को हटाने को लेकर कार्य किया जा रहा है। इससे अलावा, कुछ पेट्रोल पंप पर ईंधन की अचानक मांग बढ़ने पर सूत्रों ने बताया कि इसके पीछे तीन बड़े कारण हैं। इसमें पहला कारण फसल कटाई का मौसम होना है, जिसके चलते डीजल की मांग बढ़ जाती है। दूसरा निजी ईंधन कंपनियों की ओर से पेट्रोल-डीजल की ऊंची कीमतें चार्ज करना है, जिससे ग्राहक सरकारी कंपनियों की तरफ शिफ्ट हो रहे हैं। इसकी वजह संस्थागत/कमर्शियल ईंधन से उपभोक्ताओं का शिफ्ट होना है, जिसकी कीमतें अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों के अनुरूप तय की जाती हैं, जो कि अभी 20 रुपए प्रति लीटर तक अधिक हैं। इसके अलावा सूत्रों ने बताया कि सरकार ने रूसी कच्चे तेल की खरीद में कोई कमी नहीं की है। इससे पहले, सरकारी तेल कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के डायरेक्टर फाइनेंस वीआरके गुप्ता ने बुधवार को कहा था कि मध्य पूर्व संकट के बीच कंपनी रूस से कच्चे तेल की खरीद बढ़ रही है और मौजूद समय में कंपनी के कुल आयात में रूसी कच्चे तेल की हिस्सेदारी करीब 41 प्रतिशत पहुंच गई है, जो कि वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च) में 31 प्रतिशत थी।

मीडिया से बातचीत में गुप्ता ने बताया कि मध्य पूर्व में तनाव के चलते कंपनी ने विविध स्त्रोतों विशेषकर रूस से कच्चे तेल की खरीद को बढ़ाया है। इससे पहले वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर से दिसंबर 2025) में कंपनी के आयात बास्केट में रूसी कच्चे तेल की हिस्सेदारी करीब 25 प्रतिशत थी।